# आरआईएस | वार्षिक रिपोर्ट 2013 – 14

## –अंतर्राष्ट्रीय विकास कार्यसूची को स्वरूप प्रदान करने के लिए नीतिगत अनुसंधान



आरआईएस
विकासशील देशों की अनुसंधान
एवं सूचना प्रणाली

# आरआईएस

विकासशील देशों का
थिंक टेंक

विकासशील देशों के लिए अनुसंधान एवं सूचना प्रणाली (आरआईएस), नई दिल्ली स्थित एक स्वायत्तशासी नीतिगत अनुसंधान संस्थान हैं जोकि अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक विकास, व्यापार, निवेश एवं प्रौद्योगिकी से संबंधित मामलों में विशेषज्ञ है। आरआईएस प्रभावशाली नीतिगत वार्ता को बढ़ावा देने एवं वैश्विक एवं क्षेत्रीय आर्थिक मामलों के संबंध में विकासशील देशों में क्षमता निर्माण के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है।

आरआईएस की कार्य योजना का मुख्य केन्द्र बिन्दु दक्षिण दक्षिण सहयोग को बढ़ावा देना और विभिन्न मंचों पर बहुपक्षीय बातचीत में विकासशील देशों के साथ समन्वय करना है। आरआईएस क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग के कई प्रयासों की अंत: सरकारी प्रक्रियाओं में कार्यरत है। आरआईएस अपने विचारकों के गहन नेटवर्क के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक मामलों एवं विकास भागीदारी के कैनवस से संबंधित नीतिगत सुसंगतता को सुदृढ़ करता है।

आरआईएस एवं इसकी कार्ययोजना के संबंध में और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए कृपया इसकी वेबसाइट www.ris.org.in देखें।

**– अंतर्राष्ट्रीय विकास कार्यसूची को स्वरूप प्रदान करने के लिए नीतिगत अनुसंधान**


**आरआईएस**
**विकासशील देशों की अनुसंधान एवं सूचना प्रणाली**
कोर 4-बी, चौथा तल, भारत पर्यावास केन्द्र, लोधी रोड,
नई दिल्ली - 110 003, भारत
दूरभाष: 91-11-24682177-80 फैक्स: 91-11-24682173-74
ई-मेल: dgoffice@ris.org.in वेबसाइट: http://www.ris.org.in

# विषय वस्तु


| | | |
|---|---|---|
| *अध्यक्ष का संदेश* | | iii |
| *महानिदेशक की रिर्पोट* | | v |
| I | नीतिगत अनुसंधान | 1 |
| II | नीतिगत परामर्शी सेवाएं | 27 |
| III | नीतिगत वार्ता की संवृद्धिः सम्मेलन, संगोष्ठी एवं कार्यशालाएँ | 29 |
| IV | क्षमता निर्माण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम | 54 |
| V | प्रकाशन कार्यक्रम | 58 |
| VI | आकंड़ा एवं सूचना केंद्र | 68 |
| VII | मानवसंसाधन | 72 |
| VIII | वित्तीय विवरण | 79 |

# आरआईएस संचालन परिषद

**अध्यक्ष**

**राजदूत श्याम सरन**
पूर्व विदेश सचिव
विदेश मंत्रालय

**उप–अध्यक्ष**
**राजदूत वी.एस. शेषाद्री**

***पदेन सदस्य***

**श्रीमति सुजाता सिंह**
विदेश सचिव, विदेश मंत्रालय

**श्री राजीव खेर**
वाणिज्य सचिव
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

**डॉ. अरविंद मायाराम**
सचिव
आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय

**प्रोफेसर के. विजय राघवन**
सचिव (अतिरिक्त प्रभार)
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय

**सुश्री सुजाता मेहता**
सचिव (ईआर एव डीपीए)
विदेश मंत्रालय

***अपदेन सदस्य***

**प्रोफेसर बी बी भट्टाचार्य**
पूर्व उपकुलपति
जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय

**डॉ. दीपक नायर**
पूर्व उपकुलपति
दिल्ली विश्वविद्यालय

**कमोडोर सी उदय भास्कर**, वीएसएम
वरिष्ठ फैलो
राष्ट्रीय समुद्री फाउंडेशन

***सदस्य सचिव* (पदेन)**

**प्रोफेसर विश्वजीत धर**
महानिदेशक (30 मई 2014 तक)

**प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी**
महानिदेशक (10 सितंबर 2014 से)

# अनुसंधान सलाहकार परिषद

**अध्यक्ष**
**डॉ0 सुदीप्तो मंडल**
सदस्य
राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग

**सदस्य**

**राजदूत ए एन राम**
पूर्व सचिव, विदेश मंत्रालय

**राजदूत श्याम सरन**
पूर्व विदेश सचिव, विदेश मंत्रालय

**प्रोफेसर एन एस सिद्धार्धन**
मानद प्रोफेसर
मद्रास स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स

**प्रोफेसर पुलिन बी नायक**
दिल्ली स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स

**राजदूत एस टी देवारे**
पूर्व सचिव, विदेश मंत्रालय

***पदेन सदस्य***

**श्री चरणजीत सिंह**
संयुक्त सचिव (एमईआर)
विदेश मंत्रालय

**संयोजक**

**प्रोफेसर विश्वजीत धर**
महानिदेशक (30 मई 2014 तक)

**प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी**
महानिदेशक (10 सितंबर 2014 से)

# अध्यक्ष का संदेश



**राजदूत श्याम सरन**
पूर्व विदेश सचिव, विदेश मंत्रालय

विकासशील देशों का एक महत्वपूर्ण विचारक होने के कारण आरआईएस सदैव दक्षिण–दक्षिण सहयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत रहा है। इस प्रयास के एक भाग के रूप में संस्थान द्वारा 'दक्षिण–दक्षिण सहयोग के लिए दक्षिणी प्रबंधक : मामले एवं उभरती हुई चुनौतियाँ' तथा 'भारतीय विकास सहयोग नीति : वाद–विवाद की स्थिति' विषयों पर सम्मलेन भी आयोजित किए गए थे। आरआईएस–एफआईडीसी (भारतीय विकास सहयोग मंच) सम्मेलन की मासिक श्रंखला इस दिशा में एक और महत्वपूर्ण प्रयास है।

क्षेत्रीय सहयोग के क्षेत्र में संस्थान द्वारा आसियान–भारत आर्थिक एकीकरण को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका का निवर्हन किया गया। इस संदर्भ में आरआईएस में एक आसियान–भारत केन्द्र भी स्थापित किया गया है जोकि केवल इसी दिशा में ही कार्यरत है। आरआईएस द्वारा आसियान–भारत केन्द्र के उदघाटन भाषण के आयोजन के साथ–साथ वियनटियाने, लाओ पीडीआर में विचारकों के एक आसियान–भारत नेटवर्क के द्वितीय गालमेज सम्मेलन का आयोजन भी किया गया था। भारत एवं आसियान देशों के बीच संपर्क को बढ़ाने के लिए विभिन्न अध्ययन किए गए। क्षेत्रीय सहयोग के लिए जिन क्षेत्रों में आरआईएस द्वारा अध्ययन किए जा रहे हैं उनमें आईबीएसए (भारत, ब्राजील एवं दक्षिण अफ्रीका), ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन एवं दक्षिण अफ्रीका), टीपीपी (प्रशांत पार भागीदारी करार), आईओआरए (भारतीय समुद्री रिम परिसंघ) एवं भारत–कोमेसा (पूर्वी एवं दक्षिणी अफ्रीका के लिए सामान्य बाजार) शामिल हैं। बहुपक्षीय स्तर पर अन्य मुद्दों के साथ–साथ डब्लयूटीओ, वैश्विक आर्थिक संकट, अंतर्राष्ट्रीय अनुदान संरचना, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में वैश्विक आचार नीति, सेवाओं के व्यापार में बहुपार्श्विक करार, अभिगम एवं लाभ सहभागिता के कार्यान्वयन पर भी विचार–विमर्श किया गया।

आरआईएस ने अन्य प्रमुख संगठनों के साथ संयुक्त रूप से विभिन्न मुख्य कार्यक्रमों का आयोजन किया। इसके अतिरिक्त, संकाय सदस्यों ने देश–विदेश में आयोजित विभिन्न सम्मेलनों, कार्यशालाओं एवं संगोष्ठियों में भाग लिया और उनमें अपना महत्वपूर्ण योगदान

प्रदान किया। संकाय सदस्यों ने आरआईएस में अपने निर्धारित कार्य के अतिरिक्त, नीतिगत अनुसंधान साहित्य में भी अपना योगदान प्रदान किया। इस प्रकार से पूर्व की भांति भविष्य में भी आरआईएस एक ज्ञान केन्द्र के रूप में अपनी पहचान बनाता हुआ कई उपलब्धियाँ हासिल करेगा।

मैं इस अवसर पर आपको आरआईएस के नए महानिदेशक प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी का परिचय देना चाहता हूँ। मैं आश्वस्त हूँ कि प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी आरआईएस की कार्ययोजना में नई गतिशीलता लांएगे जिससे कि यह संस्थान उनके मार्गनिर्देशन में अपने उद्देश्यों एवं लक्ष्यों को पूरे उत्साह के साथ प्राप्त करने में कार्यरत रहेगा।

**श्याम सरन**

# महानिदेशक की रिपोर्ट

**प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी**
**महानिदेशक**

पिछले वर्षों के दौरान आरआईएस के अनुसंधान कार्यक्रम में मुख्यतः चार प्रमुख क्षेत्रों पर बल दिया गया था। उन क्षेत्रों में वैश्विक आर्थिक मामले एवं दक्षिण–दक्षिण सहयोग, व्यापार, निवेश एवं आर्थिक सहयोग, संयोजकता एवं क्षेत्रीय सहयोग तथा नई प्रौद्योगिकियाँ एवं विकास संबंधी मामले शामिल थे। कुछ नए विषयों को शामिल करने के साथ आरआईएस द्वारा विकासशील देशों के विचारकों के समक्ष कुछ नए मुद्दे प्रस्तुत किए गए हैं जोकि इन देशों के समक्ष नीतिगत निरूपण प्रक्रिया के दौरान मुख्य चुनौती के रूप में सामने आते हैं। हमारा प्रयास इस अंतर्राष्ट्रीय विकास कार्यक्रम के निरूपण में नीतिगत अनुसंधान करना है।

इन व्यापक विषयों के अंतर्गत आरआईएस द्वारा कई अध्ययन किए गए है। इन अध्ययनों में बहुपार्श्विक स्तर पर अन्य तथ्यों के साथ–साथ डब्लयूटीओ, वैश्विक आर्थिक संकट, अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों एवं जी–20 के विभिन्न पहलुओं को भी शामिल किया गया था। कुछ महत्वपूर्ण मामलों में अंतर्राष्ट्रीय अनुदान संरचना एवं विकास सहयोग संबंधी दृष्टिकोण, दक्षिण–दक्षिण सहयोग की गतिकी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में वैश्विक आचारनीति, अभिगम एवं लाभ सहभागिता तथा सेवाओं के करार में बहुपार्श्विक व्यापार जैसे मामले शामिल है।

क्षेत्रीय स्तर पर जिन विषयों पर अध्ययन किए गए उनमें आईओआरए की व्यापार एवं निवेश संबंधी संभावनाएँ, इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए क्षेत्रीय सहयोग एवं आईओआरए में निवेश के लिए सांस्थानिक ढांचा, आईबीएसए के समक्ष मुद्दे, वैश्विक वित्तीय क्षेत्र का प्रबंधन एवं ब्रिक्स के लिए विवक्षाएँ, भारत एवं अफ्रीका के बीच व्यापार एवं निवेश श्रंखला को विस्तारित करना, प्रशांत पार भागीदारी करार, दक्षिण एशिया का मध्य एशिया के साथ एकीकरण, दक्षिण एशिया के साथ निवेश सहयोग को विस्तारित करना, एशिया–प्रशांत व्यापार करार का विश्लेषण करना, ईएएस प्रक्रिया के लिए भारतीय आर्थिक गतिकता, लेटिन अमेरिका एवं कैरिबियन देशों के साथ भारत की आर्थिक प्रतिबद्धता, पूरे एशिया में विकास के मार्ग, बढ़ी हुई संयोजकता के माध्यम से आसियान–भारत आर्थिक एकीकरण को बढ़ावा देने के विभिन्न आयाम, जैव प्रौद्योगिकी एवं विकास तथा वैश्विक रूप से उत्तरदायी अनुसंधान को बढ़ावा देना आदि जैसे विषय शामिल हैं। इन विषयों के संबंध में तथा अन्य अध्ययनों से संबंधित विवरण इस रिपोर्ट में प्रस्तुत किया जा रहा है।

आसियान–भारतीय आर्थिक एकीकरण को बढ़ावा देने के लिए विश्लेषणात्मक सहयोग प्रदान करने के लिए आरआईएस में एक पृथक आसियान–भारत केन्द्र स्थापित किया गया है। इस केन्द्र द्वारा कईं क्रियाकलापों का आयोजन किया गया और आसियान–भारत के विचारकों का नेटवर्क (एआईएनटीटी) की प्रथम गोलमेज वार्ता की रिपोर्ट 'आसियान–भारत सामरिक भागीदारी : आसियान–भारत के विचारकों के नेटवर्क से परिप्रेक्ष्य' का प्रकाशन किया गया। इस रिपोर्ट में भारतीय–आसियान आर्थिक सहयोग को और अधिक गहन करने के लिए नीति निर्माताओं एवं अनुसंधानकर्त्ताओं के लिए कई उपयोगी विचार अंतर्निहित हैं। इसका विमोचन वियनटियाने, लाओ पीडीआर में आयोजित एआईएनटीटी के दूसरे गोलमेज सम्मेलन के दौरान किया गया।

नीतिगत वार्ता को बढ़ावा देना हमारी कार्य योजना का एक अन्य महत्वपूर्ण भाग है। आरआईएस द्वारा कईं महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिनमें अन्य कार्यक्रमों के साथ–साथ 'दक्षिण–दक्षिण सहयोग के लिए दक्षिणी प्रबंधक : मामले एवं उभरती हुई चुनौतियाँ' पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय व्यापार एवं आर्थिक सहयोग : प्रवृत्तियाँ, चुनौतियाँ एवं संभावनाओं पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, आसियान–भारत के विचारकों के नेटवर्क की दूसरे गोलमेज सम्मेलन, आरआईएस में आसियान–भारत केन्द्र के उदघाटन भाषण, विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवप्रवर्तन के लिए अफ्रीका–भारत सहयोग पर सम्मेलन, दोहा से बाली : विकास कार्यक्रम की चुनौतियाँ पर राष्ट्रीय संगोष्ठी, विकास सहयोग, व्यापार एवं वित्त : उभरते हुए शैक्षणिक परिप्रेक्ष्य, भारत एवं म्यांमार के बीच विकास मार्ग से संयोजकता मार्ग पर सम्मेलन, भारत–चीन सहयोग एवं वैश्विक आर्थिक नियंत्रण पर कार्यशाला और भारतीय विकास सहयोग नीति : वाद–विवाद की स्थिति जैसे विषयों पर सम्मेलनों का आयोजन किया गया था। आरआईएस–एफआईडीसी पर मासिक सम्मेलन आयोजित करने की एक नई श्रंखला भी प्रारंभ की गई है। आरआईएस द्वारा आयोजित क्षमता निर्माण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों में आईटीईसी के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक मामलों एवं विकास नीति पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम, व्यापार एवं आर्थिक सहयोग : वैश्विक एवं क्षेत्रीय परिप्रेक्ष्य में कार्यशाला, डब्लयूटीओ एवं जलवायु परिवर्तन जैसे मामलों पर वैश्विक एवं क्षेत्रीय परिप्रेक्ष्य में कार्यशाला आदि का आयोजन शामिल था। संस्थान द्वारा क्षेत्रीय एवं बहुपार्श्विक महत्व के विभिन्न मामलों पर उपयोगी नीतिगत अनुसंधान सामग्री प्रदान करने के लिए कई प्रकाशन भी प्रकाशित किए गए।

हमारे अध्यक्ष राजदूत श्याम सरन के नेतृत्व में तथा शासी निकाय के सदस्यों के मार्गदर्शन के अंतर्गत संस्थान पूर्व की भांति विकासशील देशों के अग्रणी एवं प्रभावी विचारक के रूप में कार्यरत रहेगा।

हम विदेश मंत्रालय के सतत सहयोग के लिए आभारी हैं। हम भारत सरकार के अन्य विभागों जैसे आर्थिक कार्य विभाग, वाणिज्य विभाग एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रति भी अपना आभार व्यक्त करते हैं जिनके महत्वपूर्ण दिशा निर्देशों से हम अपना अनुसंधान कार्यक्रम उपयुक्त ढंग से तैयार कर सके। हम विश्व के विभिन्न भागों में अवस्थित अपने भागीदार संस्थानों के प्रति भी अपना आभार व्यक्त करते हैं जिनका सहयोग हमें निरंतर मिलता रहा।

आरआईएस के संकाय एवं स्टाफ सदस्यों के अथक प्रयासों एवं सहयोग से ही हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने एवं भविष्य की चुनौतियों का सामना कर सकने में सक्षम हो सके हैं। मैं सभी को अपनी शुभकामनाएँ प्रदान करता हूँ। मुझे विश्वास है कि संस्थान के उद्देश्यों को पूरा करने एवं लक्ष्यों को प्राप्त करने में मुझे उनका सतत सहयोग प्राप्त होता रहेगा।

**सचिन चतुर्वेदी**

# I

# नीतिगत अनुसंधान

वर्ष 2013–2014 के दौरान आरआईएस का ध्यान मुख्यतः चार व्यापक क्षेत्रों में रहा है। (क) वैश्विक आर्थिक मुद्दे एव दक्षिण–दक्षिण सहयोग (ख) व्यापार, निवेश एवं आर्थिक सहयोग (ग) संपर्क एवं क्षेत्रीय सहयोग (घ) नई प्रौद्योगिकी एवं विकास के मुद्दे। संस्थान द्वारा किए मुख्य अनुसंधान कार्यक्रमों का विवरण नीचे दिया है। ?

## (क) वैश्विक आर्थिक मुद्दे एव दक्षिण सहयोग

### क.1. विश्व व्यापार संगठन का भविष्य

**अनुसंधान दलः प्रोफेसर विश्वजीत धर एवं श्री रोशन किशोर**

वैश्विक व्यापार के उदारीकरण के प्रथम सर्वोत्तम विकल्प के रूप में बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली अपने अस्तित्व के साढे छह दशक में अति गंम्भीर संकट का सामना कर रही है। व्यापार उदारीकरण को मजबूत एवं व्यापक बनाने के अपने वादे को पूरा करने में असफल रहने पर विश्व व्यापार संगठन के सम्मुख अपनी प्रासंगिकता पर प्रश्नचिन्ह लग गया है। यह वह गतिविधि है जो मंच ने 12 वर्ष पूर्व प्रारम्भ की थी। फिर भी इस वास्तविकत्ता को नकारा नहीं जा सकता कि देशों के बीच उभरती आर्थिक सझों की जटिलतताओ पर विहंगम रूप से दृष्टिपात विश्व व्यापार संगठन ही कर सकता है। इस सन्दर्भ में विश्व समुदाय दो तरह की चुनौतियों का सामना कर रहा है, पहले में दोहा दौर के विकास के मूल्यांकन की जरूरत है, जिनसे कि वर्तमान संकट पैदा हो गया है और साथ ही वैश्विक आर्थिक समझौतो को देखते हुए संगठन को आगामी कार्य योजनाऐं बनाने के लिए विकल्पों को चिन्हित करना अनिवार्य हो गया है। जबसे दोहा दौर की वार्ताएं प्रारंभ हुई हैं, आर्थिक एकीकरण के संचालक घटकों में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं इनमें से सर्वाधिक महत्वपूर्ण घटक विभिन्न देशों के बीच एकीकरण की बढ़ोतरी के सूचक

के रूप में वैश्विक उत्पादन नेटवर्कों को मान्यता देना है।

अध्ययन का पहला केन्द्र बिंदु दोहा दौर में हुई मुख्य प्रगति है जिसमें कुछ अधिक विवेचनात्मक वार्ता विषय शामिल हैं। हमारे मत में इस तरह की नजर रखना जरूरी है क्यों कि इस प्रकार की समीक्षा उन मामलों के विश्लेषण में सहायक है जिन पर विश्व व्यापार संगठन के सदस्य करार करने से बचते हैं।

## क.2. 2015 के पश्चात वैश्विक विकास की कार्यसूची

**अनुसंधान दलः प्रोफेसर विश्वजीत धर एवं श्री सायन सामन्त**

सहस्राब्दी विकास लक्ष्यों (एमडीजी) के अन्तर्गत निर्धारित लक्ष्यों को 2015 तक पूरा किया जाना है, और चूंकि समय कम है, संयुक्त राष्ट्र (यूएन) एजेन्सियों के अलावा कई तरह के संगठनों ने अपनी प्रगति का आकलन शुरू कर दिया है। एमडीजी इस बहस को लेकर भी चर्चा में हैं कि 2015 के पश्चात क्या वैश्विक समुदाय को विकास प्राप्ति के लिए नए लक्ष्यों को अपना लेना चाहिए। आरआईएस इस मुद्दे पर विस्तृत रूप से अध्ययन कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) राष्ट्रीय प्रक्रिया के रूप में इस संस्थान को प्रमुख हितधारकों से प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए देश के थिंक टैंको से समन्वय करने को कहा है जिससे इस कार्य में तेजी आई है। यह काम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है एवं विचारकों के अनुभव जानने के बाद 'भारत का 2015 के पश्चात विकास ढ़ाचा' नामक दस्तावेज यूएनडीपी को प्रस्तुत किया है जो उनके राष्ट्रीय परामर्श रिपोर्ट का अंश है।

## क.3. वैश्विक आर्थिक संकट, आर्थिक वित्तीय संथान एवं जी–20

**परियोजना प्रमुखः प्रोफेसर राम उपेन्द्र दास**

इस अध्ययन में 2008 के आर्थिक संकट को समझने की कोशिश की गई है। संकट की प्रकृति और कारणों का पता लगाने के अलावा अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक संस्थानों के सुधार एवं जी–20 के परिणामों पर भी ध्यान दिया गया है। कुछ नीतिगत बदलाव करने के लिए चल रही पहल का विवेचनात्मक विश्लेषण करना इस शोध का एक अभिन्न हिस्सा है। आरआईएस कि आगामी 'दक्षिण एशिया सहयोग एवं विकास रिपोर्ट' के एक अध्याय के रूप में अनुसंधान का एक अंश भी प्रयोग किया जाएगा। आरआईएस की विभिन्न कार्यशालाओं में कुछ प्रारम्भिक और बुनियादी अनुसधान को सहभाजीत किया गया है।

## क.4. अंतर्राष्ट्रीय अनुदान संरचना एवं विकास सहयोग संबंधी दृष्टिकोण

**अनुसंधान दलः प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी, श्री सुशील कुमार, श्री शशांक मर्दीरता एवं सुश्री जेयेन्थी रमन**

आरआईएस ने इस के प्रभाव को समझने के लिए प्रस्तुत किए गए ब्यौरे के आंकड़ों व सूचनाओं का परीक्षण कार्य शुरू किया है। फिर भी कई विकासशील देशों में विभिन्न प्रशासनिक मंत्रालयों द्वारा विकास कार्यक्रमों में किये जा रहे योगदान के आंकड़े या सूचना तुरन्त उपलब्ध नहीं है। भारत में विभिन्न एजेन्सियां जो विकास सहयोग के क्षेत्र में काम कर रही हैं उनसे सूचना व आंकड़े मंगाने की सख्त जरूरत है। इस प्रक्रिया के विस्तृत परीक्षण के दो पहलू हैं– (1) दाताओं की दृष्टि से भारत की विकास सहायता की सार्थकता (प्रभाव) एवं (2) विकास के लिए भारत की सहायता को प्रभावशील बनाने के लिए किए जाने वाले उपाय। इस अध्ययन का निष्कर्ष आरआईएस के चर्चा पत्र श्रंखला में के तहत पत्र एवं पुस्तक के रूप में संग्रहीत किया जायेगा।

## क.5. दक्षिण दक्षिण सहयोग की बूसानोत्तर गतिकी

**परियोजना प्रमुखः डॉ. सचिन चतुर्वेदी**

दक्षिण–दक्षिण सहयोग (एसएससी) को विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग पर विचार विमर्श के लिए महत्व दिया गया है और इस प्रकार से एसएससी से कईं गुणा उम्मीदें बढ़ गई हैं। इस संदर्भ में आरआईएस द्वारा बूसानोत्तर के संदर्भ में नीतिगत निरूपण प्रक्रिया के सहयोग के लिए एक मुख्य कार्य योजना प्रारंभ की गई है और इसकी कईं एजेंसियों के साथ भागीदारी की गई

है। मूलभूत दस्तावेज संपादित खंडों में प्रस्तुत किए गए है और यह दस्तावेज गहन रूप से समीक्षित अंतर्राष्ट्रीय जर्नलों में प्रकाशित किए जा रहे हैं। इस कार्य योजना का पूर्ण वित्त पोषण आरआईएस के आंतरिक संसाधनों से किया जा रहा है। मौजूदा कार्य योजना में दक्षिण दक्षिण सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है क्योंकि इसमें विकासशील देशों के बीच उनके व्यापक विकास के उद्देश्यों के समान प्रयासों में उनमें सर्वोत्तम प्रक्रियाओं एवं सहयोग के विनिमय को बढ़ावा दिया जा रहा है जिसमें अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के समस्त पहलू शामिल है जोकि न केवल परंपरागत आर्थिक एवं तकनीकी क्षेत्रों से संबंधित है अपितु विशिष्ट रूपात्मकता एवं द्विपार्श्विक, उप–क्षेत्रीय, क्षेत्रीय एवं अंतः क्षेत्रीय सहयोग तथा बहुपार्श्विक सहयोग के साथ–साथ एकीकरण जैसी प्रणालियों के साथ विकासशील देशों की सामूहिक आत्मनिर्भरता के दृष्टिकोण के साथ भी संबद्ध हैं।

आरआईएस ने इस विषय पर दो मुख्य सम्मेलनों के लिए दि एशिया फाउंडेशन (टीएएफ) तथा विश्व बैंक के साथ घनिष्ठ रूप से कार्य किया जिसमें 30 से अधिक देशों ने भाग लिया था। आरआईएस द्वारा दक्षिण दक्षिण सहयोग की नई गतिकी पर अंतर्राष्ट्रीय विकास सहयोग रिपोर्ट (आईडीसीआर) के लिए सामग्री उपलब्ध कराई गई थी। आरआईएस द्वारा यूएनडीईएसए तथा विदेश मंत्रलय के सहयोग से 'दक्षिण–दक्षिण सहयोग : मामले एवं उभरती हुई चुनौतियाँ' पर दक्षिणी प्रबंधकों के एक सम्मेलन का भी आयोजन किया गया था।

## क.6. विज्ञान में वैश्विक नैतिकता और प्रौद्योगिकी

**अनुसंधान दलः प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी, डॉ के. रवि श्रीनिवास, श्री अमित कुमार और श्री साहिल अरोड़ा**

विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में वैश्विक नैतिकता एक तीन वर्षीय (2011–2014) परियोजना है जो यूरोपीय आयोग द्वारा वित्त पोषित है। इस परियोजना में आरआईएस एक भागीदार संस्था है। अन्य संस्थान हैं सेंट्रल लंकाशायर विश्वविद्यालय, रथेनॉ संस्थान, के आईटी और सीएएसटीईडी। परियोजना की परिकल्पना मेंतीन क्षेत्रों (यूरोप, चीन और भारत) में विज्ञान और प्रौद्योगिकी नीति में नैतिकता का तुलनात्मक अध्ययन है और तीन मामलों का अध्ययन है – नैनोप्रौद्योगिकी, सिंथेटिक जीव विज्ञान और खाद्य प्रौद्योगिकियां। ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका विशेष आमंत्रित रहे हैं।इस परियोजना में नैतिकता की धारणा का तात्पर्य है अभिगमन, साम्यता और अंतर्वेशन। आरआईएस ने सहयोगी संस्थान के आईटी द्वारा कार्लशू, जर्मनी और बर्लिन में आयोजित बैठकों में भाग लिया। परियोजना के अंतिम चरण में आरआईएस ने अनुसंधान निर्गत को अंतिम रूप और दिशा देने के लिए अन्य संस्थानों के साथ काम किया। परियोजना का अंतिम सम्मेलन 6 और 7 मार्च को नई दिल्ली में आरआईएस ने आयोजित किया गया था। नीति निर्माताओं के अतिरिक्त विदेशी वैज्ञानिक और विशेषज्ञ प्रोफेसर डब्ल्यू ई बिजकर सहित, मास्ट्रिच विश्वविद्यालय, नीदरलैंड, प्रोफेसर काओ नान्यान, शिंगुआ विश्वविद्यालय, बीजिंग इस सम्मेलन में शामिल हुए। इसी सम्मेलन में श्री अमिताभ कुंडू ने एक व्याख्यान दिया और पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी में संचार नीति और नैतिकता परएक गोल मेज का आयोजन किया गया। आरआईएस ने इस परियोजना में महत्वपूर्ण योगदान दिया। परियोजना के अंतिम निर्गत यूरोपीय आयोग प्रस्तुत किए जा चुके हैं। इस परियोजना के अंतर्गत किए गये शोध के आधार पर स्प्रिंगर द्वारा ओपन एक्सेस रूपमें एक पुस्तक प्रकाशित की जा रही है।

डॉ सचिन चतुर्वेदी इसके संपादकों में से एक हैं और आरआईएस टीम ने हीइस पुस्तक के ज्यादातर अध्यायों में योगदान दिया है। आरआईएस चर्चा पत्र और नीति सार प्रकाशित करेंगे और इस परियोजना के अंतर्गत किए गये अनुसंधान पर आधारित एक लेख इक्नामिक और पॉलीटीकल वीकली में एक विशेष लेख के रूप में प्रकाशनार्थ प्रस्तुत किया गया है।

इस परियोजना ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी, नवाचार और नैतिकता के मुद्दों हेतु आरआईएस के लिए नए आयाम जोड़ दिये हैं। आरआईएस भविष्य

में इनके नये अवसरों की तलाश में जुटा है। यद्यपि परियोजना वैश्विक नैतिकता पर आधारित थी लेकिन आरआईएस टीम नेविज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में नीतिशास्त्र में अभिगमन, समावेशन और साम्यता विशेष के संदर्भ में वैश्विक बहस को नये आयाम दे दिये हैं और नीतिगत निर्गतों के आदर्श और मानदंड के आकलन को शामिल किए जाने पर ध्यान दिलाया है। इस परियोजना ने आरआईएस को सक्षम व्यक्तियों और भारत में एसटीआई मुद्दों पर काम कर रहे संस्थानोंके साथ अपने संबंध मजबूत बनाने में सहयोग दिया।

## क.7. मानवीय आनुवंशिकी एवं अभिगम तथा आनुवंशिकी लाभ के अंतर्गत लाभ सहभागिता

**परियोजना प्रमुख : प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी**

अभिगम तथा लाभ सहभागिता (एबीएस) विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लयूएचओ), विश्व बौद्धिक संपदा अधिकार संगठन (डब्लयूआईपीओ) तथा विश्व व्यापार संगठन (डब्लयूटीओ) में बढ़ते हुए वाद–विवाद का एक केन्द्र बिंदु बन गया है। अभिगम एवं लाभ सहभागिता विश्व व्यापार संगठन के व्यापार संबंधी बौद्धिक संपदा अधिकारों (ट्रिप्स) करारों के संबंध में विवाद का एक मुख्य मुद्दा बन गया है जिससे ट्रिप्स एवं जैवविविधता पर संधि (सीबीडी) के उद्देश्यों के बीच एक असामंजस्य की स्थिति उत्पन्न हो गई है। सीबीडी में वर्ष 1992 में रियो दि जिनेरो में आयोजित पृथ्वी शिखरवार्ता में तथा वर्ष 2002 में आनुवंशिकी संसाधनों तक अभिगम तथा उनके उपयोग के फलस्वरूप उत्पन्न लाभों की समान एवं बराबरी की भागीदारी से संबंधित बॉन मार्ग निर्देशों पर सहमत हो गई थी जिसमें पौधों, पशुओं एवं सूक्ष्म जीवों जैसे अमानवीय आनुवंशिकी संसाधनों के प्रयोग के संबंध में लाभ सहभागिता के लिए आवश्यकताओं को विनिर्दिष्ट किया गया था। आरआईएस ने भी इस वैश्विक विचार–विर्मश में अपना योगदान दिया था और आनुवंशिकी लाभ नामक परियोजना पर भी कार्य कर रहा है।

इस परियोजना में आरआईएस ने मानवीय आनुवंशिकी के लिए एबीएस की नियंत्रण प्रणाली के अनुसार कार्य किया था। मानवीय आनुवंशिकी संसाधनों के क्षेत्र में लाभ सहभागिता पर अंतर्राष्ट्रीय विनियमनों की किसी भी प्रकार की कोई बाध्यता नहीं है। लाभ सहभागिता ढांचों पर भी प्रायः नैतिक रूप से उंगलियाँ उठाई जाती है जिनका प्रयोग विकासशील देशों में मानवीय आनुवंशिकी अनुसंधान को तर्कसंगत बनाने के लिए किया जाता है। मौजूदा ढांचे का फनर्मूल्यांकन करने एवं वास्तविक विकल्प सुझाने की वास्तव में आवश्यकता है। एक संपादित खंड में 'लाभ सहभागिता के प्रति सम्मिलित दृष्टिकोण को बढ़ावा देना : सीबीडी के कार्यक्षेत्र को विस्तारित करना' विषय पर एक दस्तावेज प्रकाशित किया गया है।

## क.8. विश्व व्यापार संगठन में सेवा में अनेक वृत्तिपश्च व्यापार समझौते (टीआईएसए): भारत के लिए विवक्षाएं

**परियोजना प्रमुखः प्रोफेसर राम उपेंद्र दास**

सेवा व्यापार समझौता (टीआईएसए), संयुक्त राज्य अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया द्वारा शुरू किया गया जो मौजूदा समय में विश्व व्यापार संगठन में 50 प्रतिभागियों पराक्रमित किया जा रहा है जो विश्व सेवा व्यापार का 70 प्रतिशत व्यापार वहन करते हैं। सितम्बर 2013 की स्थिति अनुसार टीआईएसए में शामिल हैं–ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, चिली, चीन ताइपे (ताइवान), कोलंबिया, कोस्टा रिका, यूरोपीय संघ, हांगकांग, आइसलैंड, इसराइल, जापान, लिकटेंस्टीन, मेक्सिको, नवीन न्यूजीलैंड, नार्वे, पाकिस्तान, पनामा, पराग्वे, पेरू, कोरिया गणराज्य, स्विट्जरलैंड, तुर्की, और संयुक्त अमेरिका। यह एक अनेक वृत्तिपश्च समझौता है जिसका उद्देश्य है सेवा व्यापार का विस्तार। इस प्रकार से भारत अब तक उसका हिस्सा नहीं रहा है। भारत के लिए इसकी विवक्षाओं पर एक अध्ययन किया जा रहा है। इस पहलू से यह जांच की जा रही है कि भारत के अनेक वृत्तिपश्च टीआईएसए में शामिल होने से बहुपक्षीय प्रणाली ढुलमुल तो नहीं हो जाएगा। व्यापार के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा व्यापार आईटी सहितए ऑडियो–विजुअल सेवा इत्यादि में भारत का निर्यात हित सुनिश्चित करने के लिए सबसे अच्छी कार्यनीति क्या हो सकती है? सबसे

महत्वपूर्ण यह है कि वार्ता का सबसे अच्छा मार्ग क्या होगा जो भारत को चतुर्थ मोड में प्राकृतिक संस्थानों की अस्थायी आवाजाही में ज्यादा और प्रभावी लचीलापन दे सके।

## ख. व्यापार, निवेश और आर्थिक सहयोग

### ख.1. नई सदी में आईओआर–एआरसी की व्यापार एवं निवेश संबंधी संभावनाएँ : क्षेत्र की नई आर्थिक सीमाएँ

**अनुसंधान दल : प्रोफेसर एस के मोहंती एवं डॉ. प्रियदर्शी दास**

वर्ष 1997 में इसकी स्थापना से लेकर भारतीय समुद्री कोर परिसंघ (आईओआर–एआरसी) में व्यापार, निवेश, एक व्यक्ति का दूसरे व्यक्ति के साथ संपर्क एवं सांस्कृतिक विनिमय के संदर्भ में काफी व्यापक परिवर्तन हुए हैं। इस पृष्ठभूमि के संदर्भ में इस अध्ययन को आरआईएस के भारतीय क्षेत्रीय सहयोग समुद्री कोर परिसंघ (आईओआर–एआरसी) पर चल रहे मौजूदा अनुसंधान कार्यक्रम के एक भाग के रूप में करना आवश्यक माना गया। इस अध्ययन का विस्तृत उद्देश्य क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग के क्षेत्रों में विशेषकर अंतर्क्षेत्रीय व्यापार, सीमा पार निवेश प्रवाह एवं आर्थिक सहयोग के अन्य रूपों की गई प्रगति की जांच करना है। इसके अतिरिक्त, इस अध्ययन में उन संभावित उपायों की खोज करना है जिसके माध्यम से आईओआर–एआरसी भविष्य में क्षेत्रीय आर्थिक एकीकरण को और अधिक सुदृढ़ कर सकता है। इस अध्ययन में क्षेत्र में गहन एकीकरण खुले क्षेत्रवाद के ढांचे में परिकल्पित होता है क्योंकि अधिकांश सदस्य देश उनके प्रासंगिक उप क्षेत्रों में क्षेत्रीय प्रक्रिया के साथ गहन रूप से संबद्ध होते हैं। व्यापार एवं निवेश प्रवाह में गतिकी प्राप्त करने के अतिरिक्त, क्षेत्रीय स्तरों के साथ–साथ सामूहिक स्तर पर भी सदस्य देशों के लिए व्यापार की संभावनाओं का प्राक्कलन किया गया था। इन प्राक्कलनों से यह पता चलता है कि क्षेत्रीय उदारीकरण से प्राप्त होने वाले संभावित लाभ क्षेत्र में व्यापार एवं निवेश प्रवाह के लिए पर्याप्त रूप से उत्साहवर्धक होंगे। भविष्य में, क्षेत्रीय सहयोग क्षेत्र में आर्थिक समृद्धि का मुख्य संचालक पाया गया। क्षेत्रीय सहयोग के कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण अग्रणी होने के बावजूद क्षेत्रीय प्रक्रियाओं की रफ़्तार सापेक्षिक रूप से काफी धीमी थी। इस अध्ययन में इस धीमी गति के लिए सुदृढ़ सांस्थानिक प्रणाली के अभाव को उत्तरदायी ठहराया गया तथा विभिन्न उच्च स्तरीय बैठकों में समयबद्ध परियोजनाओं में हुई बहुत कम प्रगति पर सहमति व्यक्त की गई। इस अध्ययन में आर्थिक एकीकरण को बढ़ावा देने के लिए दस बिन्दुओं वाली संस्तुतियाँ की गई जिसमें अन्य बातो के साथ–साथ व्यापार सुविधाएँ, विनियमों को सुसंगत बनाना, वैश्विक मूल्य श्रंखलाएँ, क्षेत्रीय सहयोग आदि शामिल है जिनको आईओआर–एआरसी के व्यापार एवं निवेश समिति को सौपा गया जिससे कि वे इनके कार्यान्वयन के लिए इसकी व्यवहार्यता की जांच कर सके।

### ख.2. मूल संरचनात्मक सुविधाओं के विकास के लिए क्षेत्रीय सहयोग : आईओआर–एआरसी में निवेश के लिए सांस्थानिक संरचना की ओर

**अनुसंधान दल : प्रोफेसर एस के मोहंती, डॉ. प्रियदर्शी दास एवं सुश्री रमिता तनेजा**

मूल संरचनात्मक सुविधाओं का विकास आर्थिक प्रगति एवं विकास का मूल घटक है। क्षेत्रीय एकीकरण के संदर्भ में, बेहतर भौतिक मूल संरचनात्मक सुविधाएँ, सीमा पार व्यापार तथा संसाधन समृद्धि क्षेत्रों से संसाधनों के अभाव वाले क्षेत्रों के बीच संयोजकता में बढ़ोतरी के द्वारा क्षेत्रीय संसाधनों का कुशल उपयोग है। यूरोपीय संघ, एशिया एवं लेटिन अमेरिका के अनुभवों से यह ज्ञात होता है कि सड़कों, रेलों, हवाई अड्डों, बंदरगाहों एवं समुद्रपत्तनों के रूप में मूल संरचनात्मक सुविधाएँ लागतों तथा पारगमन समय को कम करती हैं और पिछड़े क्षेत्रों में आवागमन में बढ़ोतरी करती हैं तथा मूल परिधि को एकीकृत करने में सहायक होती हैं। उस संदर्भ

में इन्फ्रास्ट्रक्चर निवेश का सतत प्रवाह क्षेत्रीय इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास का केन्द्र बिन्दु होता है। इन्फ्रास्ट्रक्चर निश का बढावा देने के लिए ऐसे कई क्षेत्रीय प्रयास है। हांलाकि, इन क्षेत्रीय पहलों के समक्ष प्रांरभ में अवसरों की अपेक्षा चुनौतियाँ अधिक होती हैं, फिर भी यह प्रक्रियाएँ समय के साथ–साथ क्षेत्र के लिए लाभदायक सिद्ध हो जाती हैं। तथापि, विकासशील देशों की अपेक्षा विकसित देशों के लिए इस प्रकार की क्षेत्रीय इन्फ्रॉस्ट्रक्चर परियोजनाओं का कार्यान्वयन सापेक्षिक रूप से सुगम होता है, जैसा कि हमनें पिछले कुछ दशकों के दौरान अनुभव किया।

आईओआर–एआरसी देशों के एक विविध समूह का प्रतिनिधित्व करता है जोकि इन्फ्रास्ट्रक्चर के अभिगम के भिन्न–भिन्न स्तरों तथा क्षेत्रीय व्यापार एवं निवेश के संवर्धन के लिए इनके प्रयोग द्वारा विशिष्टीकृत होते हैं। सदस्य देशों में भौतिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के असमान एवं असमिति परिमाण को ध्यान में रखते हुए इस अध्ययन को आईओआर–एआरसी के मंत्रियों की समिति के वित्तपोषण से निष्पादित किया गया। यह अध्ययन इस तथ्य पर आधारित था कि इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास आर्थिक एकीकरण की प्रगतिधीन क्षेत्रीय प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाने के लिए निर्णायक हैं। इस प्रक्रिया के दौरान इन्फ्रास्ट्रक्चर निवेश की भूमिका एवं महत्व पर विशेष बल दिया गया था। इस अध्ययन के निम्नलिखित उद्देश्य थे (क) क्षेत्रीय एकीकरण में इन्फ्रास्ट्रक्चर की भूमिका का आकलन एवं विश्लेषण (ख) इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास पर सदस्य देशों की नीतियों की जांच (ग) प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के निर्धारण, परियोजना अवधारणा तथा परियोजना के वित्तपोषण के डिजाइन, संसाधनों एवं माध्यम तथा कार्यान्वयन एवं संचालन संबंधी मामलों के संदर्भ में आईओआर–एआरसी में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए एक क्षेत्रीय सांस्थानिक ढांचे का विकास करना। यूरोपीय संघ, एशिया एवं लेटिन अमेरिका में बेहतर प्रक्रियाओं के आधार पर इस अध्ययन में आईओआर–एआरसी में इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए एक पिरामिड के समान सांस्थानिक संरचना को वर्णित किया गया है जिसमें प्राथमिकता वाले इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों में निवेश के सुगम प्रवाह पर विशेष बल दिया गया है।

## ख.3. मत्स्य पालन की आर्थिक अवधारणा: आईओआर–एआरसी में क्षेत्रीय सहयोग के लिए एक ढांचा

**अनुसंधान दल : प्रोफेसर एस के मोहंती, डॉ0 प्रियदर्शी दास एवं श्री मनु सिंह राठौर**

आईओआर–एआरसी के अधिकांश सदस्य देशों के लिए मत्स्य पालन एक मुख्य आर्थिक क्षेत्र है जोकि प्रदेश में लाखों लोगों को आय तथा जीवन निर्वाह की सुरक्षा प्रदान करता है। आईओआर–एआरसी के शासनपत्र में क्षेत्रीय सहयोग के लिए प्राथमिकता क्षेत्रों में से एक क्षेत्र के रूप में निर्धारित किया गया है। आईओआर–एआरसी में वृहत मत्स्य पालन क्षेत्रों को शामिल किया गया है तथा यह समृद्धि मत्स्य पालन संसाधनों विशेषकर समुद्री मत्स्य पालन एवं प्रवासी प्रजातियों से संपन्न है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों से क्षेत्र में पकड़ी जाने वाली मछलियों की मात्रा में काफी अधिक वृद्धि हुई है फिर भी सदस्य देशों के समक्ष मछलियों का अत्यधिक पकड़ना, अतिक्षमता, अवैध रूप से मछली पकड़ना, पर्यावरणीय प्रदूषण, लाइसेंसों एवं विनियामक प्रणालियों में भिन्नता तथा इसी प्रकार अन्य चुनौतियाँ उत्पन्न होती रहती हैं। यह चुनौतियाँ न केवल आईओआर–एआरसी जल में संवहनीय मत्स्य पालन की संभावनाओं को प्रभावित करती हैं अपितु मत्स्य पालन पर निर्भर लोगों में विशेषकर स्वदेशी मत्स्य पालन समुदायों में भूख एवं कुपोषण के जोखिम को भी बढ़ावा देती हैं और मछलियों की समृद्धि प्रजातियों के लुप्त होने के संकट को भी बनाए रखती हैं।

इस पृष्ठभूमि में आईओआर–एआरसी के लिए इस प्रकार के अध्ययन का उद्देश्य क्षेत्र में मत्स्य पालन के मौजूदा आर्थिक पहलुओं को समझना और आजीविका, पोषण एवं व्यापक रूप से सदस्य देशों की अर्थव्यवस्थाओं में मत्स्य पालन की भूमिका को समाहित करना है। इस अध्ययन में चार मुख्य घटक शामिल थे (क) क्षेत्रीय स्तर पर मत्स्य पालन एवं उपभोग तथा व्यापार में प्रवृत्तियों एवं ढांचों का निर्धारण करने के लिए

मत्स्य पालन संबंधी गौण आंकड़ों का विश्लेषण करना, (ख) आजीविका, पोषण एवं खाद्य सुरक्षा संबंधी मामलों की जांच करना (ग) संवहनीय मत्स्य पालन, लाइसेंस संबंधी नियमों एवं विनियमनों की सुसंगतता, विदेशी मछुआरों की प्रतिभागिता एवं मछलियों का अधिक पकड़ना आदि के संबंध में जांच करना और नीतियों की संस्तुति करना (घ) जलीय प्रजातियों के संरक्षण तथा क्षेत्र के लोगों की आजीविका संबंधी सुरक्षा के लिए सदस्य देशों के बीच क्षेत्रीय सहयोग का एक ढांचा तैयार करना।

## ख.4. दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय मानक श्रृंखला के संवर्धन की संभावना

**परियोजना प्रमुखः प्रोफेसर एस के मोहंती**

दक्षिण एशिया वर्ष 2003 से मौजूदा वैश्विक मंदी के दौर तक विश्व के सबसे तेजी से बढ़ते हुए क्षेत्रों में से एक क्षेत्र के रूप में उभरा है। इस क्षेत्र के समक्ष 'वैश्विक वित्तीय संकट' के कारण विकास की मंदी के नकरात्मक पहलुओं का जोखिम उत्पन्न हुआ है। क्षेत्रीय सहयोग के माध्यम से क्षेत्र के विविध क्षेत्रों में सुदृढ़ संभावनाओं के आधार पर कूटनीतिक प्रयासों से क्षेत्र में उच्च दर से विकास किया जा सकता है। तेजी से विकसित हो रहे विभिन्न क्षेत्रों के अनुभव यह इंगित करते हैं कि अंतः क्षेत्रीय व्यापार को वैश्विक मानक कड़ी (जीवीसी) के दृष्टिकोण के साथ बढ़ाया जा सकता है। क्षेत्रीय सहयोग से उपार्जित लाभों की जांच के दौरान कुछ अध्ययन यह इंगित करते हैं कि क्षेत्रीय मानक कड़ी से प्राप्त आर्थिक लाभ पीटीए/एफटीए जैसे वैकल्पिक प्रयासों की अपेक्षा कहीं अधिक हो सकते हैं।

दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय मानक कड़ी कमजोर हो चुकी है क्योंकि कई क्षेत्रीय देश कई क्षेत्रों में जीवीसी में कार्यरत हैं। भारत पहले ही वस्त्र एवं कपड़ों तथा ऑटो संघटक क्षेत्रों के उत्पादन एवं निर्यात में सक्रिय है। बांग्लादेश एवं श्रीलंका की कुछ स्थानीय फर्में कपड़ों के क्षेत्र में वैश्विक उत्पादक नेटवर्क (जीपीएन) में सक्रिय हैं। इसी प्रकार से नेपाल एवं पाकिस्तान भी अन्य जीवीसी क्षेत्रों में सक्रिय हैं। इस क्षेत्र में स्वयं को कई जीवीसी विशेषकर वस्त्र एवं कपड़ा, चमड़ा, खाद्य प्रसंस्करण, ऑटोमोबाइल, औषधीय एवं परंपरागत औषधियाँ, सीमेंट, सूचना प्रौद्योगिकी साफ्रटवेयर आदि के साथ एकीकृत करने की संभावनाएँ मौजूद हैं। इनमें कुछ क्षेत्रों ने आरवीसी प्रक्रिया की सुविधा के लिए क्षेत्रीय नीतियों के उदारीकरण में कुछ राष्ट्रीय सरकारों का ध्यान आकृष्ट किया है।

मुख्य अध्ययन के लिए, कई देशों के अध्ययन किए गए जिसमें दक्षिण एशिया में आरवीसी की संभावनाओं को प्रस्तुत करने के लिए आरवीसी के विभिन्न आयामों सहित कई क्षेत्रों को शामिल किया गया था। इस अध्ययन में निम्नलिखित क्षेत्र शामिल थे (क) सिले–सिलाए वस्त्र, (ख) ऑटोमोबाइल, (ग) प्रसंसाधित खाद्य पदार्थ, (घ) फर्जे एवं संघटक एवं (ड.) चमड़ा। आरवीसी में क्षेत्रों के महत्व को समझने के लिए हमने भारत एवं दक्षिण एशिया के कई अन्य देशों में क्षेत्र अध्ययन किए। यह अध्ययन बांग्लादेश, श्रीलंका, पाकिस्तान एवं भारत के अग्रणी संस्थानों की सहायता से किए गए थे।

इस अध्ययन से यह परिणाम निकलता है कि क्षेत्रीय अर्थव्यवस्थाएँ पहले ही विविध क्षेत्रों में वैश्विक मानक कड़ी में कार्यरत हैं। तथापि, इन अधिकांश क्षेत्रों में प्रचालन का स्तर निम्न है और उत्पाद का संयोजन विश्व के अन्य देशों में होता है, दक्षिण एशिया में कई क्षेत्रों में आरवीसी क्रियाकलापों को बढ़ावा देने की मजबूत संभावनाएँ हैं। इस अध्ययन को एडीबी द्वारा प्रायोजित गया है और प्रारूप रिपोर्ट प्रायोजित एजेंसी का सौंप दी गई हैं।

## ख.5. आईबीएसए के समक्ष मुद्दे

**रिपोर्ट समन्वयनः प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी**

भारत, ब्राजील एवं दक्षिण अप्रफीका (आईबीएसए) की शिखरवार्ता का आयोजन अगले वर्ष भारत में किए जाने की संभावना है। हम विभिन्न क्षेत्रों के संबंध में चार प्रमुख अध्ययन करने का प्रस्ताव करते हैं जिनमें आईबीएसए देशों के बीच व्यापार एवं निवेश संपर्क तथा शेष दक्षिणी देशों के साथ उनके संपर्क, व्यापार, बौद्धिक संपदा एवं परंपरागत ज्ञान प्रणाली के क्षेत्र में विभिन्न वैश्विक विचार विमर्श के दौरान आईबीएसए की समीक्षा, जैव

विविधता का संरक्षण, सामाजिक क्षेत्र के अनुभव एवं शिक्षाएँ तथा अन्ततः आईबीएसए देशों के बीच विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं का अध्ययन शामिल है। इनमें से कुछ मुद्दों की देश में एवं अन्य विकासशील देशों में औषधियों के लिए अभिगम के लिए गंभीर विवक्षाएँ हैं।

## ख.6. भारत–चीन द्विपार्श्विक संबंध

**परियोजना प्रमुखः प्रोफेसर एस के मोहंती**

पिछले एक दशक के दौरान चीन–भारत के द्विपार्श्विक संबंधों ने एक महत्वपूर्ण मोड़ आया है क्योंकि चीन वर्ष 2008 से धीरे–धीरे भारत का सबसे बड़ा व्यापार भागीदार बन गया है। दो बड़े एशियाई देशों के बीच इस नए संबंध को एक नई प्रवृत्ति से जोड़ा जा सकता है जिसमें दोनों देशों ने व्यापार में औद्योगिक देशों से स्वयं को व्यवस्थित तरीके से पृथक करने के द्वारा विकासशील देशों के साथ अपनी आर्थिक प्रतिबद्धताओं को द्रुतगति से पूरा किया है। चीन–भारत द्विपार्श्विक व्यापार से भारत के प्रतिकूल व्यापार असंतुलन में अत्यधिक वृद्धि हुई है। एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था के रूप में भारत अपनी आर्थिक प्रतिबद्धताओं को न तो चीन तक सीमित रख सकता है और न ही इस प्रकार की वृहत द्विपार्श्विक व्यापार असममिति को लंबी अवधि तक जारी रख सकता है। इस अध्ययन में वर्तमान स्थिति से निपटने के कुछ अनुभवजन्य विकल्पों का विश्लेषण किया गया है।

इस अध्ययन से कईं परिणाम प्राप्त हुए हैं जिनकी महत्वपूर्ण नीतिगत विवक्षाएँ हैं। भारत का द्विपार्श्विक निर्यात चीन से होने वाले आयात की अपेक्षा कम विविधतापूर्ण है और यह आंशिक रूप से भारत की स्वयं की मौजूदा निर्यात क्षमताओं का विविध क्षेत्रों, विशेषकर विनिर्माण निर्यात क्षेत्र में, प्रयोग न कर पाने के कारण है।

भारत के कईं निर्यात उत्पाद वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी हैं परन्तु वे व्यापार उत्पन्न करने वाले सुदृढ़ प्रभावों के बावजूद चीन में बाजार अभिगम हासिल करने में असफल रहे हैं। भारत का द्विपार्श्विक व्यापार घाटा चीन से होने वाले उत्कंठित अप्रतिस्पर्धी आयात को स्थगित करने के द्वारा काफी अधिक कम किया जा सकता है। भारत कईं क्षेत्रों में चीन की वृहत वैश्विक आयात की मांग को पूरा कर सकता है। उस स्थिति में, भारत को पांच संसाधन आधारित एवं प्रौद्योगिकी प्रबलता वाले क्षेत्रों के चीनी बाजारों में पहुँच बनाने के लिए आवश्यकतानुसार निर्यात उन्मुखी उत्पादन करने की आवश्यकता है। व्यापार नीति के उदारीकरण में, भारत ने अपने विनिर्माण क्षेत्र में उदारीकरण के द्वारा काफी अधिक प्रगति की है जिसमें भारत विनिर्माण क्षेत्र में चीन से कहीं अधिक उदार है जोकि चीन का एक सुदृढ़ पक्ष माना जाता है। अर्थमित्तीय प्रतिमान के अनुसार तीसरे देशों में बाजार अभिगम बनाने के संदर्भ में यूआन की गिरावट से भारत के निर्यात पर अत्यधिक प्रभाव पड़ेगा। चीन के साथ फनर्मेल करने से भारत को आरसीईपी प्रक्रिया से प्रतिवर्ष 75.4 बिलियन डॉलर तक का लाभ होगा हालांकि आरसीईपी से प्रतिवर्ष 502.8 बिलियन डालर का लाभ होने की संभावना है।

इस अध्ययन का वित्तपोषण भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा किया गया था। इस अंतिम अध्ययन को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा स्वीकार किया गया था और इसका उल्लेख उनकी वेबसाइट पर किया गया था।

## ख.7. भारत एवं अप्रफीका के बीच व्यापार एवं निवेश संबंधी संपर्कों को बढ़ावा देना–एक नई सामरिक आर्थिक भागीदारी

**परियोजना प्रमुखः प्रोफेसर एस के मोहंती**

वैश्विक वित्तीय संकट के दौरान भारत एक जीवंत अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा था और वैश्विक मंदी के दौरान भारत के निर्यात क्षेत्र के संकुचन के कारण उसका भारतीय अर्थव्यवस्था की उन्नत संभावनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा था। वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी की एक लंबी अवधि के पश्चात अभी हाल ही के वर्षों में कईं अप्रफीकी देश धीरे–धीरे अपनी पूर्व स्थिति में वापस आ गए हैं। इस संदर्भ में भारत के इन जीवंत व्यापार भागीदारों के साथ बहुपक्षीय प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप भारतीय व्यापार अपनी पूर्व की उन्नत स्थिति में आ सकता है। हमें यह स्मरण

रखना होगा कि वैश्विक व्यापार प्रणाली के परिचालन के लिए बहुपक्षीयवाद की विफलता के पश्चात क्षेत्रवाद सफल हो सकता है। क्षेत्रवाद पर भारत के नवींकृत महत्व से निर्यात में उच्च तकनीकी उत्पादों की प्रतिभागिता में बढ़ोतरी हुई है और क्रमिक रूप से प्राथमिक एवं संसाधन आधारित निर्यात की अपेक्षा अधिक प्रौद्योगिकीजन्य क्षेत्रों में निर्यात बढ़ा है। इसके साथ–साथ भारत क्षेत्रीय प्रक्रिया के माध्यम से बढ़ते हुए निर्यात क्षेत्र में विविधता के लिए वैकल्पिक व्यवस्था का प्रावधान कर रहा है। भारतीय निर्यात क्षेत्रवाद के माध्यम से व्यापार की सामान्य प्रक्रिया की तुलना में अधिक प्रौद्योगिकीजन्य बन रहा है। पिछले एक दशक के दौरान क्षेत्रीय प्रक्रियाओं के माध्यम से निर्यात के क्षेत्र में इस प्रकार के संरचनात्मक परिवर्तन बड़ी तेजी से हो रहे हैं। इन परिणामों से यह पता चलता है कि क्षेत्रवाद के साथ भारत की भावी प्रतिबद्धताएँ आरटीए के एक चुनिंदा सेट के साथ लाभप्रद हैं। चूंकि, अप्रफीकी अर्थव्यवस्थाएँ उभर रही हैं और इस गतिरोध की स्थिति से बड़ी तेजी से निकल रही हैं इसलिए इन अर्थव्यवस्थाओं के साथ भारत की प्रतिबद्धताएँ मौजूदा वैश्विक मंदी से जल्दी निकलने के प्रयासों में सहयोग प्रदान कर सकती हैं। इस अध्ययन में बहुपक्षीय स्तर पर व्यापार अंतराल कम करने तथा क्षेत्र में व्यापार संबंधी मौजूदा अवसरों की समीक्षा करने और अप्रफीकी देशों में संरक्षणवाद की प्रकृति के अन्वेषण द्वारा एवं अन्य देशों में महाद्वीप में भारत के बाजार को बढ़ावा देने के लिए चुनिंदा देशों एवं आटीए के निर्धारण एवं उनको प्राथमिकता प्रदान करने के द्वारा भारत की अप्रफीकी देशों के साथ व्यापार संबंधी प्रतिबद्धताओं को सामान्य करने पर बल दिया गया है।

## ख.8. आरसीईपी एवं टीआईपीपी की मौजूदगी में ट्रांस प्रशांत भागीदारी करार में शामिल होने पर भारत के आर्थिक हित

**परियोजन प्रमुखः प्रोफेसर एस के मोहंती**

भारत वर्ष 1970 से क्षेत्रवाद की नीति को बढ़ावा दे रहा है हालांकि बहुपार्श्विकवाद के लिए देश निर्विवाद रूप से सहयोग प्रदान कर चुका है। पिछले चार दशकों के दौरान, भारत द्वारा क्षेत्रीय व्यापार संबंधी कईं करार किए गए हैं जोकि बातचीत के विभिन्न चरणों में है परन्तु बाह्य क्षेत्र पर अधिक निर्भरता के जोखिम को कम करने के लिए इन क्षेत्रीय समूहों की प्रभावोत्पादकता संवीक्षाधीन है। 21वीं शताब्दी के प्रमुख आरटीए जैसे टीपीपी, टीटीआईपी एवं आरसीईपी द्वारा भविष्य में वैश्विक व्यापार प्रणाली पर पूर्णतः आधिपत्य जमाने की संभावना है और टीपीपी द्वारा पहले ही आरसीईपी के सात सदस्यों को शामिल किया जा चुका है और उनमें से कईं सदस्यों ने इसमें शामिल होने के प्रति रूचि दर्शाई है। टीपीपी 21वीं सदी की आरटीए है जिसकी मुख्य कार्यसूची सदस्य देशों में सुधारों को समाप्त करना है। भारत पहले ही आरसीईपी का सदस्य है और भारत, चीन, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड, इंडोनेशिया आदि जैसे समूह के कईं देशों ने अभी टीपीपी में शामिल होना है। टीपीपी में चीन का शामिल होना काफी महत्वपूर्ण है चूंकि टीपीपी का गोपनीय प्रयोजन वैश्विक अर्थव्यवस्था में चीनी व्यापार एवं उसके राजनीतिक प्रभाव के विस्तार को सीमित करना है। इस स्थिति में भारत का टीपीपी में शामिल होना देश के लिए जटिल हो सकता है क्योंकि इसको समूह का एक भाग बनने के लिए देश में कईं सुधार करने होंगे। इसके साथ–साथ यदि भारत ने वृहत क्षेत्रीय समूह में भाग नहीं लिया तो उसको व्यापार संबंधी वृहत अवसरों के हाथ से निकल जाने का जोखिम उठाना पड़ सकता है। शामिल होने का समय एवं व्यापार संबंधी अवसरों के हाथ से निकल जाना अनुभवजन्य प्रश्न है जिनकी नीतिगत प्रक्रिया के कार्यान्वयन के लिए जांच किए जाने की आवश्यकता है।

## ख.9. दक्षिण एशिया के साथ चीनी व्यापार करारः क्षेत्रीय अर्थव्यवस्थाओं के लिए विवक्षाएँ

**परियोजना प्रमुखः प्रोफेसर एस के मोहंती**

पिछले दशक के दौरान दक्षिण एशिया बाह्य क्षेत्र के साथ अधिकांश क्षेत्रीय अर्थव्यवस्थाओं के लिए विकास के एक संचालक के रूप में विश्व अर्थव्यवस्था में एक जीवंत क्षेत्र बन कर उभरा है।

इस क्षेत्र ने अन्य देशों के साथ–साथ चीन सहित इस क्षेत्र में व्यापार एवं निवेश के लिए वैश्विक हितों को आकर्षित किया है। पिछले दशक के दौरान निकट पड़ोसी देश होने के कारण दक्षिण एशिया के साथ चीनी भागीदारी काफी प्रभावशाली रही। चीन दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय अर्थव्यवस्थाओं के साथ विशेष रूप से आयात की अपेक्षा निर्यात के क्षेत्र में काफी गहन रूप से भागीदार रहा है जिसके कारण कई अर्थव्यवस्थाओं के साथ उसका व्यापार अंतराल काफी अधिक बढ़ गया है। उनमें से कई अर्थव्यवस्थाओं के साथ अभी हाल ही के वर्षों में चीन सर्वाधिक महत्वपूर्ण भागीदार बन कर उभरा है। अनुभवजन्य प्रमाण यह दर्शाते हैं कि चीन द्वारा भारत को निर्यात किए गए अधिकांश उत्पाद घरेलू अर्थव्यवस्था में कईं अन्य प्रतिस्पर्धी विदेशी आपूर्तिकर्त्ताओं की तुलना में प्रतिस्पर्धी नहीं है क्योंकि चीनी निर्यातकों द्वारा अपनाई गई व्यापार संबंधी कईं नीतियों का समर्थन उनके राज्य करते हैं। चीनी निर्यात एवं आयात की प्रकृति अधिक प्रौद्योगिकीजन्य बन रही है। चीन उन निर्यात अवसरों का लाभ उठा रहा है जिनकी उत्पत्ति क्षेत्रीय अर्थव्यवस्थाओं के लिए की गई है और दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय अर्थव्यवस्थाओं के लिए इस प्रकार के व्यापार अवसरों के हाथ से निकल जाने का अभिप्राय अंतः क्षेत्रीय व्यापार की बढ़ोतरी पर दबाव बढ़ने के समान है। क्षेत्र में चीन का बढ़ता हुआ निर्यात एक स्वाभाविक घटना है क्योंकि यह देश उच्चतर मध्यम आय वर्ग की श्रेणी में प्रवेश कर गया है एवं मजदूरी की बढ़ती हुई घरेलू दरों के कारण विभिन्न क्षेत्रों में वैश्विक प्रतिस्पर्धा समाप्त होने की अवसीमा पर पहुँच गई है और प्राकृतिक संसाधनों का घरेलू स्टाक समाप्त हो गया है।

चीन राज्यों के सहयोग से कुछ उद्योगों को इस क्षेत्र में काम करने वाले कामगारों की आजीविका सुरक्षा को बनाए रखने के बाध्य सामाजिक उद्देश्य के साथ संचालित कर रहा है। इस प्रकार के उत्पादन की खपत के लिए बाजार की आवश्यकता है और दक्षिण एशिया को इन चीनी उत्पादों के लिए पीछे के रास्ते के रूप में प्रयोग किया जाता है। चीन द्वारा दक्षिण एशियाई अर्थव्यवस्थाओं को वृहतर निर्यात की विवक्षाएँ दो विभिन्न क्षेत्रों में देखी जा सकती हैं। पहला, चीनी निर्यात क्षेत्रीय अर्थव्यवस्थाओं के अंतर्गत निर्यात के अवसरों को कम कर रहा है क्योंकि निर्यात के इन अवसरों का लाभ चीन उठा रहा है और यह आईआरटी में कमी के कारण समाप्त हो सकते हैं। दूसरे, दक्षिण एशियाई देशों में इन अर्थव्यवस्थाओं से आनुपातिक आयात किए बिना चीनी निर्यात में बढ़ोतरी हो रही है जिसके परिणामस्वरूप व्यापार अंतर में बढ़ोतरी हो रही है। यह अध्ययन दक्षिण एश्याई क्षेत्र में चीन की बढ़ती हुई आर्थिक प्रतिबद्धताओं के संदर्भ में इन दो वृहत मामलों की अनुभवजन्य जांच करने के लिए किया जा रहा है।

## ख.10. दक्षिण एशिया में निवेश सहयोग को बढ़ावा–क्षेत्र में ओएफडीआई की व्यवहार्यता

**परियोजना प्रमुखः प्रोफेसर एस के मोहंती**

दक्षिण एशियाई क्षेत्र में विकास की काफी अधिक संभावनाएँ हैं परन्तु यह पर्याप्त मात्रा में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) को आकर्षित न कर सकने के कारण अपने विकास की अनुकूलतम संभावनाओं में सफल नहीं हो सका है। यह क्षेत्र ना केवल एफडीआई को प्राप्त करता है अपितु ओएफडीआई में भी कार्यरत है। क्षेत्र के अंतर्गत ही एफडीआई की गतिशीलता से क्षेत्र को एक तर्कसंगत समय सीमा में सतह से गहन एकीकरण तक उठने में सहायता मिल सकती है। औद्योगिक पुनःसरंचना के लिए क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में एफडीआई के संतुलित प्रवाह की दिशा में विस्तृत क्षेत्रीय दृष्टिकोण की आवश्यकता है। अभी हाल ही के अध्ययनों से पता चला है कि क्षेत्र के विविध क्षेत्रों में क्षेत्रीय मूल्य श्रंखला (आरवीसी) की वृहतर संभावनाएँ है। नए सांस्थानिक ढांचों का निर्माण करते हुए विशेषकर दक्षिण एशिया निवेश क्षेत्र उत्पादन एकीकरण को बढ़ावा दे सकता है। अंतःक्षेत्रीय निवेश (आईआरआई) प्रवाह एशिया में कई अन्य क्षेत्रीय समूहों की तुलना में काफी कम है। भारत क्षेत्र में ओएफडीआई का सबसे बड़ा स्त्रोत होने के कारण क्षेत्र में इसकी काफी

कम स्टेक है। यह अध्ययन का उद्देश्य क्षेत्र में एफडीआई के निम्न प्रवाह के कारणों की जांच करना एवं एक समयावधि के दौरान तुलनात्मक आटीए की संख्या के लिए आईआरआई के स्तरों का आकलन करना तथा क्षेत्र में निम्न भारतीय ओएफडीआई के कारणों का पता लगाना और क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं में बढ़ोतरी के लिए उपाय सुझाना है।

## ख.11. गैर टैरिफ उपायों के व्यापार प्रभावों का अनुभवजन्य आकलन पूरे देश का विश्लेषण

**अनुसंधान दलः प्रोफेसर एस के मोहंती, डॉ. प्रियदर्शी दास एवं श्री मोनू सिहं राठौड़**

टैरिफ के क्रमिक रूप से कम होने के साथ–साथ गैर टैरिफ उपायों (एनटीएम) को भविष्य में वैश्विक व्यापार के लिए सर्वाधिक विकट अवरोधक माना जा रहा है। इसके साथ–साथ एनटीएम जिनको परंपरागत रूप से गैर टैरिफ अवरोधक माना जाता था, उनको अब बाजार अभिगम में व्यापार प्रक्रियाओं को सरल बनाने एवं विरूपणों को कम करने के दृष्टिकोण से व्यापार को बढ़ावा देने वाले उपायों के रूप में माना जा रहा है। चूंकि एनटीएम में पर्याप्त विवरणात्मक विषय वस्तु होती है, इसलिए प्रायः विभिन्न एनटीएम की जटिलता की मात्रा को और व्यापार पर पड़ने वाले उनके प्रभाव को सटीक रूप से परिभाषित करना कठिन माना जाता है। इसके अतिरिक्त, उन एनटीएम से संबंधित आंकड़ों में व्यापार पर एनटीएम के विभेदक प्रभाव का परिमापन करने के प्रयोजन से अंतर्देशीय एवं अंतर्क्षेत्रीय अनुभवजन्य विश्लेषण के लिए सुसंगतता का अभाव रहता हैं। इसके अतिरिक्त, विकासशील एवं कम विकसित देशों के लिए सीमा पार व्यापार को बढ़ावा देने के प्रयोजन से विभिन्न एनटीएम एवं उनसे संबद्ध लागत तथा लाभों को स्पष्ट रूप से समझना उनके हित में है। इस परिप्रेक्ष्य में, एनटीएम के व्यापार संबंधी प्रभाव व्यापार नीति से संबंधित सुधारों पर मौजूदा नीतिगत विचार विमर्श के लिए समयपरक एवं अत्यधिक प्रासंगिक हैं। इस अध्ययन का उद्देश्य एनटीएम से संबंधित आंकड़ों और प्रभाव आकलन से संबंधित पद्धति का विश्लेषण करने तथा विभिन्न देशों में व्यापार की श्रेणियों एवं उपायों पर एनटीएम के प्रभाव की अनुभवजन्य जांच करने का प्रयास है।

## ख.12. क्षेत्रीय प्रक्रिया के माध्यम से प्रौद्योगिकीजन्य निर्यात उत्पादों का विभेदीकरण

**परियोजना प्रमुखः प्रोफेसर एस के मोहंती**

वैश्विक व्यापार की प्रवृत्तियाँ यह इंगित करती हैं कि प्रौद्योगिकीजन्य विनिर्माण उत्पादों में व्यापार की बहुपार्श्विकता है। आरआईएस द्वारा उच्च एवं मध्यम प्रौद्योगिकी वाले वैश्विक रूप से गतिशील उत्पादों के निर्धारण के लिए एक अध्ययन प्रारंभ किया गया है। भारत द्वारा अपने कुल निर्यात की तुलना में उच्च एवं मध्यम प्रौद्योगिकी वाले उत्पादों के निर्यात में थोड़ी बढ़ोतरी करने के द्वारा प्रौद्योगिकीजन्य उत्पादों का विभेदीकरण किया गया है। इसके अतिरिक्त और अधिक प्रौद्योगिकीजन्य उत्पादों को समूह में शामिल करने से भारत के निर्यात में और अधिक विविधता उत्पन्न करना अधिक महत्वपूर्ण है। विभिन्न आरटीए में मध्यम एवं उच्च प्रौद्योगिकीजन्य उत्पादों में निर्यात की संभावनाएँ भिन्न–भिन्न होती है। प्रारंभिक अनुभवजन्य प्रमाणों से यह पता चलता है कि भारत आरटीए को प्रौद्योगिकीजन्य उत्पादों के निर्यात से अपने निर्यात में विविधता उत्पन्न कर सकता है। व्यापार संबंधी पर्याप्त अवसरों के साथ कुछ महत्वपूर्ण निर्यात केन्द्रों में यूरोपीय संघ (ईयू), उत्तरी अमेरिका मुक्त व्यापार करार (एनएएफटीए), आरसीईपी, एशिया–प्रशांत व्यापार करार (एपीटीए), दक्षिण अफ्रीकी विकास समुदाय (एसएडीसी), पूर्वी अफ्रीकी समुदाय (ईएसी), पश्चिमी अफ्रीकी राज्यों का आर्थिक समुदाय (ईसीओडब्लयूएएस), मध्य अफ्रीकी राज्यों का आर्थिक समुदाय (ईसीसीएएस), दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्र परिसंघ (आसियान), दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग परिसंघ (सार्क), भारतीय समुद्री सीमा क्षेत्रीय सहयोग परिसंघ (आईओआर–एआरसी), पूर्वी एवं दक्षिणी अफ्रीका के लिए सामान्य बाजार (कोमेसा) आदि शामिल है।

## ख.13. दक्षिण एशिया विकास एवं सहयोग रिपोर्ट

**अनुसंधान दल : प्रोफेसर राम उपेन्द्र दास एवं आरआईएस संकाय**

आरआईएस द्वारा निरंतर रूप से दक्षिण एशिया विकास एवं सहयोग रिपोर्ट तैयार की जाती है। इस रिपोर्ट का उद्देश्य दक्षिण एशियाई अर्थव्यवस्थाओं को वैश्विक संदर्भ में प्रस्तुत करना तथा सहयोग की संभावनाओं का निर्धारण करना और आर्थिक एकीकरण की क्षेत्रीय चुनौतियों एवं बाधाओं का सामना करना है। यह संगठन में ही किया जाने वाला अनुसंधान कार्य है जिसमें किसी भी बाह्य एजेंसी से कोई वित्तीय सहयोग प्राप्त नहीं किया जाता। मौजूदा समय में इस रिपोर्ट को अद्यतन किया जा रहा है और इसको अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके साथ–साथ इसके प्रकाशन के लिए रूतलेज के दिल्ली स्थित कार्यालय से संपर्क किया गया है और यह मामला उनके विचाराधीन है। इस वर्ष नेपाल में आयोजित की जाने वाली सार्क की प्रस्तावित शिखरवार्ता तथा लगभग इसी समय आरआईएस द्वारा आयोजित की जाने वाली दक्षिण एशिया आर्थिक शिखरवार्ता (एसएईएस) के कारण इस रिपोर्ट का काफी अधिक महत्व है। यह रिपोर्ट का विमोचन नई दिल्ली में आगामी नवंबर में एसएईएस में किया जा सकता है।

## ख.14. क्षेत्रीय आर्थिक एकीकरण–नए संदर्भ एवं विश्लेषणात्मक परिकल्पनाएँ

**परियोजना प्रमुखः प्रोफेसर राम उपेन्द्र दास**

अभी हाल ही में, क्षेत्रीय आर्थिक एकीकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को नीति निर्माण की प्रक्रिया में काफी अधिक महत्व दिया गया। इस तथ्य का एक आधार यह भी है कि समय के साथ–साथ कईं क्षेत्रीय व्यापार करारों (आरटीए) में बढ़ोतरी की प्रवृति देखी गई। आरटीए की महत्ता एवं प्रासंगिकता को ध्यान में रखते हुए इस संबंध में काफी अधिक साहित्य प्रकाशित हुआ। यह एक 'नया संदर्भ' है जिसकी विवक्षाएँ न केवल व्यापार नीति से संबंधित प्रक्रिया के लिए हैं अपितु वृहत अर्थशास्त्र प्रबंधन के साथ–साथ निवेश, प्रौद्योगिकी आदि से संबंधित नीतियों के लिए भी हैं। इनकी व्यापक विवक्षाएँ वैश्विक आर्थिक प्रबंधन के लिए भी हैं। इसलिए इस 'नए संदर्भ' को अधिक व्यापक दृष्टिकोण में समझने एवं उसका विश्लेषण करने की आवश्यकता है। इस पृष्ठभूमि के विपरीत, अध्ययन के एक भाग के रूप में एक ऐसा दस्तावेज तैयार किया गया है जिसको क्षेत्रीय आर्थिक एकीकरण पर साहित्य के रूप में सारांकित किया गया है। इसमें सेद्धांतिक अवधारणाओं के साथ–साथ अनुभवजन्य कार्य को भी शामिल किया गया है। तथापि, ऐसे कई क्षेत्र एवं मामले है जिनका उल्लेख इस सेद्धांतिक साहित्य में नहीं किया गया है परन्तु उनको इस अध्ययन द्वारा उनकी बहुपक्षीय बातचीत के लिए नीतिगत विवक्षाओं के रूप में रेखांकित किया गया है। एक समकक्ष समीक्षित दस्तावेज को प्रकाशित किया गया है।

## ख.15. एशिया–प्रशांत व्यापार करार (एपीटीए) का विश्लेषण –संभावनाएँ एवं बाधाएँ

**परियोजना प्रमुखः प्रोफेसर राम उपेन्द्र दास**

एशिया प्रशांत व्यापार करार (एपीटीए) एक अधिमान्य व्यापार करार है जिसको एशिया–प्रशांत क्षेत्र में विकासशील देशों के लिए वर्ष 1975 में किया गया था। इस करार के मूल सदस्य देशों में बांग्लादेश, भारत, कोरिया गणराज्य, लाओ पीडीआर एवं श्रीलंका शामिल था। चीन ने इस करार में वर्ष 2001 में शामिल हो गया था। मंगोलिया द्वारा आगामी चौथी मंत्रालयी परिषद में एपीटीए में शामिल होने की संभावना है। एपीटीए के सदस्य देशों में एशियाई क्षेत्र की अब कुछ सर्वाधिक सुदृढ़ अर्थव्यवस्थाओं के शामिल होने के कारण एपीटीए को एशियाई क्षेत्र का सर्वाधिक प्रभावी आर्थिक समूह बनाने के संदर्भ में इसकी कुछ संभावनाओं एवं अवरोधकों का विश्लेषण करना आवश्यक है। यह अध्ययन इसी आवश्यकता पर आधारित है। इस अध्ययन के आधार पर 'एशिया एवं प्रशांत के क्षेत्रीय एकीकरण की अभी हाल ही प्रवृत्तियाँ, विकास एवं भावी दिशा' विषय पर एक दस्तावेज 18–22 नवंबर, 2013 के दौरान संयुक्त

राष्ट्र एशिया एवं प्रशांत आर्थिक एवं सामाजिक आयोग (यूएनएक्केप) द्वारा बैंकाक एवं थाईलैंड में क्षेत्रीय एकीकरण एवं एपीटीए विषय पर आयोजित विशेषज्ञ समूह की बैठक में प्रस्तुत किया गया था।

## ख.16. मध्य एशिया एवं दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय आर्थिक एकीकरण

**परियोजना नेतृत्व : प्रोफेसर राम उपेन्द्र दास**

एशिया–प्रशांत में क्षेत्रीय आर्थिक एकीकरण के परिवेश में मध्य एशियाई क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण स्थान है। यह क्षेत्र न केवल ऐतिहासिक सिल्क रूट के अंतर्गत आता है अपितु इसकी भौगोलिक अवस्थिति भी पूर्वी, दक्षिणपूर्वी, दक्षिणी, उत्तरी एवं पश्चिमी एशिया के एकीकरण के लिए एक आर्थिक अनिश्चित अवस्था में है। इस दस्तावेज में उन संभावनाओं का भी प्राक्कलन किया गया है जोकि अंतः मध्य एशिया के आर्थिक एकीकरण एवं दक्षिणी एशिया–मध्य एशिया के आर्थिक एकीकरण के लिए मौजूद हैं। इस दस्तावेज में इस एकीकरण की प्रक्रिया में आने वाली बाधाओं का आकलन तथा इस विषय पर बहुश्रुत संवाद प्रारंभ करने और कुछ विस्तृत नीतिगत सिफारिशों को लागू करने के सुझाव का भी उल्लेख किया गया है। इस कार्य को हर्ट ऑफ एशिया प्रयास के माध्यम से आर्थिक एकीकरण के सदंर्भ में किया गया था। इसका समापन संयुक्त राष्ट्र के प्रकाशन में किया गया है।

## ख.17. भारत–जापान व्यापक आर्थिक भागीदारी करार (सीईपीए)–पूर्वी एशियाई आर्थिक क्षेत्रवाद एवं आरसीईपी के लिए कुछ विवक्षाएँ

**परियोजना प्रमुखः प्रोफेसर राम उपेन्द्र दास**

इस अध्ययन में पूर्व एशिया शिखर वार्ता की प्रक्रिया तथा आसियान+6 की आर्थिक एकीकरण की प्रक्रियाओं को ध्यान में रखते हुए और भारत–जापान सीईसीए के कार्यान्वयन के साथ यह उल्लेख किया गया है कि भारत–जापान की आर्थिक भागीदारी उद्गम के नियमों, टैरिफ के उदारीकरण, गैर–टैरिफ अवरोधकों में कमी करने आदि जैसे विभिन्न जटिल मामलों पर वार्ता के माध्यम से सहमति बनाने के द्वारा किस प्रकार से पूर्व एशियाई आर्थिक एकीकरण की प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाने में सहायक हो सकती है। इस अध्ययन को आरआईएस के वार्ता दस्तावेज के रूप में प्रस्तुत किया गया ।

## ख.18. चीनी मॉनीटर

**अनुसंधान दल : प्रोफेसर विश्वजीत धर एवं सुश्री रमा अरूण कुमार**

वैश्विक अर्थव्यवस्था में चीन की बढ़ती मौजूदगी और भारत के विकास के लिए इसकी संभावित विवक्षाओं को ध्यान में रखते हुए आरआईएस द्वारा चीन की अर्थव्यवस्था, विशेषकर वित्तीय क्षेत्र में विकास सहित इसके वृहतआर्थिक विकास के संदर्भ में समीक्षा प्रारंभ की गई है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा के रूप में उभर रही रेनमिन्बी की विशेष रूप से निगरानी की जा रही है। इस कार्य योजना के एक भाग के रूप में अब तक सात नीतिगत सार प्रस्तुत किए जा चुके हैं। यह नीतिगत सार आरआईएस की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

## ख.19. भारत–कोमेसा संयुंक्त अध्ययन रिपोर्ट

**अनुसंधान दल : प्रोफेसर एस के मोहंती एवं डॉ0 प्रियदर्शी दास एवं सुश्री सुराजिता राउत**

संयुक्त अध्ययन समूह (जेएसजी) द्वारा भारत एवं कोमेसा के बीच एक व्यापक आर्थिक सहयोग व्यवस्था की व्यवहार्यता की जांच के लिए आरआईएस से अनुरोध किया गया था। इस अध्ययन के अधिदेश में गहन द्विपार्श्विक आर्थिक सहयोग के लिए भारत एवं कोमेसा के बीच आर्थिक प्रतिबद्धताओं के विभिन्न आयामों पर बल देना था। कोमेसा व्यापार एवं निवेश के लिए भारत के एक महत्वपूर्ण निर्दिष्ट स्थान के रूप में उभर रहा है। अभी हाल ही के वर्षों में द्विपार्श्विक व्यापार संबंधों में मंदी से पूर्व की अवधि की तुलना में बड़ी तेजी से बढ़ोतरी हुई है। यह अफ्रीका के बड़े व्यापार खंडों में से एक है जोकि पूर्व से उत्तर अफ्रीका तक फैला हुआ है तथा जिसमें महाद्वीप के चौबीस देश शामिल है।

इस अध्ययन में कूटनीतिक तथा आर्थिक हितों एवं पारस्परिक सहयोग का निर्धारण करना( वस्तुओं, सेवाओं एवं निवेश में व्यापार को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत ढांचे का प्रस्ताव तैयार करना, द्विपार्श्विक व्यापार एवं आर्थिक संबंधों में मौजूदा सांस्थानिक ढांचे, मूल संरचनात्मक सुविधाओं एवं प्रक्रियाओं की समीक्षा करना। सेवाओं में व्यापार को तेजी से बढ़ाने के अवसरों का निर्धारण करना और क्रमिक रूप से प्राथमिकता के आधार पर महत्वपूर्ण क्षेत्रों को शामिल करते हुए सेवाओं में व्यापार को उदार बनाना, सीमा पार से निवेश के प्रवाह को प्रोत्साहित करने के लिए अनुकूल परिवेश तैयार करने के दृष्टिकोण से निवेश सहयोग के लिए रूपात्मकता तैयार करना, सीईपीए की संभावनाओं एवं कार्यक्षेत्र की खोज करना, वस्तुओं में व्यापार, निवेश, बौद्धिक संपदा अधिकार, गैरटैरिफ अवरोधक, व्यापार तथा सेनेटरी एवं फाइटोसेनेटरी संबंधी मामलों में विशेष रूप से तकनीकी अवरोधकों सहित द्विपार्श्विक आर्थिक संबंधों के समस्त क्षेत्रों को शामिल करना, पारस्परिक स्वीकृति संबंधी करार, व्यापार संबंधी सुविधाओं एवं सीमा शुल्क संबंधी प्रक्रियाए, प्रतिस्पर्धी नीति, एकाधिकार एवं राज्य उद्यम विवादों का निपटान आदि करना शामिल है। विभिन्न परिदृश्यों के अंतर्गत प्रस्तावित व्यवस्था के कल्याण संबंधी प्रभावों की जांच करने के लिए एक गणनीय सामान्य संतुलन (सीजीई) प्रतिमान प्रस्तुत किया जाएगा। इस अध्ययन के पूरा होने में एक वर्ष का समय लग सकता है।

इस अध्ययन के लिए आरआईएस को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सूचना भागीदार के रूप में पदनामित किया गया है। इस अध्ययन का पहला चरण पूरा हो गया है और इसकी अंतरिम रिपोर्ट वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय को सौंप दी गई है। इस अंतरिम रिपोर्ट में दोनों अर्थव्यवस्थाओं के मुख्य क्षेत्रों पर किया गया विचार विमर्श शामिल है। अभी हाल ही में रिपोर्ट के शेष अध्यायों को तैयार करने के लिए नई दिल्ली में भारत एवं कोमेसा के अध्ययन दल के बीच एक संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया था।

## ख.20. जीएटी के अंतर्गत दृश्य–श्रृव्य सेवाओं में भारत का व्यापार

**परियोजना प्रमुखः प्रोफेसर राम उपेन्द्र दास**

इस अध्ययन में दृश्य–श्रृव्य सेवाओं के क्षेत्र में विशेषकर फिल्मों, टेलीविजन, रेडियो, संगीत आदि में निर्यात संभावनाओं का विश्लेषण किया जाएगा जहाँ भारत द्वारा स्वायत्त रूप से अपनाए गए उदारीकरण के प्रभाव की अनिश्चितता अभी भी बनी हुई है। इससे हम इस दिशा में सुझाव दे सकेंगे कि हम डब्लयूटीओ में अपनी वार्ताओं को किस प्रकार से आगे बढ़ा सकते हैं और दृश्य–श्रृव्य सेवाओं से संबंधित क्षेत्रों में किस प्रकार की प्रतिबद्धता कर सकते हैं। इस अध्ययन से डब्लयूटीओ के सदस्य देशों के साथ भारत के व्यापार के गहन विश्लेषण के माध्यम से इस क्षेत्र में व्यापार में बढ़ोतरी के लिए भारत की उन संभावनाओं का भी पता चल सकेगा। इस अध्ययन से भारतीय दृश्य–श्रृव्य सेवाओं के निर्यातकों के समक्ष आ रही बाधाओं की तथा इन देशों द्वारा भारतीय सेवाओं के आपूतिकर्ताओं के प्रति किए जा रहे भेदभावपूर्ण व्यवहार की भी जानकारी हो सकेगी। इस अध्ययन में सरकार द्वारा द्विपार्श्विक एवं बहुपार्श्विक वार्ताओं के माध्यम से इन बाधाओं को दूर करने के निवारक उपायों की भी जानकारी दी जाएगी। इस प्रक्रिया में भारत सरकार के पूर्व सचिव श्री पवन चोपड़ा द्वारा किए गए महत्वपूर्ण योगदान से भी इस अध्ययन में लाभ मिला है। यह अध्ययन मंत्रालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया गया है। इस अध्ययन को भागीदारों, परामर्शदाताओं तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त सुझावों के पश्चात ही अंतिम रूप दिया जाएगा। आरआईएस द्वारा यह अध्ययन वाणिज्य विभाग, भारत सरकार की ओर से किया जा रहा है।

## ख.21. विकासशील देशों में परिष्कृत निर्यात : उभरते रुझान और चुनौतियां

**अनुसंधान दलः प्रोफेसर प्रबीर डे और सुश्री श्रेया पान**

विश्व के वित्तीय संकट के कुछ वर्षों को छोड़ कर पिछले डेढ़ दशक में व्यापारिक वातावरण उदार

देखा गया हैं। मुख्य रूप से ये क्षेत्रीय व्यापार समझौतों से या बहुपक्षीय व्यापार व्यवस्था के कारण बढ़ा है । हमने पाया है कि माल, सेवाओं, लोगों और पूंजी की सीमाओं के पार गमना–गमन में वृद्धि हुई है जिससे वास्तव में कई विकासशील देशों का तेजी से और निरंतर आर्थिक विकास किया है। साहित्य दर्शाता है कि सीमाओं के पार उत्पाद अपखंडन के विस्तृत प्रचार से व्यापार प्रवाह बढ़ता है जिससे विकासशील देशों के निर्यात हिस्से में वृद्धि होती है। परिवहन की गिरती लागत, प्रत्यक्ष व्यापार बाधाओं में ढील, व्यापार नियमों में बढ़ती पारदर्शिता, आदि भी प्रमुख कारक रहे हैं जिनसे निर्यात में विशेज्ञता का संचार हुआ है और यह परिष्कृत रूप से बढ़ा है ।

अध्ययन के दो प्रमुख उद्देश्य हैं। सबसे पहले तो हम निर्यात परिष्कार की सीमा का परिमाप देखें और दूसरा हमारा प्रयास है निर्यात के प्रमुख निर्धारकों को समझना। प्रथम उद्देश्य पर गौर करते हुए यह अध्ययन निर्यात परिष्कार के दो पहलुओं पर केंद्रित है। पहला एचएचआर के दृष्टिकोण पर आधारित है और देश के निर्यात आय के स्तर को देखता है (ईएक्सपीवाई–लेखों में शब्दावली अनुसार)। एचएचआर के दायरे के अनुसार यह देश स्तर मान है जो कि प्रत्येक उत्पाद निर्यात के साथ जुडे सकल घरेलू उत्पाद प्रति व्यक्ति के स्तर कि एक भारित औसत के रूप में परिभाषित किया गया है। जहाँ प्रत्येक निर्यात किए उत्पाद देश के कुल निर्यात में शेयर मूल्य पर आधारित है। हम उत्पाद स्तर के परिष्कार का परिमाप भी देखते हैं (पीआरओडी–लेखक की शब्दावली में। दूसरा घटक है निर्यात समानता सूचकांक (ईएसआई)। यह सूचकांक दो अर्थव्यवस्थाओं की निर्यात प्रोफाइल के बीच समानता की डिग्री का आकलन करता है ।

दूसरे उद्देश्य को पैनल डेटा मॉडलिंग और पैनल सहएकीकरण के माध्यम से पाने की कोशिश की गई है। हम निर्यात परिष्कार का उपयोग पैनल प्रतिगमन में यह जांचने के लिए करते हैं कि क्या यह वृद्धि और प्रमुख अवधारकों से जुड़ा हुआ है। हमने विकासशील देशों के चार उभरते बाजारों यथा ब्राजील, चीन, भारत और तुर्की पर विचार किया और पिछले एक दशक की अवधि अर्थात 2000 से 2011 तक की अवधि को आधार बनाया।

विकासशील देशों में निर्यात तेजी से बढ़ रहा है इसलिए निर्यात परिष्कार मापन से देश की विकास संभाव्यता को समझने में सहायक रहता है। इस अध्ययन के परिणामों से पता चलता है कि कैसे विकासशील देश निर्यात परिष्कार में विकसित देशों की तुलना में आगे आ रहे हैं। यह विकासशील देंशों को अपने निर्यात प्रसार उन्नयन के अवसर के लिए नीति दिशा प्रदान करता है।

इस अध्ययन का प्रमुख भाग पूरा किया जा चुका है और शोध पत्र तैयार किया जा रहा है।

## ख.22. भारत–मालदीव आर्थिक सहयोग को गूढ़ बनाना

**अनुसंधान दलः राजदूत श्याम सरन और प्रोफेसर राम उपेंद्र दास**

अध्ययन मध्यम से लंबी अवधि के भारत–मालदीव आर्थिक सहयोग को मजबूत बनाने के विभिन्न आयामों पर केंद्रित है। यह उन तत्काल पहलुओं पर भी केन्द्रित है जिनमें वर्धित सहयोग की आवश्यकता है। इसमें नीतिगत संस्तुतियों और कार्यान्वयन उपाय शामिल हैं जो विभिन्न क्षेत्रों यथा – परिवहन संयोजकता, दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी संयोजकता, पूंजी बाजार और वित्तीय क्षेत्र का विकास, मानव संसाधन कौशल विकास, दृश्य–श्रव्य सेवाएं और पर्यटन, जो सभी रोजगार जनक, व्यापार सर्जक और निवेश सुकर हैं।

## ख.23. ईएएस प्रक्रिया के लिए भारतीय आर्थिक गतिशीलता से तात्पर्य

**परियोजना प्रमुखः प्रोफेसर राम उपेंद्र दास**

एशियाई वास्तविकता का चित्रण एक तरफ तो देशों की विकासात्मक विषमताएं हैं और दूसरी ओर व्यापक अखिल एशियाई क्षेत्रीय औपचारिक आर्थिक एकीकरण समझौतों की कमी। यह देखते हुए दूसरे का महत्व सर्वोपरि है, कि एशिया का

आर्थिक प्रदर्शन अभूतपूर्व है जिसे एशियाई विकास आवेगों के आधार पर कायम रखना जरूरी है। यह और भी अधिक प्रासंगिक हो जाता है विशेष रूप से हाल के संकट के समय में आर्थिक लचीलेपन के संदर्भ में हालांकि विभिन्न देशों में इसकी अपनी विविधताएं हैं।

जबकि बहुधा क्षेत्रीय सहयोग के उपाय व्यापार उदारीकरण और निवेश सहयोग समझौतों की ओर ले जाते हैं वे काफी हद तक विकास के गरीबी उन्मूलन जैसे लक्ष्य की प्राप्ति में प्रासंगिक और कारगर नहीं रहे हैं। तथापि क्षेत्रीय आर्थिक एकीकरण समझौते नीतितंत्र का महत्वपूर्ण पक्ष माने जाते हैं जो कि विशेष क्षेत्र में विकास की विषमताओं को दूर करने के लिए आवश्यक हैं।

भारत के आर्थिक प्रदर्शन को दुनिया भर में एक सर्वश्रेष्ठ अर्थव्यवस्था माना गया है, यहां तक कि हाल के वैश्विक आर्थिक संकट के समय में भी। जैसा कि देखा गया है भारत ने हाल के वर्षों में अपनी क्षमताएं और आर्थिक स्वरूप विकसित किया है जो किसी भी क्षेत्रीय आर्थिक इकाई और भौगोलिक विन्यास के एकीकरण में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इसके अलावा भारत को अपने अनुभवों और क्षमताओं को दर्शाने का व्यापक एक अवसर दिया है। अपनी समृ) के आयामों को साझा करने के लिए सॉफ्ट पावर माना जाता है। ऐसे विषय पर किसी अध्ययन में सॉफ्ट पावर के पहलू को वाणिज्यिक दृष्टि से अब तक देखा नहीं गया है।

ऊपर्युक्त की पृष्ठभूमि में इस अध्ययन के बुनियादी उद्देश्य हैं:

- विश्लेषणात्मक और प्रयोगाश्रित दोनों तरह से दर्शाना की भारत की आर्थिक गतिशीलता ईएएस प्रक्रिया में क्या प्रभाव लाती है विशेषकर अपने विकासात्मक निहितार्थों से।
- ये देखना कि कैसे भारत की सॉफट पावर इसका सांस्कृतिक और नैतिक पहलू ही नहीं हैं अपितु एशिया के भीतर अपने एकीकरण के लिए आर्थिक तौर से महत्वपूर्ण है।

## ख.24. भारत और सीएलएमवी क्षेत्र के बीच आर्थिक एकीकरण : क्षेत्रीय मानक श्रृंखला बनाने में चुनौतियां

**परियोजना प्रमुख : प्रोफेसर राम उपेन्द्र दास**

प्राचीनकाल से ही भारत और कम्बोदिया, लाओस, म्यांमार और वीयतनाम (सीएलएमवी क्षेत्र) में सभ्यतागत, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंध हैं। लम्बे अर्से से लोग, सामान, पूंजी और धारणाएं भारत और सीएलएमवी देशों के बीच अधिकतर पर्यटित रही हैं। तथापि आज इन संयोजनों को अप्रयुक्त क्षमताओं के रूप में देखा जा रहा है। आरंभिक प्रेक्षण बताते हैं कि भारत की पूर्व की ओर देखो नीति में भारत और सीएलएमवी आर्थिक एकीकरण पर पर्याप्त रूप से ध्यान केंद्रित नहीं किया गया है। भारत के व्यापार और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) संयोजन में भारत और सीएलएमवी तथा शेष आसियान क्षेत्र के बीच विषमताएं हैं। इसे अंकित करना महत्वपूर्ण है कि भारत का व्यापार और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश संयोजन सीएलएमवी में भी असममित है जो कि वियतनाम और म्यांमार में अधिक है। यह भारत और सीएलएमव क्षेत्र के बीच अधिक से अधिक आर्थिक एकीकरण के अवसर प्रस्तुत करता है।

समूचे आसियान क्षेत्र में भीतर व बाहर मजबूत उत्पादन नेटवर्क तथा क्षेत्रीय मूल्य श्रृंखला आसियान कि विशेषता दर्शाते है। दूसरी ओर भारत अपने पड़ोस में क्षेत्रीय मूल्य श्रृंखला में लगभग पीछे छूट गया है। सीएलएमवी क्षेत्र सभवतः भारत को लागत लाभ व श्रम लागत के विवाचनीय उल्लेखनीय संभावय पक्ष के रूप में भारत की क्षेत्रीय मूल्य श्रृंखला के विकास की तलाश में अवसर प्रदान करता है ।

इसे देखते हुए और सीएलएमवी देशों में विकास घाटा व भारत की विभिन्न क्षेत्रों में मूल्य श्रृंखला को लाभप्रद बनाने की जरूरत को दृष्टिगत करते हुए यह स्वाभाविक है कि भारत आर्थिक एकीकरण के लिए सीएलएमवी के भौगोलिक और आसन्न क्षेत्र पर ध्यान केन्द्रित करे।

## ख.25. विकासात्मक नीतियां और व्यापारः उदगम के नियमों के माध्यम से वैश्विक और क्षेत्रीय मूल्य श्रृंखला का सुदृढ़ीकरण

**अनुसंधान दलः प्रोफेसर राम उपेंद्र दास और डॉ राजन सुदेश रत्न**

विश्व की अर्थव्यवस्था में मूल्य श्रृंखला की प्रधानता बढ़ती जा रही है जो कि विकास के विभिन्न सतरों पर देशों को शामिल करती है। माल का उत्पादन और सेवाएं ज्यादातर स्थानीय कारणों और दूसरे स्थानों के साथ प्रभावी सेवा कड़ियों के कारण के तेजी से बढ़ रहे हैं जो मानव संसाधन और प्रतिस्पर्धी लागत अवसरों पर निर्भर हैं। देशों के बीच इस तरह के उत्पादन अवयवों का व्यापार और निवेश प्रवाह पर महत्वपूर्ण साबित होता है। दूसरी ओर, क्षेत्रीय और द्विपक्षीय व्यापार समझौतों के तहत उद्गम के नियम विवादास्पद बने रहे हैं क्योंकि कुछ धारणाओं के तहत उन्हें गैर–टैरिफ बाधाओं के रूप में देखा जाता है। और तो और अक्सर यह तर्क दिया जाता है कि उत्पादन विखंडन और वैश्विक व क्षेत्रीय आपूर्ति कड़ियों में उद्गम के नियम आवश्यक ही नहीं हैं ।

इसका विरोध करते हुए पुस्तक दूसरे पहलु को सामने लाती है। मौजूदा साहित्य में पुस्तक का प्रमुख योगदान यह है कि यह पुस्तक अनदेखे को देखने में सहायता करती है। ऐसा करने के लिए एक ओर वैश्विक मूल्य श्रृंखला (जीवीसी) और क्षेत्रीय मूल्य श्रृंखला (आरवीसी) तथा दूसरी ओर उद्गम के नियमों को जोड़ना है। पुस्तक आरटीए के बुनियादी उद्देश्यों की व्याख्या करती है कि मूल्यवर्धित फार्मूलों एवं समूह उद्गम नियमों के प्रावधान के माध्यम से अन्तर क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ावा देना है। नतीजतन यह आरटीए भागीदारों के बीच द्विपक्षीय/क्षेत्रीय आपूर्ति श्रृंखला को बढ़ावा देता है। इसलिए यदि मूल नियम सावधानीपूर्वक बनाए जाते हैं तो मूल्य श्रृंखलाओं को पर्याप्त बना सकते हैं और एक क्षेत्रीय आर्थिक समूह में विनिर्माण गतिविधियां बढ़ाते हैं जिससे रोजगार के अवसर पैदा होते हैं।

कुछ देश निर्माताओं के रूप में दुनियां में अपना स्थान रखते हैं लेकिन वे अपनी विकास संबंधी जरूरतों का ख्याल नहीं रख पाए हैं जैसे कि पर्याप्त रोजगार प्रदान करना। आपूर्ति श्रृंखला के विभिन्न क्षेत्रों में थोड़े से स्थानीय मूल्यवर्धन ने इसकी फनरीक्षण आवश्यकता को उजागर किया है। ऐसा इसलिए है क्योंकि क्षेत्रीय मूल्य श्रृंखला पर ध्यान केंद्रित करते हुए घरेलू स्तर पर विनिर्माण पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया है। मौजूदा साहित्य में इस पहलू पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया है। उद्गम के नियमों के साथ जीवीसी और आरवीसी को जोड़ना इस पुस्तक का प्रमुख विश्लेषणात्मक और नीतिनियामक योगदान है।

## ख.26. भारत के एफटीए/सीईसीए की तुलना

**परियोजना प्रमुखः प्रोफेसर राम उपेंद्र दास**

सिंगाफर, मलेशिया, आसियान, जापान और दक्षिण कोरिया के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) और व्यापक आर्थिक समझौतों (सीईसीए) की तुलना करने का कार्य चल रहा है। मौजूदा व्यवस्था में यह मुख्य रूप से भारत व्यापार की माल प्रदर्शन में शुल्क उदारीकरण के कार्य की तुलना करता है यद्यपि उक्त के अवधारण के लिए शुल्क उदारीकरण ही एक मात्र परिवर्ती घटक नहीं है। मैक्रो स्तरीय व्यापार डाटा–6 अंक स्तरीय व्यापार वर्गीकरण के तहत मैक्रो स्तरीय व्यापार प्रदर्शन एक विस्तृत निष्पादन है। दूसरे चरण में डेटा की उपलब्धता के आधार पर जहाँ भी लागू हो व्यापार और सेवाओं में एफडीआई प्रदर्शन का आकलन किया जाएगा। इन समझौतों का समग्र रूप से भारत को व्यापार और आर्थिक लाभ की परिकल्पना से मिलने वाले लाभ की जांच के लिए इस्तेमाल किया जाएगा ताकि समूची एफटीए/सीईसीए की कार्यनीति की प्रभावकारिता का आकलन किया जा सके।

## ख.27. ट्रांस–पेसिफिक पार्टनरशिपः भारत में कपड़ा, वस्त्र और जूते के क्षेत्र पर इसका प्रभाव

**अनुसंधान दलः राजदूत वी एस शेषाद्रि और सुश्री रमा अरुण कुमार**

ट्रांस–पेसिफिक पार्टनरशिप (टीपीपी) एक मुक्त व्यापार समझौता है जो 12 देशों में किया जा रहा

है जिसमें शामिल हैं ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई, कनाडा, चिली, जापान, मलेशिया, मेक्सिको, न्यूजीलैंड, पेरू, सिंगाफर, संयुक्त अमेरिका और वियतनाम। समझौते में बाजार अभिगम, व्यापार नियम एवं घरेलू विनियम जैसे क्षेत्रों पर अध्ययन किया जाएगा और इसमें 29 अध्याय होंगे। इन मुद्दों में से सबसे संवेदनशील है बाजार अभिगम जिसका भागीदारों पर तत्काल प्रभाव होगा ।

यह अध्ययन टैरिफ में कमी और उद्गम के नियमों के प्रभाव पर ध्यान केंद्रित करेगा जो भारत में टीपीपी प्रावधानों के तहत कपड़ा तथा वस्त्र और जूता सेक्टर पर होगा। वार्ता की वर्तमान स्थिति पर आधारित अंतिम समझौते का भारत में इन सेक्टरों पर क्या प्रभाव रहेगा इसका आकलन किया जा रहा है।

टीपीपी देशों को विशेष रूप से अमेरिका में भारत के निर्यात में मुख्य रूप से परिधान शामिल हैं। तथापि इसका ज्यादा कपड़ा निर्यात अमेरिका, वियतनाम, पेरू, जापान और कनाडा को भी किया जाता है। बाजार अभिगम प्रावधान दो तरह से भारत के निर्यात को प्रभावित कर सकते हैं। एक है अपने प्रतिस्पर्धी टीपीपी देश वियतनाम को परिधान वस्तुओं में अपना बाजार खोना क्योंकि वियतनाम अधिक नजदीक है और टीपीपी देशों जैसे कि वियतनाम को 'यार्न फार्वर्ड' नियम जैसे प्रावधानों के परिणाम स्वरूप मौजूदा आपूर्ति श्रृंखला में अपने सूत, वस्त्र और कपड़ा उद्योग का बाजार खोना।

## ख.28. व्यापार और निवेश में लैटिन अमेरिका और कैरेबियाई देशों के साथ भारत के संबंध

**अनुसंधान दलः प्रोफेसर एस के मोहंती, डॉ प्रियदर्शी दाश और श्री मनु सिंह राठौड़**

बाजार अभिगम के लिए प्रतियोगिता की गहनता के साथ विकासशील देशों में एक बड़ी प्रवृत्ति है किपरंपरागत निर्यात गंतव्यों से एकाग्रता हटा कर विकासशील देशों की उन्नत और उभरती अर्थव्यवस्थाओं में निवेश के विस्तार अवसरों पर ध्यान केंद्रित करना है। इस दृष्टि से लैटिन अमेरिका और कैरेबियन (एलएसी) क्षेत्र भारत की कार्यनीति के रूप से अधिक व्यापक और व्यापक आर्थिक सहयोग के लिए महत्वपूर्ण हैं। दूसरी ओर एलएसी देशों में भारत के साथ व्यापार संबंधों को गहरा बनाने के लिए दिलचस्पी बढ़ रही है जो एशिया की ओर ध्यान केन्द्रित करने के रूप में है। यद्यपि वर्तमान एलएसी देशों के साथ भारत के व्यापार का स्तर अन्य बाजारों की तुलना में कहीं कम है लेकिन भारत उभरते एलएसी को भविष्य में व्यापार का एक महत्वपूर्ण साझेदार मानता है। इसके अलावा भारत ने 'फोकस एलएसी कार्यक्रम' के माध्यम से इस क्षेत्र पर जोर दिया है जो नीति निर्देश और विशिष्ट नीतिगत उपाय सूचीबद्ध करता है और भविष्य में क्षेत्र में देश का व्यापार और निवेश बढ़ाने का उपक्रम करेगा। वैश्विक व्यापार में तेजी से होने वाली परिवर्तन परिदृश्य को देखते हुए भारत को एलएसी क्षेत्र के प्रति अपनी नीतियों का आकलन करने की जरूरत है और इसमें 'फोकस्ड एलएसी' कार्यक्रम भी शामिल है।

एलएसी क्षेत्र के लिए भारत की मौजूदा व्यापार नीतियों की प्रभावशीलता का जायजा लेने के लिए और भविष्य का रोडमैप तैयार करने के लिए भारत के वाणिज्य मंत्रालय ने आरआईएस से इसके अध्ययन के लिए अनुरोध किया। अध्ययन का उद्देश्य है : (1) भारत और एलएसी क्षेत्र की अर्थव्यवस्था के बीच व्यापार और निवेश संबंधों का विस्तार और प्रकार की संवीक्षा करना (2) लक्षित योजनाओं और कार्यक्रमों जैसे की भारत के "फोकस एलएसी कार्यक्रम" और एलएससी के "एशिया की ओर देखने" के द्वारा क्षेत्र में व्यापार और निवेश बढ़ाने की प्रासंगिकता, वांछनीयता और प्रभावकारिता में संगतता स्थापित करना और (3) भारत के निर्यात की एलएसी में प्रतिस्पर्धा और साथ ही साथ चीन, दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील और अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं का मूल्यांकन।

# ग. सम्पर्क एवं क्षेत्रीय सहयोग

## ग.1. म्यांमार में विकास के गलियारे : भारत के लिए विवक्षाएँ

**अनुसंधान दलः राजदूत श्याम सरन, प्रोफेसर विश्वजीत धर, प्रोफेसर प्रबीर डे एवं अन्य**

म्यांमार संसाधनों से समृद्धि देश है। यह भारत के

समीप और दक्षिण पूर्व एशिया को जोड़ने वाले एक फल के रूप में है। यह भारत को उसके प्रमुख आर्थिक साथी बनने के लिए उल्लेखनीय अवसर प्रस्तुत करता है। हाल ही में देश में हुए राजनीतिक परिवर्तन और आर्थिक सुधारों ने देश में नए रास्ते खोले हैं जिन्हें अनुसारित रखा जाना चाहिए। लेकिन अब हम अपने को अधिक प्रतिस्पर्धी पर्यावरण में पाएंगे क्योंकि देश अब पूरे संसार के लिए खुला है। सरकार और कॉर्पोरेट क्षेत्र की समन्वित कार्यनीति बहुत जरूरी है जिसमें प्राथमिकताओं को स्पष्ट करना है और लिए गये निर्णयों को लागू करने की इच्छा रहनी चाहिए। इस कार्यशाला में यह अनुशंसा की गयी कि आरआईएस म्यांमार संबंधी विकास पथ पर एक अध्ययन करे।

अध्ययन में भारत का म्यांमार के साथ औपचारिक और अनौपचारिक पथों द्वारा व्यापार संबंध समझने का प्रयास होगा। म्यांमार में नई अवसंरचना या विकास की बनाई जा रही योजना का तथा उनके भारत पर सामान्य रूप से तथा भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में विशेष रूप से प्रभावों को जानने के लिए विस्तृत अध्ययन किया जाएगा। अध्ययन में पूर्वोत्तर की सीमा पर अवसंरचना की मौजूदा स्थिति और निष्पादन की संवीक्षा की जाएगी। यह अध्ययन क्षेत्रीय सहयोग की ताकत व आयमों की भी जांच करेगा।

इस अध्ययन में यह समझने का प्रयास है कि:

(i) म्यांमार के संसाधनो को विकास के पथों से जोड़ना, (ii) संसाधन आधारित उद्योगों के लिए अवसर जो म्यांमार और भारत के पूर्वोत्तर में परियोजनाओं को उत्पन्न करेंगे, और (iii) पेट्रोकेमिकल्स, कपड़ा और वस्त्र, रबर और अन्य बागानी फसलेंए प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ और समुद्री उत्पाद इत्यादि जैसे क्षेत्रों में भारत और म्यांमार के बीच उत्पादन नेटवर्क में कार्य विस्तार और अवसर। अंततः इन जांचों के आधार पर एक सुसंगत रणनीति विकसित की जाएगी जो कि व्यापार (और निवेश भी) के मौजूदा स्तर को मजबूत बनाने, भारत और म्यांमार में विकास पथ को स्थापति करने के मूलभूत कार्य को भी पूरा करेगी।

## ग.2. ग्लोबल वित्तीय प्रबंधन : ब्रिक्स के लिए विवक्षाएं

**अनुसंधान दलः प्रोफेसर विश्वजीत धर और डा. प्रियदर्शी दाश**

वित्त की दुनिया के घटनाक्रम का निर्भ्रांत तथ्य यह इंगित करता है कि प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को अपने नीतिक समन्वय को इस हद तक बढ़ाना है कि यह सुनिश्चित हो सके कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को आगे अनिश्चितताओं का सामना न करना पड़े जैसा कि संकटपूर्व की घटनाओं में सामने आया था । ऐसे नीति समन्वय की जरूरत इसलिएपैदा होती है कि 2008 के वित्तीय संकट के समय हाल के प्रकरण में सामने आए जिसे तत्परता के साथ निपटा जाना चाहिए अन्यथा इसके दूरगामी प्रभाव हो सकते हैं।

ऐसे परिणामों की कुंजी है प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के मंच जैसे कि ब्रिक्स और जी–20 जो ऐसा तंत्र प्रदान कर सकते हैं जो वित्तीय क्षेत्र के प्रभावी निरीक्षण की क्षमता रखते हैं। वास्तव में ब्रिक्स के दूसरे शिखर सम्मेलन जो 2010 में हुआ नेताओं ने सभी क्षेत्रों में विनियमन और पर्यवेक्षण को बढ़ावा देने के लिए और वित्तीय बाजारों की संस्थाओं और तंत्र में सहयोग को बढ़ावा देने और मजबूत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने उनकी प्रतिबद्धता के लिए अपने स्वयं के राष्ट्रीय नियमों में सुधार करने के लिए भी यह रेखांकित किया ताकि अंतरराष्ट्रीय मानक स्थापित करने वाले संस्थानों साथ मिलकर काम करने के लिए अंतरराष्ट्रीय वित्तीय विनियामक प्रणाली को सुधारों को आगे बढ़ाया जाए।

वित्तीय क्षेत्र की शासन व्यवस्था के संबंध में ब्रिक्स नेताओं द्वारा बनाई गयी व्यापक रूपरेख पर्याप्त लग रही है। तथापि पिछले शिखर सम्मेलन के बाद की घटनाएं दर्शाती हैं कि ब्रिक्स को और गहन दृष्टि केन्द्रित करने की जरूरत है।

हमारा अध्ययन इस तरह की दो घटनाओं पर ध्यान केंद्रित करेगा जिन पर ब्रिक्स का ध्यान अपेक्षित है जो इन देशों को काफी प्रभावित कर सकते हैं। पहला है बैंकिंग क्षेत्र के नियमों को मजबूत बनाना जिसकी रूपरेखा बैंकिंग पर्यवेक्षण पर बनी बेसल समिति ने 2010 में अंगीकार की

थी। दूसरा मात्रात्मक सरलता के प्रभाव से संबंधित अमेरिकी प्रशासन का प्रयास है। इस कार्रवाई से उपजे पूंजी प्रवाह से परोक्ष रूप से मुद्रा युद्ध का अंदेशा बढ़ गया। कई प्रमुख अर्थव्यवस्थाऐं अपनी मुद्राओं को प्रतियोगी बनाए रखने के लिए पूंजी नियंत्रण का सहारा ले रही हैं।

## ग.3. आरईडब्लयूएआरडीः प्रदर्शन के आधार पर नवपर्वतन पुरस्कार

**अनुसंधान दलः प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी और डॉ के रवि श्रीनिवास**

आरईडब्लयूएआरडी, ईयूएफपी–7 द्वारा 2014–2019 के लिए प्रायोजित परियोजना है। सेन्ट्रल लंकाशायर विश्वविद्यालय (यूसीएलएएन), यूके और आरआईएस इस परियोजना में भागीदार हैं। यह परियोजना अंतरराष्ट्रीय बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) प्रणाली में नए क्षितिज खोलेगी। परियोजना की महत्वाकांक्षा है नैतिक और कानूनी तौर पर औषधीय नवपर्वतन के लिए प्रदर्शन आधारित फरस्कार तंत्रव्यवस्था, जो मौजूदा पेटेंट व्यवस्था की पूरक है, वैश्विक गरीब के अहित को काफी हद तक कम करने की कोशिश करती है। वर्तमान आईपीआर प्रणाली गरीबों तक प्राणरक्षक दवाईयों पहुंचनें में दो मायनों में बाधा उत्पन्न करती है। पहला है दवा नवपर्वतनों की ऊंची कीमतें जो अनुसंधान और विकास लागत के रूप में भरपाई समयबद्ध पेटेंट संरक्षण के कारण होती हैं। जबकि उच्च मूल्य स्तर औषधि नवाचार के प्रोत्साहन को बनाए रखता है और नई दवाओं के मूल्य गरीब की पहुंच के बाहर होते हैं। साथ ही गरीबों में होने वाले रोग अक्सर औषधि नवपर्वतन आविष्कारों के लिए निवेश योग्य नहीं होते हैं जिसकी वजह से दवाईयों की अनुपलब्धता रहती है (उपेक्षितरोग)। कई अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान समूह आईपीआर सुधार की योजना पर काम कर रहे हैं जो दवा नवपर्वतन के लिए प्रदर्शन आधारित फरस्कार देंगे। तथापि उनके प्रयास निराशाजनक और मार्गदर्शक विहीन हैं, कौन सा प्रदषण आधारित तंत्र दवा नवपर्वतन के लिए उदीयमान रहेगा यह जानने के लिए आरईडब्लयूएआरडी विश्वस्तरीय नैतिकता अनुसंधान को परिचालक शक्ति के रूप में प्रयोग करेगा। अंतः विषय सहयोग में नीतिविद, वकीलों, अर्थशास्त्रियों, और सांख्यिकीविदा, चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ और विज्ञान व प्रौद्योगिकी नीति और लिंग आधारित अध्ययन का चयनित तंत्र का परीक्षण विकसित और विकासशील देशों में होगा ।

## ग.4. आसियान–भारत समुद्री परिवहन सहयोग

**अनुसंधान दलः प्रोफेसर प्रबीर डे और श्री सुनंदो बसु**

आरआईएस आसियान–भारत केन्द्र (एआईसी) को विदेश मंत्रालय द्वारा आदेशित किया गया है कि वह आसियान–भारत समुद्री परिवहन सहयोग पर अध्ययन करे। मसौदा रिपोर्ट आरआईएस द्वारा 31 जनवरी 2014 को आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रस्तुत की गयी और उस पर चर्चा हुई। रिपोर्ट शीघ्र ही प्रकाशित होगी। एआईसी इस विषय पर बाद में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने की योजना बना रहा है।

## ग.5. आसियान–भारत एयर ट्रांसपोर्ट सहयोग

**अनुसंधान दलः प्रोफेसर प्रबीर डे और श्री सुनंदो बसु**

आरआईएसए–एआईसी विदेश मंत्रालय के लिए आसियान–भारत एयर ट्रांसपोर्ट सहयोग पर अध्ययन करेगा। आसियान और भारत एयर कारगो के लिए खुली आकाश नीति को लागू करने के लिए उत्सुक हैं। साथ ही भारत के व्यापार (विशेष रूप से सेवाओं में व्यापार), को सुविधाजनक बनाने के लिए भारत और आसियान के बीच मजबूत हवाई संपर्क महत्वपूर्ण है। इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य है भारत के विमान वाहक की उपस्थिति विशेष रूप से एयर इंडिया को मजबूत बनाने के लिए रणनीति बनान सामान्यता आसियान देशों में और विशेष रूप से सीएलएमवी में। अध्ययन किया जा रहा है और इसका प्रारूप 2015

के शुरू में तैयार हो जाएगा। एआईसी बहुत जल्द ही इस विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का भी आयोजन करेगा।

## ग.6. आसियान भारत विकास और सहयोग रिपोर्ट

**परियोजना प्रमुख प्रोफेसर प्रबीर डे**

आसियान भारत प्रतिष्ठित व्यक्तियों की सिफारिया पर 2012 स्मृति शिखर सम्मेलन में आसियान के सभी नेताओं ने भाग लिया जिसमें सामरिक आसियान भारत वार्ता के स्तर को ऊपर लाने पर जोर दिया गया। इसके बाद आरआईएस एआईसी की स्थापना हुई। एआईसी भारत सरकार को भारत की आसियान सहयोग प्रक्रिया मजबूत करने में सहयोग करेगा, विशेषकर 2015 तक आसियान समुदाय के यर्थात रूप ग्रहण करने में, जिसके तीन मुख्य संतब आसियान राजनीतिक सुरक्षा समुदाय, आसियान आर्थिक समुदाय तथा आसियान समाजिक–सांस्कृतिक समुदाय। वार्षिक आसियान–भारत तथा विकास सहयोग रिपोर्ट सामरिक भागीदारी उद्देश्यों को पूरा करने के लिये अनुसंधान को सहयोग प्रदान करेगी। रिपोर्ट आसियान–भारत भविष्य स्मृति शिखर सम्मेलन के 'लक्ष्य वक्तव्य' से जुड़े अनेक आर्थिक विषयों पर ध्यान केद्रिंत करेगी जिनका आसियान–भारत संबंधों पर विशेष प्रभाव पड़ेगा। विख्यात अनुसंधान विद्वानों और विशेषज्ञों ने इस रिपोर्ट के अध्याय लिखे हैं। इस रिपोर्ट पर एआईसी एक संगोष्ठी आयोजित करेगा। नबम्बर 2014 में यह रिपोर्ट प्रकाशित की जायेगी।

## ग.7. बीसीआईएमएसी – आर्थिक समुदाय संयुक्त अध्ययन दल की रिपोर्ट

**अनुसंधान दलः प्रोफेसर प्रबीर डे और सुश्री श्रेया पान**

आरआईएस बंगलादेश, चीन और म्यान्मार में आर्थिक कॉरिडोर परियोजना में विदेश मंत्रालय के पूर्व एशिया डिवीजन की सहायता करता है। आरआईएस भी बीसीआईएम संयुक्त अध्ययन समूह (जेसीएस) का सदस्य है। इसके अलावा आरआईएस तीन प्रमुख अध्याय (व्यापार, निवेश और सम्पर्क) लिख रहा है। अध्यायों का पहला मसौदा विदेश मंत्रालय को प्रस्तुत किया गया है।

## ग.8. म्यांमार अनुसंधान और क्षमता निर्माण परियोजना

**परियोजना प्रमुखः प्रोफेसर प्रबीर डे**

म्यान्मार की समृधि, स्तत विकास तथा विशेषकर भारत के साथ आर्थिक रूप से जुड़ने के लिये मानव संसाधन सुधार अति आवश्यक है। आरआईएस ने भारत और म्यान्मार के कई संगठनों जैसे ससेक्स विश्वविद्यालय, आदि के साथ मिलकर इस परियोजना पर काम शुरू किया है। इसका उद्देश्य म्यांमार के अधिकारियों और शोधकर्ताओं को समकालीन वैश्विक और क्षेत्रीय आर्थिक मुद्दों और विल्श्रेषमात्मक क्षमता विकसित करने के लिए प्रशिक्षण देना है। पहला प्रशिक्षण कार्यक्रम जल्दी ही आयोजित किया जाएगा और इस कार्यक्रम का पहला चरण मार्च 2015 तक जारी रहेगा।

## ग.9. आर्थिक गलियारों पर प्रभाव का मूल्यांकन

**अनुसंधान दलः प्रोफेसर प्रबीर डे और श्री मनमीत अजमानी**

यह अध्ययन भूगोलिक प्रतिमान का विकास करेगा जिसका विषलेशण आंकड़ों के आधार पर किया जा सके तथा जिसके साथ भारत आर्थिक (परिवहन) गलियारों के विकास के क्षेत्र में भारतीय राज्यों पर प्रभाव का अध्ययन किया जा सके। भारत को उसके पूर्व के पड़ौसीयों से जोड़ने के लिए चार महत्वपूर्ण गलियारे हैंः (1) बीसीआईएम आर्थिक गलियारा, (2) पूर्व पश्चिम गलियारा (जो कि गोल्डन क्वॉडिलेटरल परियोजना का भाग है), (3) त्रिपक्षीय हाई वे (राजमार्ग) एवं (4) कलादान मल्टीमॉडल ट्रांजिट परिवहन परियोजना, जिन्हे इस अध्ययन के लिये चुना गया है। अध्ययन जारी है और यह 2015 तक पूरा हो जायेगा।

## घ. नई प्रौद्योगिकियाँ और विकास से संबंधित मुद्दे

### घ.1. जैव प्रौघोगिकी और विकास

**अनुसंधान दलः प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी, डॉ. के. रवि श्री निवास और श्री अमित कुमार**

आरआईएस के 1990 के प्रारम्भ से ही एशियन जैव प्रोद्योगिकी और विकास की समीक्षा का प्रकाशन अपने जैव प्रोद्योगिकी और विकास कार्यक्रम के अंग के रूप में करता आ रहा है। इस वर्ष में इसके तीन अंक, सूक्ष्म जैव प्रोद्योगिकी पर एक विशेषांक सहित, प्रकाशित किये गए। आरआईएस जैव विविधता कन्वेंशन के सचिवालय, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, यूनेस्कों और पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के साथ इस काग्रक्रम पर काम कर रहा है। इसके अतिरिक्त, आरआईएस शिक्षाविद्ध, नीति निर्माताओं, विभिन्न देशों के निति विचारकों से इस कार्यक्रम के संबंधित मुद्दों पर आदान–प्रदान करता आ रहा है।

आरआईएस जीवित संवर्धित जीवों (एलएमओ) के सामाजिक आर्थिक प्रभाव के आंकलन पर दो वर्ष के अनुसंधान के कार्य को पर्यावरण तथा वन मंत्राालय की यूएनईपी–जीईएफ के क्षमता निर्माण कार्यक्रम की मदद से कर रहा है। इस परियोजना को पांच संस्थानों के सहयोग से क्रियान्वित किया जा रहा है। जैव प्रौद्योगिकी के नियमन तथा उससे संबंधित निर्णय लेने में यह अध्ययन मदद करेगा।

यूनेस्को जकार्ता द्वारा प्रारम्भ की गई परियोजना के अन्तर्गत जो रिपोर्ट 2010 में 'एशिया प्राशान्त में जैब प्रोद्योगिकी क्षमता' नाम से प्राकशित हुई थी को संशोधित व अद्यतन किया गया है। यह नया संस्करण प्रोफेसर के विजय राघवन, सचिव, जैव प्रोद्योगिकी विभाग द्वारा मार्च 2014 में जारी किया गया। इस रिपोर्ट में एशिया और प्रशान्त के 18 देशों पर अध्याय हैं वैश्विक संदर्भ में क्षमता निर्माण एवं विकास के लिये उठाये जाने वाले उपायों की सिफारिश की गई है। क्षेत्र में जैव प्रोद्योगिकी की आगामी वर्षों में इस कार्यक्रम में गतिविधियां और प्रकाशनों का विस्तार किया जायेगा।

### घ.2. इनोवा पी 2

**अनुसंधान दलः प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी और डॉ के रवि श्रीनिवास**

समानता और औषधियों तक पहुच पर एक अंतराष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन के साथ यह परियोजना पूरी हो गई है। परियोजना के लिये किये गये शोध के आधार पर 'लिविंग ट्री : भारत और चीन में परंपरागत औषधि व सर्वाजनिक स्वास्थ' नामक शीर्षक से एक संपादित खंड को एकेडमिक फाउंडेशन द्वारा प्रकाशित किया गया। सचिन चतुर्वेदी, मिलटोस लडिकास, गुओ लिफेंग और कृष्णा रवि श्रीनिवास ने इसे समपादित किया है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति ने इस पुस्तक की प्रस्तावना लिखी है।

पुस्तक में भारत और चीन में जन स्वास्थ्य में सुधार के लिये परंपरागत दवा और चिकित्सा के उपयोग को बढ़ाने के लिये घनिष्ठ सहायोग की जरूरत पर जोर दिया गया है। दोनों परम्परागत चिकित्सा के अपनाने से जनता में अधिक सहयोग भूमिका निभा सकते हैं। परम्परागत दवाओं के प्रयोग करके नई औषधियों का विकास करने को अनुसुधान को प्रोत्साहित करने के लिये स्वास्थ्य इम्पैक्ट फण्ड प्रयोग करने के प्रस्ताव की सिफारिश की गई है। यह पुस्तक भारत और चीन में पारंपरिक दवा को विनियमित करने में सामने आ रहे मुद्दो और चुनौतियों का वर्णन करती है। यह उधोग द्वारा समाना किये जा रहे मुद्दो व दोनो देशों में पारंपरिक चिकित्सा के संदर्भ में बौद्धिक सम्पदा अधिकारों के उपयोग का भी वर्णन करती है।

आरआईएस यूनिर्वस्टी ऑफ लंकाशायर तथा अन्य शोध संस्थानों के साथ मिलकर अन्य परियोजना 'आरईडब्लयूएआरडी' पर भी कार्य कर रहा है। स्वास्थय तथा औषधियों की उपलब्धता के क्षेत्र में यह परियोजना तथ्यों पर आधारित मानदंडो का अध्ययन करेगी। यूरोपियन रिसर्च काउंसिल ने पांच वर्षों (2014 से 2019) के लिए इस परियोजना के लिए धन उपलब्ध किया है। इस परियोजना पर 2014 के उत्तरार्ध में कार्य प्रारंभ होगा।

## घ.3. एलएमओ के सामाजिक–आर्थिक प्रभाव का आकलन

**अनुसंधान दलः प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी, डॉ के रवि श्रीनिवास और श्री अमित कुमार**

पिछले कई वर्षों से आरआईएस जीवित संवर्धित जीवों (एलएमओ) के सामाजिक–आर्थिक प्रभाव के आकलन से संबंध्ति वैश्विक परिचर्चा का एक भाग रहा है। जैव सुरक्षा पर यूएनईपी–जीईएफ की क्षमता निर्माण परियोजना के चरण–2 के अंतर्गत पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा एक परियोजना का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया जिसका समन्वय आरआईएस द्वारा किया जाएगा। इस प्रस्तावित परियोजना की अवधि दो वर्ष होगी और आरआईएस आईएआरई, जीआईडीआर, आईएसईसी यूएएस राईचूर, एनएएआरएम, एवं टीएनएयू जैसे भागीदार संस्थानों के साथ कार्य करेगा। इस परियोजना में कृषि में एलएमओ के लागत लाभ विश्लेषण के लिए मार्ग निर्देशों एवं पद्धतियाँ तैयार करने पर तथा निर्णय लेने की प्रक्रिया में एलएमओ के सामाजिक आर्थिक पहलू को शामिल करने के लिए ढांचे का विकास करने और सीपीबी के अनुच्छेद 26 तथा विभिन्न संधियों की लागतों एवं लाभों का निर्धरण करने में विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कृषि में एलएमओ के जोखिम–लाभ विश्लेषण करने के लिए मार्ग निर्देश तैयार करने पर विचार किया जाएगा। यह परियोजना आरआईएस द्वारा ट्रांसजैनिक फसलों के सामाजिक आर्थिक प्रभाव तथा जैव प्रौद्योगिकी के विकास संबंधी प्रभावों पर किए गए अध्ययन पर तैयार की गई थी। यह परियोजना स्वयं में एक अनूठी परियोजना होगी क्योंकि इस प्रकार का अध्ययन भारत में पहली बार सुव्यवस्थित एवं व्यापक आधार पर किया जा रहा है। इस अध्ययन से प्राप्त परिणाम कृषि क्षेत्र में जीएमओ पर विकास एवं अनुसंधान करने वाले नीति निर्माताओं, नियामकों एवं संस्थानों के लिए प्रासंगिक होंगे। इस अंतर्विषयक परियोजना को आरआईएस द्वारा एक अग्रणी संस्थान के रूप में कार्यान्वित किया जाएगा। यह परियोजना 2014 के उत्तरार्ध में प्रारंभ होगी।

## घ.4.वैश्विक उत्तरदायी अनुसंधन का संवर्धन

**अनुसंधान दलः प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी, डॉ के रवि श्रीनिवास और श्री अमित कुमार**

उत्तरदायी नवप्रवर्तन का विचार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की अंतर्राष्ट्रीय परिचर्चा मेंशीघ्रता से ध्यानाकर्षित करता है। इस संदर्भ में आरआईएस ने वैश्विक रूप से उत्तरदायी अनुसंधान एवं नवप्रवर्तन (आरआरआई) के लिए नियंत्रण ढांचे के संवर्धन के लिए यूरोपीय संघ के ढांचे–7 के अंतर्गत अन्य अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के साथ भागीदारी की है। इस परियोजना का शीर्षक वैश्विक उत्तरदायी अनुसंधान तथा सामाजिक एवं वैज्ञानिक नवप्रवर्तन का संवर्धन (पीआरओजीआरईएसएस) है। इसको फरवरी, 2013 में प्रारंभ किया गया था। यह यूरोप, अमेरिका, चीन, जापान, भारत, आस्ट्रेलिया एवं दक्षिण अप्रफीका में विज्ञान वित्त पोषण कूटनीतियों तथा नवप्रवर्तन नीतियों की तुलना करेगा। पूरे विश्व के मौजूदा आरआरआई नेटवर्कों को जोड़ते हुए यह वैश्विक स्तर पर नवप्रवर्तन प्रणालियों के अभिसरण को प्रेरित करने के लिए आरआरआई के लिए एक नियामक मॉडल के आसपास सहयोग एवं गति तैयार करने का प्रयास करेगा। आरआईएस भारतीय मामले के अध्ययन के लिए 'समाज के लिए नवप्रवर्तन' विषय में शामिल होगा। इस परियोजना के तहत आरआईएस ने विज्ञान तथा प्रोद्योगिकी एवं भारत में नवपर्वतन तथा उतरदायी अनुसंधान के लिए धन प्रबंधन पर विषय सामग्री उपलब्ध कराई आरआईएस ने इस परियोजना के तहत बेजिंग में हुई बैठकों में भाग लिया। प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी जर्नल ऑफ रिसपॉसिबल रिसर्च एण्ड इनोवेशन के सम्पादकीय मण्डल के सदस्य नियुक्त हुए हैं। यह जर्नल टेलर एण्ड फ्रैन्सिस द्वारा प्रकाशित किया जाता हैं। आरआरआई के यूरोप व अन्य देशों में बढ़ते महत्व को देखते हुए यह संभावित हैं कि आरआरआई इस तरह की अन्य परियोजना में भी शामिल हो।

## घ.5. प्रौद्योगिकी, वैश्विक फर्में एवं रोजगार

**परियोजना प्रमुखः प्रोफेसर राम उपेन्द्र दास**

वैश्विकरण की विवक्षाओं से प्रौद्योगिकीय उन्नति तथा औद्योगिक संगठन में परिवर्तनों के महत्व पर

अधिक बल दिया गया है। वैश्विक फर्मों का अपने वैश्विक प्रचालन कार्यों के साथ उभरना एवं वैश्विक मानदंडों की श्रृंखला में उनकी प्रतिभागिता एक ऐसा विषय है जिसका विविधतापूर्ण विश्लेषण करने की आवश्यकता है। इस संदर्भ में परस्पर विरोधी विवक्षाएँ विश्वसनीय प्रतीत होती हैं। सकारात्मक दृष्टि से, उत्पादन प्रक्रियाओं में परिवर्तन से कई नए उत्पादों की उत्पत्ति संभव हुई है। इसके फलस्वरूप, अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में लागत में अत्यधिक कमी एवं संवर्धित प्रगति संभव हुई है। इसके विपरीत, इसके प्रतिकूल प्रभावों में विभिन्न विवक्षित श्रम बाजार संबंधी जटिलताएँ उत्पन्न हो गई हैं जोकि विकास की वास्तविक प्रक्रिया को बाधित कर सकती हैं। इस अनुसंधान दस्तावेज में कुछ उपयोगी नीतिगत विवक्षाओं के लिए इस प्रकार के तथा अन्य संबद्ध मामलों का सैद्धातिक रूप से तथा अनुभवजन्य दृष्टिकोण से विश्लेषण किया गया है। इस अध्ययन के कुछ प्राथमिक निष्कर्षों को ब्रिटेन के स्कूल ऑफ बिज़नेस एंड इकनॉमिक्स, लोघबोरोह यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित 'वैश्विक फर्में, वैश्विक वित्त एवं वैश्विक असमानताएँ' विषय पर आयोजित सम्मेलन में प्रस्तुत किया गया था तथा अप्रैल, 2012 में कैंब्रिज विश्वविद्यालय में अनुसंधान छात्रों की परिचर्चा बैठक में इसकी औपचारिक जानकारी दी गई थी। प्राप्त टिप्पणियों के आधार पर इस पर कार्य चल रहा है।

## घ.6. स्वच्छ विकास तंत्र के अंतर्गत प्रौद्योगिकी अंतरणः एक बहुराष्ट्रीय विश्लेषण

**परियोजना प्रमुखः प्रोफेसर विश्वजीत धर**

विकसित देशों मे प्रौद्योगिकी का प्रमुख भाग उदगम होता है और पर्याप्त स्तर एवं वहनीय मूल्यों पर प्रौद्योगिकी अंतरण (टीटी) विकसित देशों से विकासशील देशों को होता है जोकि सामान्यतः विकासशील देशों के आर्थिक एवं प्रौद्योगिकीय विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वायुमंडल परिवर्तन के संदर्भ में भी समान स्थिति है कि समुचित एवं प्रभावशाली अनुकूलन कार्रवाई के लिए निम्न कार्बन प्रौद्योगिकियों की एक विस्तृत रेंज का विकास एवं कार्यान्वयन ग्रीन हाऊस गैसों (जीएचजी) के उत्सर्जन में अत्यधिक कटौती करता है। एक स्वच्छ विकास प्रक्षेप–पथ के लिए विकासशील देशों द्वारा किए गए प्रयासों के एक भाग के रूप में किए गए उपाय वहनीय मूल्यों पर उपयुक्त प्रौद्योगिकी के अभिगम तक अनुषंगिक ही होते है। यह भी महत्वपूर्ण है कि जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र प्रफेमवर्क कन्वेनशन (यूएनएफसीसीसी) ने विकासशील देशों के समक्ष आने वाली इन बाधाओं को इनके प्रावधानों (जैसे अनुच्छेद 4.5) के अनुरूप मान लिया है और इन वर्षों के दौरान उनको कार्यान्वित करने के लिए कई प्रयास किए हैं, भले ही वह अधिक सफल नहीं हुए हैं। जहाँ एक ओर इन मामलों के निपटान की दिशा में यूएनएफसीसीसी द्वारा प्रयास किए जा रहे है, वहीं दूसरी ओर प्रौद्योगिकी अंतरण के लिए स्वच्छ विकास तंत्र (सीडीएम) की संभावना एक माध्यम के रूप में उभरी है।

इस पृष्ठभूमि में, आरआईएस द्वारा एक अध्ययन प्रारंभ किया गया जिसका आशय सीडीएम के अंतर्गत प्रौद्योगिकी अंतरण को नियंत्रित करने वाले प्रयासों की जानकारी एकत्र करना था। इस अध्ययन के अंतर्गत प्रथम 1000 सीडीएम परियोजनाओं से प्राप्त जानकारी के आधार पर सीडीएम के अंतर्गत प्रौद्योगिकी अंतरण पर बहुदेशीय अनुभूति मूलक साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया गया। यह अध्ययन उन आंकड़ों पर आधारित होगा जिनको यूएनएफसीसीसी की वेबसाइट से प्राप्त जानकारी के साथ–साथ उन परियोजनाओं के परियोजना डिजाइन दस्तावेज (पीडीडी) के साथ–साथ विचाराधीन समस्त परियोजनाओं के आधार पर तैयार किया जा रहा है। गहन अनुसंधान एवं अनुभूति मूलक साक्ष्यों के विश्लेषण के आधार पर इस अध्ययन में विस्थापन मार्ग के माध्यम से विकासशील देशों को प्रौद्योगिकी अंतरण की विवरणिका एवं चुनौतियों का उल्लेख किया गया है और इस संबंध में उपयुक्त नीतिगत संस्तुतियों का वर्णन किया गया है। इस परियोजना के अतंर्गत एक वार्ता दस्तावेज जल्द जारी करेगा।

## घ.7. निर्धनता एवं निवेश : आर्थिक विकास के माध्यम

**अनुसंधान दलः प्रोफेसर विश्वजीत धर एवं श्री सयन सामंत**

प्रगति से निर्धनता में कमी आती है। इसलिए अधिकांशतः निर्धनता कम करने की जिन नीतियों का अनुपालन किया जाता है वे मूलतः विकास से पूर्व की होती है। हालांकि, विकास के निर्धनता को कम करने वाले प्रभावों से संबंधित साहित्य बड़ी मात्रा मे उपलब्ध है परन्तु निर्धनता को कम करने वाले विकास को बढ़ाने वाले प्रभावों की संवीक्षा नहीं की गई है। नीतियों को प्रभावी बनाने के लिए विकास एवं निर्धनता के बीच के द्विदिशात्मक संबंधें को बेहतर ढंग से अवश्य समझा जाना चाहिए। एक सीमा तक इस प्रश्न का उत्तर स्पष्ट है कि निर्धनता में कमी करने से आर्थिक क्रियाकलाप उच्चतर हो जाते हैं और धनी देशों को यह समझाया जा सकता है कि निर्धनता कम करने के लिए अभिलक्षित अनुदान आबंटन की मात्रा लाभ प्राप्त करने के दृष्टिकोण से न केवल अनुदान प्राप्त करने वाले देश अपितु दाता देश के लिए लाभदायक होती है। प्रायः यह तर्क दिया जाता है कि विकास से पूर्व की समस्त दीर्घकालीन नीतियाँ निर्धनों के लिए होती हैं तथापि यह जांच करनी भी महत्वपूर्ण है कि क्या निर्धनों के लिए बनाई गई नीतियाँ कभी विकास से पूर्व की नीतियों में भी परिवर्तित होती हैं। कोई भी विशिष्ट देश उन अत्यंत महत्वपूर्ण माध्यमों को जानता है जिनके माध्यम से निर्धनता विकास को प्रभावित करती है। उन अनैतिक चक्रों की मौजूदगी का निर्धरण तथा उनको नैतिक चक्रों में उपयुक्त रूप से परिवर्तित करने की संभावनाओं को खोजना काफी अधिक महत्वपूर्ण होता है और उच्च आर्थिक कार्य निष्पादन उपयुक्त नीतिगत व्यतिकरण के सैट के माध्यम से प्रत्येक को फनः आश्वस्त करता है।

प्रयोजन मानवीय एवं भौतिक पूंजी में निवेश के साध्नों के माध्यम से आय पर निर्धनता के प्रभाव को समझना है। हम यह प्रमाणित करने का प्रयास कर रहे हैं कि निर्धनता में कमी करने से देश को अध्कि आय अर्जन करने में सहायता मिलेगी। निर्धनता में कमी करने से भौतिक एवं मानवीय दोनों प्रकार की पूंजी में उच्चतर निवेश होगा। इसके अतिरिक्त, हम यह भी आशा करते हैं कि मानवीय पूंजी के संचय की दर और उसके फलस्वरूप विकासशील देशों में स्वदेशी क्षमता की उत्पत्ति भौतिक पूंजी में निवेश की दर की अपेक्षा निर्धनता में कमी के साथ तीव्र होगी। इसके अतिरिक्त, यदि मौजूदा ऋण बाजार संचालन के साथ निर्धनता मानवीय पूंजी संचयन तथा भौतिक पूंजी में निवेश के लिए एक अवरोधक के रूप में कार्य करती है तो हमें इस प्रकार की नीतियाँ तैयार करने की आवश्यकता है जोकि न केवल बाजार आय का फनः वितरण करे अपितु स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में सरकारी हस्तक्षेप की भी अपेक्षा करे। इसके अतिरिक्त, निर्धनता पर आय के प्रभाव पर अपने निष्कर्षों का प्रयोग करते हुए हम निर्धनता को कम करने के लिए आबंटित अनुदान की प्रभाविकता के पक्ष में तर्क प्रस्तुत करना चाहते हैं कि यह न केवल अनुदान प्राप्त करने वाले देश के लिए अपितु दाता देश के लिए लाभदायक होती है।

## घ.8. विज़न 2050 : भारत एक विकसित देश के रूप में अपने गणतंत्र की शताब्दी किस आधार पर मनाएगा?

**अनुसंधन प्रमुख : डॉ. रामगोपाल अग्रवाल**

भारत का विकास पिछले साठ वर्षों के दौरान मिश्रित रहा है और अभी हाल ही का उच्च विकास प्रक्षेप पथ मौजूदा प्रतिमान में संकटाध्ीन है। भारत को अपने उच्च विकास प्रक्षेप पथ को बनाए रखने के लिए तथा वर्ष 2050 तक उच्च आय वाला देश बनने के लिए संबद्ध नीतियों में सुधार करने की आवश्यकता है। एक बेहतर भारत का निर्माण संभव है बशर्ते कि हम वाशिंगटन से प्रेरित नव उदारतावाद का अप्रचलित सिद्धांत छोड़ दें और संवहनीय समृद्धि हासिल करने के लिए नया प्रतिमान स्थापित करें। इसमें नए प्रतिमान में सार्वजनिक वस्तुओं का प्रावधान एक प्रमुख भूमिका निभाएगा तथा इस प्रकार से सार्वजनिक वस्तुओं के प्रावधान के लिए सार्वजनिक क्षेत्र उत्तरदायी होगा। सरकार

को एक 'समस्या' के रूप में नहीं देखा जाएगा अपितु विकास के लिए एक 'समाधान' के मुख्य भाग के रूप में देखा जाएगा। सार्वजनिक–निजी भागीदारी के ढांचे के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र एक बड़ा भागीदार होगा। यह नया प्रतिमान वर्ष 1950–80 के समाजवादी युग के साथ–साथ वर्ष 1980 के नव उदारतावाद के युग से भिन्न होगा और जर्मनी तथा उत्तरी यूरोप के देशों द्वारा अपनाई गई प्रणालियों के अनुरूप मध्य मार्ग का अनुसरण करने वाला होगा। विश्व में सर्वोत्तम व्यवस्थाओं से सीखते हुए भारत अपनी स्वयं की परंपराओं से संबद्ध अपने स्वयं के विकास प्रतिमान की रचना करेगा। इस नए प्रतिमान के साथ भारत वर्ष 2010–2050 की अवधि के दौरान सकल घरेलू उत्पाद की 7 प्रतिशत वृद्धि दर हासिल करने में सक्षम होगा और एक विकसित देश के रूप में अपने गणतंत्र की शताब्दी मनाएगा। अध्ययन पूरा हो चुका है जिसके आधार पर पुस्तक प्रकाशित होगी।

## घ.9. अभिगम तथा लाभ सहभाजन (ए बी एस) का क्रियान्वयन

**परियोजना प्रमुखः श्री टी सी जेम्स**

डयूश एवं जेसेलसफ्टफर इंटरनेशनल जुसमेनरबिट (जीआईजैड) के लिये जैवविविधता अधिनियम 2002 के अन्तर्गत अभिगम तथा लाभ सहभाजन पर राष्ट्रीय अध्ययन किया गया। दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन शहर में 30–31 जनवरी 2014 को नगोया नवाचार के क्रियान्वयन के लिये व्यवहारिक मार्गों का अनुसरण वार्ता में यह रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी। इस रिपोर्ट के आधार पर नीति सार भी प्रकाशित किया जाएगा।

जैवविविधता अधिनियम 2002 के क्रियान्वयन में रह गई कमियों को पूरा करने की एक समीक्षा यूएनडीपी के लिये की गई थी। इस कानून को क्रियान्वयन करने के लिये प्रभावी संस्थागत मजबूती के लिय एक मार्ग मानचित्र तैयार किया गया है जिसे टिप्पणियों सहित यूएनडीपी को सौंप दिया गया है।

# II

# नीतिगत परामर्शी सेवा

## विश्व बौद्धिक संपदा संगठन

- ❖ पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के औद्योगिक नीति संवर्धन विभाग को अंतर सरकारी समिति के बौद्धिक संपदा और आनुवंशिक संसाधन, पारंपरिक विश्व बौद्धिक संपदा का ज्ञान और परंपरागत विश्वास डब्ल्यूआईपीओ के पच्चीसवें सत्र के लिए विषय सामग्री प्रदान की गई।
- ❖ पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के औद्योगिक नीति संवर्धन विभाग को अंतर सरकारी समिति के बौद्धिक संपदा और आनुवंशिक संसाधन, पारंपरिक विश्व बौद्धिक संपदा का ज्ञान और लोकगीत संगठन (डब्ल्यूआईपीओ) के पच्चीसवें सत्र के लिए जानकारी प्रदान की गई।

## अभिगम तथा लाभ सहभाजन

- ❖ पर्यावरण और वन मंत्रालय के लिए भारत सरकार द्वारा।
- ❖ अभिगम तथा लाभ सहभाजन के क्रियान्वयन पर अध्ययन किया गया।
- ❖ अभिगम तथा लाभ सहभाजन पर नागोया प्रोटोकॉल पर ओपन एंडेड तदर्थ अंतरसरकारी समिति की तीसरी बैठक के लिए पर्यावरण एवं वन मंत्रालय को विषय सामग्री प्रदान की।
- ❖ अभिगम तथा लाभ सहभाजन पर दिशा निर्देशों के अपनाने के लिए पर्यावरण एवं वन मंत्रालय को विषय सामग्री प्रदान की। .

## सार्क

- ❖ वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के लिए आर्थिक सर्वेक्षण 'सार्क क्षेत्र में व्यापार वृद्धि' के सार्क विकास कोश की प्रासंगिकता पर एक दस्तावेज तैयार किया गया।

## ट्रांस–पेसिफिक पार्टनरशिप

- ❖ '21वीं सदी आरटीए के युग में क्या भारत को ट्रांस प्रशांत भागीदारी समझौते में शामिल होना चाहिए।' पर एक दस्तावेज वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के लिए तैयार किया गया।

## भारत–कनाडा आर्थिक सहयोग

- ❖ आरआईएस की रिपोर्ट भारत–कनाडा के बीच व्यापार, ऊर्जा, कृषि, आव्रजन, नवप्रवर्तन, उत्पादन, प्रौद्योगिकी और द्विपक्षीय निवेश क्षेत्रों में आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण नीति अनुसंधान सामग्री प्रदान करती है।

## चीन में भारत का निर्यात

❖ वित्त मंत्रालय भारत सरकार के आर्थिक सर्वेक्षण 2013–14 के लिए 'चीन को भारत की निर्यात संभावनाओं पर एक टिप्पणी तैयार की गई।

## उत्पत्ति के नियम

❖ वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय. भारत सरकार के उत्पत्ति के नियम पर विशेषज्ञ दल के लिए एफटीए और सीईसीए/सीईपीए के अंतर्गत 'भारत के उत्पत्ति नियम' पर एक रिपोर्ट तैयार की।

## क्षेत्रीय मूल्य श्रृंखला

❖ भारत और सीएलएमवी क्षेत्र के बीच क्षेत्रीय मूल्य श्रंखला की संभावनाओं पर वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार. को विषय सामग्री प्रदान की गई।.

## बौद्धिक संपदा अधिकार

❖ अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (एआईसीटीई) और राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (एनआरडीसी) के तकनीकी शिक्षण संस्थानों में बौद्धिक संपदा प्रबंध के लिए योजना तैयार करने के लिए विशेषज्ञ समिति के सदस्य के रूप में जानकारी प्रदान कराई गई।

❖ वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय और मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर के परामर्श के लिए बौद्धिक संपदा अधिकार पर राष्ट्रीय संस्थान/अंतर विश्वविद्यालय केन्द्र एवं एमएचआरडी–आईपीआर पर अध्ययनपीठों की स्थापना और उनकी सुदृढता के लिए जानकारी प्रदान की गई .

❖ इग्नू की बौद्धिक संपदा अधिकार नीति. पर विशेषज्ञ समिति के सदस्य के रूप में जानकारी प्रदान की गई।

# III

# नीतिगत वार्ता की संवृद्धिः सम्मेलन, संगोष्ठी एवं कार्यशालाएँ

## दक्षिण–दक्षिण सहयोग पर दक्षिणी प्रदाताओं का सम्मेलनः मुद्दे और उभरती चुनौतियाँ

आरआईएस संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग (युएनडीसा) एवं भारत के विदेश मंत्रालय के साथ संयुक्त रूप से 15–16 अप्रैल 2013 को नई दिल्ली में दक्षिण–दक्षिण सहयोग में मुद्दे एवं उभरती चुनौतियों पर दक्षिणी प्रदाताओं के एक सम्मेलन का आयोजन किया। संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक मामलों के अंडर सेक्रेटरी जनरल, श्री वू होंगबो ने प्रारंभिक शुरूआत की। श्री रंजन मथाई, विदेश सचिव, विदेश मंत्रालय, भारत सरकार ने मुख्य भाषण दिया. डॉ विश्वजीत धर, महानिदेशक, आरआईएस

आरआईएस के वरिष्ठ फैलो डॉ. सचिन चतुर्वेदी दिनांक 15-16 अप्रैल, 2013 को नई दिल्ली में 'दक्षिण-दक्षिण सहयोग में मुद्दे एवं उभरती चुनौतियों पर दक्षिणी प्रदाताओं के एक सम्मेलन' को संबोधित करते हुए। इसके अतिरिक्त चित्र में (बांए से दांए) दिखाई दे रहे हैं-आरआईएस के महानिदेशक डॉ. विश्वजीत धर, ऑफिस ऑफ दि ईसीओएसओसी सपोर्ट एंड कोऑडिनेशन, यूएन डिपार्टमेंट ऑफ इकनामिक एंड सोशल अफेयर्स के निदेशक श्री नवीद हनीफ, यूनाइटिड नेशनस् के अंडर सेक्रेटरी जनरल फॉर इकनॉमिक एंड सोशल अफेयर्स, श्री हांगबू, विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के विदेश सचिव श्री रंजन मथाई एवं विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव (एमईआर डिवीजन) श्री दिनेश भाटिया।

ने सत्र की अध्यक्षता की। श्री दिनेश भाटिया, संयुक्तसचिव, विदेश मंत्रालय, भारत सरकार ने ध न्यवाद ज्ञापन दिया। दक्षिण–दक्षिण सहयोगः तर्क, अवधारणाएं और आकृति, सबूत के आधार पर विश्लेषण और एसएससी विकास भागीदारी कार्यक्रम का मूल्यांकन, संस्थागत क्षेत्रीय, बहुपक्षीयः एसएससी के लिए संस्थागत ढांचा, दक्षिण दक्षिण सहयोग और पोस्ट–बुसान प्रक्रिया, और आगे का रास्ता जैसे विषय सम्मेलन की कार्यसूची में शामिल थे।

प्रथम कार्यकारी सत्र, दक्षिण–दक्षिण आकृति सहयोगः तर्क, अवधारणाएं विषय पर था। इस सत्र की अध्यक्षता संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के अंडर सेक्रेटरी जनरल श्री वू होंगबो ने की। साक्ष्य आधारित विश्लेषण एवं एसएससी पर आधारित दूसरे सत्र की अध्यक्षता राजदूत मोहम्मद अमीन अबुल एल दहाब, अफ्रीका के साथ तकनीकी सहयोग के लिए मिश्र फंड ने की। श्री पी एस राघवन, विशेष सचिव, विकास साझेदारी प्रशासन (डीपीए), विदेश मंत्रालय, भारत सरकार ने विकास भागीदारी कार्यक्रम के मूल्यांकन विषय पर आधारित तीसरे सत्र की अध्यक्षता की।

सम्मेलन का दूसरा दिन महत्वपूर्ण संदेशों के साथ शुरू हुआ। एसएससी पर संस्थागत ढांचा : क्षेत्रीय एवं बहुपक्षीय एजेंसियां विषय पर आधारित चौथे सत्र पर संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के सहयोग एवं समर्थन कार्यालय के निदेशक, श्री नवेद हनीफ ने की दक्षिण–दक्षिण सहयोग और बुसान के बाद की प्रक्रिया विषय पर आधारित पाँचवें सत्र की अध्यक्षता आरआईएस के वरिष्ठ फैलो डॉ सचिन चतुर्वेदी ने की।

समापन सत्र में सम्मेलन के मुख्य संदेशों एवं आगे बढ़ने के रास्ते पर विचार किया गया। इस सत्र की अध्यक्षता आरआईएस और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड (एनएसबी) के अध्यक्ष राजदूत श्याम सरन ने की। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के सहयोग एवं समर्थन कार्यलय के निदेशक श्री नवेद हनीफ नें टिप्पणियाँ प्रस्तुत की। श्री पिनाक रंजन चक्रवर्ती, सचिव, आर्थिक संबंध, विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा समापन भाषण दिया गया। डॉ विश्वजीत धर, आरआईएस के महानिदेशक द्वारा दिए गए धन्यवाद प्रस्ताव के साथ सम्मेलन का समापन हुआ।

सम्मेलन की प्रमुख संस्तुतियों में साक्ष्य के मुल्यांकन के व्यवस्थित संग्रह और विश्लेषण को मजबूत बनाने, एसएससी कार्यक्रमों और परियोजनाओं को मजबूत करने, चिंताओं और हितों के आपसी मुद्दों को हल करने के लिए बहुपक्षीय और क्षेत्रीय समर्थन और बुसान प्रक्रिया के बाद क्रमवार जवाबी काम के लिए तैयार रहने और अन्य वैश्विक प्रक्रियाओं पर विचार जैसे विषय शामिल थे जिनकी विस्तृत रिपोर्ट आरआईएस की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय व्यापार और आर्थिक सहयोगः प्रवृत्तियां, चुनौतियां और संभावनाएं विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

आरआईएस द्वारा दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय व्यापार और आर्थिक सहयोगः प्रवृत्तियां चुनौतियां और संभावनाएं नामक विषय पर आरआईएस द्वारा 2–3 मई 2013 को नई दिल्ली में राष्ट्रमंडल सचिवालय और लोक कूटनीति प्रभाग, विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के साथ संयुक्त रूप से अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया था। श्री सलमान खुर्शीद, माननीय विदेश मंत्री, भारत सरकार ने मुख्य भाषण दिया और डॉ साइरस रूस्तमजी, निदेशक, आर्थिक मामलों प्रभाग, राष्ट्रमंडल सचिवालय, लंदन ने विशेष भाषण दिया। डॉ विश्वजीत धर, महानिदेशक, आरआईएस ने उदघाटन सत्र को संबोधित किया।

दक्षिण एशियाई आर्थिक सहयोग को मजबूत बनाने विषय पर प्रथमसत्र प्रोफेसर मुचकुंद दुबे, सामाजिक विकास परिषद (सीएसडी) के अध्यक्ष, नई दिल्ली ने की श्री टी. खान, प्रमाण अधिकारियों के नियंत्रक संचार मंत्रालय और सूचना प्रौद्योगिकी, भारत सरकार और उपाध्यक्ष, संयुक्त राष्ट्र के व्यापार सुविधा और इलेक्ट्रॉनिक व्यापार ने व्यापार और परिवहन सहयोग वृद्धि पर आधारित दूसरे

2 मई, 2013 को नई दिल्ली में 'दक्षिण एशिया में क्षेत्रिय व्यापार और आर्थिक सहयोग: प्रवृत्तियां, चुनौतियां और संभावनाएं' विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में माननीय श्री सलमान खुर्शीद, विदेश मंत्री, भारत सरकार मुख्य संबोधन प्रस्तुत करते हुए।

सत्र की अध्यक्षता की। तीसरा सत्र ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग और पब्लिक प्राइवेट साझेदारीमें सहयोग के सुदृढ़ीकरण पर था जिस की अध्यक्षता प्रोफेसर महेंद्र पी लामाए प्रोफेसर, सेंटर फॉर दक्षिण, मध्य, दक्षिण पूर्व एशिया और दक्षिण पश्चिम प्रशांत अध्ययन केंद्र, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली ने की। डॉ जैदी सत्तार, अध्यक्ष, नीति अनुसंधान संस्थान (पंचायती राज), ढाका ने क्षेत्रीय आपूर्ति श्रंखला निर्माण विषय पर आधारित चौथे सत्र की अध्यक्षता की।

दूसरा दिन पांचवें सत्र, क्षेत्रीय निवेश प्रवाह सुविधा और सार्वजनिक–निजी भागीदारी पर शुरू हुआ जिसकी अध्यक्षता डॉ विश्वजीत धर, आरआईएस के महानिदेशक ने की। दक्षिण एशिया में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने पर छटे सत्र को प्रोफेसर अजिताव रायचोधुरी, उच्च अध्ययन केंद्र, अर्थशास्त्र विभाग, जादवफर विश्वविद्यालय, कोलकाता की अध्यक्षता में किया गया। सातवे सत्र ने बदलते वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में दक्षिण एशिया विषय पर एक उच्च स्तरीय पैनल द्वारा गहन चर्चा की गई। इस सत्र को डॉ राजीव कुमार सीनियर फेलो, सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च (सीपीआर), नई दिल्ली की अध्यक्षता में किया गया था।

श्रीमती रिवा गांगुली दास, संयुक्त सचिव (पीडी), सार्वजनिक कूटनीति प्रभाग, विदेश मंत्रालय, भारत सरकारए नई दिल्ली ने समापन भाषण दिया और डॉ मोहम्मद रज़्ज़ाक राष्ट्रमंडल सचिवालय, और डॉ प्रबीर डे, आरआईएस ने धन्यवाद ज्ञापित किया . सम्मेलन का विस्तृत कार्य विवरण आरआईएस वेबसाइट www.ris.org.in पर उपलब्ध है।

## आसियान–भारत के विचारकों के नेटवर्क पर दूसरी गोलमेज वार्ता

आरआईएस, आसियान सचिवालय, विदेश मंत्रालय, भारत सरकार और लाओ पीडीआर के विदेश मंत्रालय के विदेश मामलों के संस्थान ने आसियान–भारत के विचारको के नेटवर्क पर दूसरी गोल मेज सभा का 10 सितम्बर 2013 को वियनटियाने में आयोजन किया।

लाओ पीडीआर के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री माननीय डॉ थगलोन सिसोलिथ ने प्रारंभिक संबोधन प्रस्तुत किया। भारत के विदेश मंत्री माननीय सलमान खुर्शीद ने उद्घाटन संबोधन प्रस्तुत किया। आसियन सचिवालय, जकार्ता के

10 सितंबर, 2013 को वियनटियाने में 'आसियान-भारत के विचारकों के नेटवर्क पर दूसरी गोलमेज वार्ता' में वक्ता।

समुदाय और कार्पोरेट मामलों के विभाग के उप महासचिव डॉ के पी मोथतान ने विशेष भाषण प्रस्तुत किया। लाओ पीडीआर के विदेश मंत्रालय के स्थायी सचिव श्री सायकने सिसोवोंग और आरआईएस के महानिदेशक डॉ विश्वजीत धर ने भी उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। इस सम्मेलन में आरआईएस की रिर्पोट 'आसियन–भारत सामरिक भागीदारीः आसियन भारत के विचारकों के नेटवर्क का परिप्रेक्ष्य' को विमोचित किया गया। इस रिर्पोट में पहली गोलमेज वार्ता–2012 कि कार्यवाही प्रस्तुत की गई है।

आसियान भारत सामरिक भागीदारीः आर्थिक सहयोग पर पहला कार्यकारी सत्र आरआईएस के महानिदेशक डॉ विश्वजीत धर की अध्यक्षता में किया गया। आसियान–भारत सामरिक भागीदारी संपर्क के संबंध में अधिवेशन की अध्यक्षता 'डाटो' कुआलालाफर के सामरिक और अंतरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान के अंतरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान के अंतरराष्ट्रीय अध्ययन के तुन हुसैन ओन्न अध्यक्ष 'दातो' डॉ मुतैह अलगप्पा ने की। लाओ पीडीआर के विदेश मंत्रालय के स्थायी सचिव श्री सायकने सिसोवोंग ने तीसरे सत्र की अध्यक्षता की जो आसियन–भारत सामरिक भागीदारीः सामाजिक सांस्कृतिक और विकास सहयोग पर था। आसियान–भारत सामरिक भागीदारी की नई सीमाओं पर पैनल वार्ता की अध्यक्षता आसियान–भारत प्रसिद्व व्यक्तियों के समुह के सदस्य एवं सिफाना एसोसिएट्स के डॉ सोक सिफाना ने की। आरआईएस के डॉ प्रबीर डे और लाओ पीडीआर के विदेश मंत्रालय के विदेश मामलो के संस्थान की उप महानिदेशिका श्रीमती विएंगन्जुआन खयाखामफिटडाउन ने धन्यवाद प्रस्तुत किया। विस्तृत कार्यक्रम आरआईएस की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

## आरआईएस में आसियान–भारत केंद्र का उद्घाटन

2012 में नई दिल्ली के हुए स्मारक शिखर सम्मेलन कें आसियान और भारत राष्ट्रों के अध्यक्षों नें आरआईएस में आसियान भारत केन्द्र गठित करने का अधिदेश प्रदान किया। यह आरआईएस की प्रमुख उपलब्धियों में से एक है। भारत के विदेश मंत्री माननीय श्री सलमान खुर्षीद ने 21 जून 2013 को नई दिल्ली में आरआईएस में आसियान–भारत केन्द्र का उद्घाटन किया।

21 जून, 2013 को आरआईएस, नई दिल्ली में आसियान-भारत केन्द्र में भारत सरकार के विदेश मंत्री माननीय श्री सलमान खुर्शीद मुख्य संबोधन प्रस्तुत करते हुए। इसके अतिरिक्त चित्र में (बांए से दांए) दिखाई दे रहे हैं-विदेश मंत्रालय, भारत सरकार में सचिव (पूर्व) माननीय श्री अशोक के कांथा, आरआईएस के अध्यक्ष एवं एनएसएबी के अध्यक्ष राजदूत श्याम सरन, भारत में वियतनाम के राजदूत तथा आसियान नई दिल्ली समिति के अध्यक्ष श्री नग्यूयेन थान्ह टान और आरआईएस के महानिदेशक डॉ. विश्वजीत धर।

एच.ई. भारत वियतनाम के राजदूतों और आससियन नई दिल्ली समिति के अध्यक्ष माननीय श्री न्गुयेन थान्ह तान ने विशेष भाषण प्रस्तुत किया। आरआईएस और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष राजदूत श्याम सरन और आरआईएस के महानिदेशक डॉ विश्वजीत ध ार ने भी सभा को संबोधित किया।

## आरआईएस में आसियान भारत केन्द्र का उद्घाटन व्याख्यान

माननीय श्री के शानमुगम सिंगाफर के विदेशमंत्री ने 30 जुलाई 2013 को नई दिल्ली में आसियान–भारत केन्द्र का उद्घाटन व्याख्यान प्रस्तुत किया। आरआईएस और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड

सिंगापुर के विदेश मंत्री महामहिम श्री के शानमुगम 30 जुलाई, 2013 को नई दिल्ली में आरआईएस में स्थित आसियान-भारत केन्द्र में उद्घाटन व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए। इसके अतिरिक्त चित्र में (बांए से दांए) दिखाई दे रहे हैं-बुर्नेई दारूस्सलाम के उच्चायुक्त महामहिम हाजी सिडेक बिन अली, आरआईएस के अध्यक्ष एवं एनएसएबी के अध्यक्ष राजदूत श्याम सरन तथा आरआईएस के महानिदेशक डॉ. विश्वजीत धर।

अंकटाड, जिनेवा के डिवीजन ऑन टेक्नोलॉजी एंड लॉजिस्टिक कि प्रमुख प्रोफेसर पदमश्री गेल संपत दिनांक 8 अक्टूबर, 2013 को नई दिल्ली में भारत के उपक्रम नवाचार का संवर्धन करने के संबंध में आयोजित विचारोत्तेजक सत्र को संबोधित करते हुए। इसके अतिरिक्त चित्र में आरआईएस के महानिदेशक डॉ. विश्वजीत धर दिखाई दे रहे हैं।

के अध्यक्ष राजदूत श्याम सरन ने उद्घाटन भाषण प्रस्तुत किया। आरआईएस के महानिदेशक डॉ विश्वजीत धर ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। व्याख्यान के पश्चात् हुए अंतः सक्रिय अधिवेशन में बहुत अधिक संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## भारत में उपक्रम नवाचार का संवर्धन करने के संबंध में विचारोत्तेजक सत्र

आरआईएस और व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यूएनसीटीडी) द्वारा भारत के उपक्रम नवाचार का संवर्धन करने के संबंध में नई दिल्ली में 8 अक्तूबर 2013 को विचारोत्तेजक सत्र का आयोजन किया गया। इस विचार–विर्मश वार्ता में आरआईएस के महानिदेशक डॉ विश्वजीत धर, यूएनसीटीडी, जेनेवा के प्रौद्योगिकी और संभारी तंत्र प्रभाग की प्रमुखा प्रोफेसर पद्मश्री गेलह सम्पत, योजना आयोग के वरिष्ठ सलाहकार (विज्ञान और प्रोद्योगिकी) श्री बी एन सत्पथी, सीएसईआर मुख्यालस के परामर्षदाता डॉ मनीश सिंह, एवं आईएसआईडी के प्रोफेसर श्री के एस चलापति राव, आईएलएडएफएस कलसृटर्स की कार्यनीति व्यावाय पहल की प्रमुख सुश्री फनीता बंसल, आरआईएस के परामर्षदाता श्री टी सी जेम्स, आएसआईडी और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ दिनेश अबरोल और आरआईएस के परामर्शदाता डॉ साब्यासाची साहा शामिल थे।

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और नवाचार के लिए अफ्रीका–भारत सहयोग के संबंध में सम्मेलन

आरआईएस, उर्जा और संसाधन संस्थान (टीईआरआई), अफ्रीका के विकास के लिए नई भागीदारी (एनईपीडी) और मिशगन राज्य विश्वविद्यालय नें संयुक्त रूप से विज्ञान प्रौद्योगिकी और नवाचार के लिए अफ्रीका भारत सहयोग के संबंध में नई दिल्ली में 22 अक्तूबर 2013 को सम्मेलन का आयोजन किया गया था। यूगांडा ने योजना और आर्थिक विकास वित्त मंत्रालय के माननीय श्री एस्टोन पीटरसन कजारा, बुर्किता फासो के वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार मंत्रालय के माननीय मंत्री प्रोफेसर ग्निस्सा इसा कोणति और धाना के पर्यावरण, विज्ञान, प्रोद्योगिकी और नवाचार के उप मंत्री डॉ मुशबु

22 अक्टूबर, 2013 को नई दिल्ली में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के लिए अफ्रिका भारत सहयोग के संबंधा में आयोजित सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में आरआईएस के वरिष्ठ फैलो डॉ. सचिन चतुर्वेदी, डीबीटी, नई दिल्ली के सलाहकार डॉ. एस आर रॉव, आरआईएस के महानिदेशक डॉ. विश्वजीत धर एवं वैज्ञानिक अनुसंधाान और नवाचार मंत्रलय, बुरकिना फासो के स्वास्थ्य मंत्री प्रोफेसर ग्निस्सा इस्सा कोनाटे।

मुहम्मद–अल्फा ने विशेष टिप्पणियाँ प्रस्तुत किया। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के अपर सचिव श्री रवि बंगार ने उद्घाटन भाषण प्रस्तुत किया। डीबीटी नई दिल्ली के सलाहकार डॉ एस आर राव ने मुख्य भाषण प्रस्तुत किया। आरआईएस के महानिदेशक डॉ विश्वजीत धर, आरआईएस के वरिष्ठ फैलो डॉ सचिन चतुर्वेदी और टीईआरआई की डॉ विभा वधन ने भी उद्घाटन सत्र को सम्बोधित किया।

पहला सत्र अफ्रीका पर संस्थागत पहल पर आधारित था। इस सत्र में कृषि जैव प्रौद्योगिकी क्षमता निर्माण अफ्रीका पर बहुपक्षीय व द्विपक्षीय संस्थागत पहल जैसे मुद्दे शामिल थे। इस सत्र की अध्यक्षता एमएसयू के प्रोफेसर करोम मरेडिम और एबीएनई के प्रोफेसर दिरन मकिंदे ने की थी।

दूसरा सत्र कृषि जैव प्रौद्योगिकी मे सहयोग पर आधारित था। इस सत्र की अध्यक्षता केन्या के राष्ट्रीय जैव सुरक्षा प्राधिकरण के बोर्ड अध्यक्ष प्रोफेसर जेनसियो इकिंदु किनयामारियो ने की इस सत्र में नीतियों, विनियम, स्थानीय उपक्रम विकास से संबधित मुद्दो पर वार्ता हुई।

विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार की रूपरेखाः अवसर व चुनौतियों नामक सत्र की अध्यक्षता आरआईएस के वरिष्ठ फैलो डॉ सचिन चतुर्वेदी ने की। इस सत्र मे नीतिगत रूपरेखा, सांख्यिकी संग्रह और डेटा विश्लेषण, अभिगम और समावेशन में मुद्दे जैसे विषयों पर चर्चा की गई। यह सम्मेलन का समागपन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्व अध्यक्ष डॉ सी सी माई के साथ हुए संवादात्मक सत्र के साथ हुआ। इस सम्मेलन का विस्तृत कार्यक्रम आरआईएस की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## दोहा से बाली तक : विकास कार्यसूची में चुनौतियां विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

आरआईएस द्वारा संयुक्त रूप से तृतीय विश्व नेटवर्क एवं फोकस ओन ग्लोबल साउथ द्वारा दोहा से बाली तकः विकास कार्यसूची में चुनौतियाँ विषय पर 29 अक्तूबर 2013 को नई दिल्ली में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता सामाजिक विकास परिषद् (सीएसडी) के राष्ट्रपति प्रोफेसर मुचकुन्द दुबे ने की। आरआईएस और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष

29 अक्टूबर, 2013 को नई दिल्ली में 'दोहा से बाली तक: विकास कार्यसूची में चुनौतियाँ' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में आरआईएस के अध्यक्ष एवं एनएसएबी के अध्यक्ष राजदूत श्याम सरन उदघाटन संबोधन प्रस्तुत करते हुए। इसके अतिरिक्त चित्र में (बांए से दांए) दिखाई दे रहे हैं - वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार में अपर सचिव श्री राजीव खेर, सामाजिक विकास परिषद (सीएसडी), नई दिल्ली के अध्यक्ष प्रोफेसर मुचकुंद दूबे, जेएनयू की प्रोफेसर जयती घोष एवं आरआईएस के महानिदेशक डॉ. विश्वजीत धर।

राजदूत श्याम सरन ने प्रारंभिक संबोधन प्रस्तुत किया। भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय के अपर सचिव श्री राजीव खेर और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की प्रोफेसर जंयती घोष ने सभा को संबोधित किया।

कृषि समझौते पर पहले सत्र की अध्यक्षता सीएसडी के निदेशक डॉ टी हक ने की। आरआईएस के सलाहकार राजदूत वी एस शेषाद्रि ने दूसरे सत्र की अध्यक्षता की जो व्यापार को सुगम बनाने संबंधी समझौते पर आधारित था। भारत सरकार के पूर्व गृह सचिव श्री गोपाल कृष्ण पिल्लै ने समापन सत्र की अध्यक्षता की। यह सत्र बाली के बाद: दोहा विकास दौर पर आधारित था। इस संगोष्ठी का विस्तृत कार्यक्रम आरआईएस की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## विकास सहयोग, व्यापार और वित्त: उभरते हुए शैक्षिक परिप्रेक्ष्य

आरआईएस – एफआईडीसी और यूरोपियन आयोग ने विकास सहयोग, व्यापार और वित्त : उभरते हुए शैक्षिक परिप्रेक्ष्य पर एक परिचर्चा 31 अक्तूबर 2013 को नई दिल्ली में आयोजित की। श्री तुहिन कुमार, संयुक्त सचिव, डीपीए–II, विदेश मंत्रालय, भारत सरकार ने उद्घाटन अभिभाषण दिया। डा. सचिन चतुर्वेदी, वरिष्ठ फैलो, आरआईएस और श्री गुस्तावो मार्टिन पांडा, निदेशक, विकास नीति, यूरोपियन आयोग ने भी उद्घाटन सभा को संबोधित किया। डा. स्टीफन कलिंगेबिएल, जर्मन विकास संस्थान, बोन और डा. जेम्स मैकीई, यूरोपियन विकास नीति प्रबंध केन्द्र, नीदरलैंड ने रिपोर्ट प्रस्तुत की।

विकास वित्त, दक्षिण–दक्षिण सहयोग और 2015 के पश्चात् के परिप्रेक्ष्य नामक सत्र की अध्यक्षता एशिया में भागीदारी अनुसंधान (पीआरआईए) के अध्यक्ष डॉ राजेश टंडन ने की। यूरोपियन आयोग के विकास निति विभाग के निदेशक श्री गुस्तावो मार्टिन प्रादा ने व्यापार और निवेश के माध्यम से अर्थव्यवस्था का ढाचागत परिवर्तन नामक सत्र की अध्यक्षता की। विस्तृत कार्यसूची आरआईएस वेबसाइट पर उपलब्ध है।

31 अक्टूबर, 2013 को नई दिल्ली में 'विकास सहयोग, व्यापार और वित्तः उभरते हुए शैक्षिक परिप्रेक्ष्य' पर आयोजित वार्ता बैठक को संबोधित करते हुए आरआईएस के वरिष्ठ फैलो डॉ0 राम उपेन्द्र दास। इसके अतिरिक्त चित्र में (बांए से दांए) दिखाई दे रहे हैं-आरआईएस के वरिष्ठ फैलो डॉ0 सचिन चतुर्वेदी, यूरोपीय आयोग के डेवलपमेंट पालिसी के निदेशक श्री गुस्ताव मार्टिन प्रदा एवं डीपीए-2, विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव श्री कुमार तुहिन।

## भारत और म्यांमार के बीच संपर्क कोरिडोर से विकास कोरिडोर पर संगोष्ठी

भारत और म्यांमार के बीच संपर्क कोरिडोर से विकास कोरिडोर पर सेमिनार 28 नवम्बर 2013 को पची टो, म्यांमार में आयोजित किया गया था। मानीय श्री यू थार अये, म्यांमार के सगेंग क्षेत्र के मुख्य मंत्री; माननीय दा ली ली तेन, राष्ट्रीय आयोजना और आर्थिक विकास उप मंत्री, म्यांमार; राजदूत श्याम सरन, अध्यक्ष, आरआईएस और श्री गौतम मुखोपाध्याय म्यांमार में भारत के राजदूत ने उद्घाटन बैठक को संबोधित किया। सेमिनार में संपर्कता और व्यापार सुविधा को बढ़ावा देना और संपर्कता कोरिडोर को आर्थिक कोरिडोर में परिवर्तित करने पर सत्र शामिल थे। माननीय श्री यू थार आये और राजदूत श्री श्याम सरन द्वारा समापन टिप्पणियां प्रस्तुत की गई जिसके साथ संगोष्ठी संपन्न हुई। आरआईएस से राजदूत डा वी.एस. शेषाद्रि, सलाहकार और श्री सायन समांता, परामर्शदाता ने भी सेमिनार में भाग लिया। विस्तृत कार्यसूची आरआईएस की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

28 नवंबर, 2013 को ने प्यी तॉ, म्यांमार में 'भारत और म्यांमार के बीच संपर्क कोरिडोर से विकास कोरिडोर' विषय पर आयोजित सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए आरआईएस के अध्यक्ष राजदूत श्याम सरन।

## विश्व व्यापार संगठन व्यापार सुविधा अनुबंधः कम विकसित (एल.डी.सी.) और विकासशील देशों के लिए अवसर व चुनौतियाँ

आरआईएस ने बंग्लादेश के विदेश व्यापार संस्थान और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के साथ संयुक्त रूप से बाली में आयोजित विश्व व्यापार संगठन के मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के मौके पर 3–5

3-5 दिसंबर, 2013 को बाली में 'विश्व व्यापार संगठन व्यापार सुविधा अनुबंध: कम विकसित (एल.डी.सी.) और विकासशील देशों के लिए अवसर व चुनौतियाँ' पर आयोजित व्यापार एवं विकास संगोष्ठी में पैनल वार्ताकार।

दिसंबर 2013 को व्यापार और विकास संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी का विषय 'विश्व व्यापार संगठन के व्यापार संगठन के व्यापार सुविधा अनुबंध : कम विकसित और विकासशील देशों के लिए अवसर व चुनौतियाँ' था। डा. मुहममद मोजिबर रहमान, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सी. ओ.ओ.), बंग्लादेश विदेश व्यापार संस्थान (बी. एफ.टी.आई.) ढाका, इस संगोष्ठी में मध्यस्थ थे। पैनल में – डा. मुस्तफा आबिद ख़ान, निदेशक, कार्यक्रम शोध और नीति समर्थन, बंग्लादेश विदेश व्यापार संस्थान (बी.एफ.टी.आई.), ढाका, श्री गुलाम हुसैन, राजस्व का राष्ट्रीय बोर्ड (एनबीआर), वित्त मंत्रालय, बंग्लादेश सरकार, ढाका; डा. निकोलस इम्बोडेन, कार्यकारी निदेशक, आई.डी.ई.ए.एस.,

12 दिसंबर, 2013 को नई दिल्ली में 'भारत-चीन सहयोग और वैश्विक आर्थिक अभिशासन' पर आयोजित कार्यशाला में स्वागत संबोधन करते हुए आरआईएस के वरिष्ठ फैलो डॉ. राम उपेन्द्र दास। इसके अतिरिक्त चित्र में (बांए से दांए) दिखाई दे रहे हैं-सामाजिक विकास परिषद के अध्यक्ष प्रोफेसर मुचकुंद दूबे एवं एकेडमी आफ वर्ल्ड वाच (एडब्लयूडब्लयू), शंघाई, चीन के उपाध्यक्ष एवं कार्यकारी अध्यक्ष प्रोफेसर सुन यांग।

18 जनवरी, 2014 को नई दिल्ली में 'भारतीय विकास सहयोग नीति : चर्चा का सार' पर आयोजित सम्मेलन में उद्घाटन संबोधन प्रस्तुत करते हुए विदेश मंत्रालय की विशेष सचिव (ईआर एवं डीपीए) सुश्री सुजाता मेहता। इसके अतिरिक्त चित्र में (बांए से दांए) दिखाई दे रहे हैं–आरआईएस के महानिदेशक डॉ. विश्वजीत धर, संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट कोआर्डीनेटर एवं यूएनडीपी, नई दिल्ली की रेजिडेंट प्रतिनिधि सुश्री लिसे ग्रेण्डे, एफआईडीसी (जेएनयू), नई दिल्ली की अध्यक्षा प्रोफेसर अनुराधा चिनाय एवं आरआईएस के वरिष्ठ फैलो डॉ. सचिन चतुर्वेदी।

केन्द्र, जेनेवा; और राजदूत स्टेफिन समिट्ज' एल.डी.सी. मुद्दों पर डब्ल्यू.टी.ओ. के सहायक (फेसिंलिटेटर) डब्ल्यू.टी.ओ. में डेनमार्क के विशेष प्रतिनिधि, आरआईएस से डा. प्रबीर दे, वरिष्ठ अध्येता ने भाग लिया।

## भारत–चीन सहयोग और वैश्विक आर्थिक अभिशासन पर कार्यशाला

भारत–चीन सहयोग और वैश्विक आर्थिक अभिषासन पर आरआईएस द्वारा 12 दिसम्बर, 2013 को एक कार्यशाला आयोजित की गई थी। प्रोफेसर मुचकुंद दूबे, अध्यक्ष, सामाजिक विकास परिषद् और भारत के पूर्व विदेश सचिव ने कार्यशाला की अध्यक्षता की। डा. राम उपेन्द्र दास, वरिष्ठ अध्येता, आरआईएस ने स्वागत संबोधन। प्रोफेसर सुन यांग, उपाध्यक्ष और कार्यकारी अध्यक्ष, विश्व वाच अकादमी (एडब्ल्यूडब्ल्यू), शंगाई, चीन ने गुरुआती टिप्पणियाँ प्रस्तुत कीं। डॉ. माओ जिकांग, एसोसिएट शोध अध्येता, एडब्ल्यूडब्ल्यू; डा. याओ युअनमेई; सहायक एसोसिएट शोध अध्येता, एडब्ल्यूडब्ल्यू, और डा. एस.के. मोहंती, वरिष्ठ अध्येता, आरआईएस ने भी सभा को संबोधित किया। डा. राम उपेन्द्र दास ने धन्यवाद भाषण प्रस्तुत किया। डा. राम उपेन्द्र दास, कार्यशाला के समन्वयक थे।

## भारतीय विकास सहयोग नीति पर सम्मेलन : चर्चा का सार

आरआईएस ने भारतीय विकास सहयोग के लिए फोरम के संयुक्त राष्ट्र की निवासी (एफ.आई.डी.सी.) कार्यक्रम के एक भाग के रूप में भारतीय विकास सहयोग नीति : चर्चा की अवस्था पर का राज्य पर 18 जनवरी 2014 को एक सम्मेलन आयोजित किया। डा. विश्वजीत धर, महानिदेशक, आरआईएस ने उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता की। सुश्री सुजाता मेहता, विशेष सचिव (ईआर और डीपीए), विदेश मंत्रालय ने उद्घाटन अभिभाषण दिया। प्रोफेसर अनुराधा चिनोय, अध्यक्षा, एफआईडीसी (जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली), सुश्री लिसे ग्रांडे, संयुक्त राष्ट्र की निवासी समन्वयक और संयुक्त राष्ट्र विकास

2 अगस्त, 2013 को अफगानिस्तान में भारत के विकास के अनुभव पर आयोजित एफआईडीसी सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रोफेसर गुलशन सचदेवा। इसके अतिरिक्त चित्र में (उनके दांए से) दिखाई दे रहे हैं - आरआईएस के महानिदेशक डॉ0 विश्वजीत धर एवं आरआईएस के वरिष्ठ फैलो डॉ. सचिन चतुर्वेदी।

10 सितंबर, 2013 को 'बूसान टू ग्लोबल पार्टनरशिप फार इफैक्टिव डेवलपमेंट कोऑपरेशन (जीपीईडीसी) एवं मैक्सिको मिनिस्ट्रियल : इमर्जिंग पर्सपेक्टिव' पर आयोजित एफआईडीसी सम्मेलन में संबोधित करते हुए महामहिम राजदूत जैयमे नूआलर्ट। इसके अतिरिक्त चित्र में (बांए से दांए) दिखाई दे रहे हैं-डिपार्टमेंट फार इंटरनेशनल डेवलपमेंट (डीएफआईडी), लंदन के अंतर्राष्ट्रीय निदेशक श्री एंथनी स्मिथ, विदेश मंत्रालय एमईआर डिवीजन के संयुक्त सचिव श्री दिनेश भाटिया एवं आरआईएस के वरिष्ठ फैलो डॉ. सचिन चतुर्वेदी।

5 जुलाई, 2013 को 'भारतीय विकास निगम : उभरती हुई चुनौतियाँ एवं अवसर-एक गैर बूसान परिप्रेक्ष्य' पर आयोजित एफआईडीसी सम्मेलन में संबोधित करते हुए आरआईएस के वरिष्ठ फैलो डॉ सचिन चतुर्वेदी। इसके अतिरिक्त चित्र में (उनके बांए से) दिखाई दे रहे हैं - विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव (डीपीए-2) श्री कुमार तुहिन एवं एनआईपीएफपी के निदेशक डॉ0 राथिन रॉय।

19 दिसंबर, 2013 को 'सीएसओ के साथ अनुभव : दाता एजेंसियों से परिप्रेक्ष्य' पर आयोजित एफआईडीसी सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरआईएस के वरिष्ठ फैलो डॉ0 सचिन चतुर्वेदी। इसके अतिरिक्त चित्र में (उनके दांए से) दिखाई दे रहे हैं-डीएफआईडी के प्रमुख श्री ईयान शापीरो, विदेश मंत्रालय के पूर्व सचिव (ईआर) राजदूत ए एन राम, विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव (डीपीए-2) श्री कुमार तुहिन एवं इंटरनेशनल डेवलपमेंट रिसर्च सेंटर (आईडीआरसी), कनाडा के क्षेत्रीय निदेशक डॉ0 आनिंदय चैटर्जी।

8 अक्टूबर, 2013 को 'दक्षिण दक्षिण सहयोग की साक्ष्य आधारित समझ के लिए प्रभावी संरचना की ओर : कुछ प्राथमिक मामले' विषय पर आयोजित एफआईडीसी सम्मेलन को संबोधित करते हुए स्कूल ऑफ लॉ एवं स्कूल आफ बिजनेस स्टडीज एवं इंटरनेशनल एकेडमिक फैसिलिटेशन, शारदा यूनिवर्सिटी के निदेशक प्रोफेसर मिलिन्दो चक्रबर्ती। इसके अतिरिक्त चित्र में (उनके बांए से) दिखाई दे रहे हैं-एनआईपीएफपी के निदेशक डॉ0 राथिन रॉय एवं आरआईएस के वरिष्ठ फैलो डॉ0 एस के मोहंती।

27 नवंबर, 2013 को सीएसओ के अनुभव एवं विकास सहयोग पर आयोजित एफआईडीसी सम्मेलन को संबोधिात करते हुए विदेश मंत्रालय के पूर्व सचिव (ईआर) राजदूत सुधीर व्यास। इसके अतिरिक्त चित्र में (बांए से दांए) दिखाई दे रहे हैं- विज्ञान एवं पर्यावरण केन्द्र के उपमहानिदेशक श्री चन्द्र भूषण, आरआईएस के संबद्ध वरिष्ठ फैलो प्रोफेसर मनमोहन अग्रवाल एवं हमेन्द्र कुमार शर्मा।

27 फरवरी, 2014 को 'मूविंग फ्राम ओडीए टू डेवलपमेंट फाइनेंस : इमर्जिंग कॉनटयूर्स आफ न्यू कन्सैप्चयूल फ्रेमवर्क' पर आयोजित एफआईडीसी सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरआईएस के वरिष्ठ फैलो डॉ0 सचिन चतुर्वेदी। इसके अतिरिक्त चित्र में (उनके बांए से) दिखाई दे रहे हैं-दक्षिण अफ्रीकी उच्चायोग की सुश्री एन एम पिल्ले, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव (एबीसी) श्री राजेश खुल्लर, ब्राजील दूतावास, नई दिल्ली की सुश्री चोल रोशा यांग एवं आरआईएस के संबद्ध वरिष्ठ फैलो प्रोफेसर मनमोहन अग्रवाल।

कार्यक्रम (यूएनडीपी) की निवासी प्रतिनिधि, नई दिल्ली; और डा. सचिन चतुर्वेदी, वरिष्ठ अध्येता, आरआईएस ने भी उद्घाटन सत्र को सम्बोधित किया।

प्रथम सत्र में उत्तर–दक्षिण और दक्षिण–दक्षिण सहयोगः भारत को वास्तव में क्या अद्वितीय बनाता है पर विचार विमर्श किया गया। इस सत्र की अध्यक्षता डा. सुबीर गोकरन, निदेशक, शोध, ब्रुकिंग इंडिया, नई दिल्ली द्वारा की गई थी। श्री कुमार तुहिन, संयुक्त सचिव (डीपीए–।।), विदेश मंत्रालय ने भारतीय विकास सहयोग नीति पर द्वितीय सत्र की अध्यक्षता की। नागरिक, समाज संगठनों (सीएसओ) संस्थान, मीडिया और विकास सहयोग नीति नामक सत्र की अध्यक्षता, डा. ऐश नारायण रॉय, निदेशक, सामाजिक विज्ञान, नई दिल्ली द्वारा की गई थी। विकास सहयोग नीति और व्यवसाय क्षेत्र पर चतुर्थ सत्र की अध्यक्षता, डा. राजीव कुमार, नीति अनुसंधान केन्द्र, नई दिल्ली द्वारा की गई थी।

सम्मेलन का समापन, समापन सत्र के साथ हुआ। सुश्री जेन्नट जेवाईड, नई दिल्ली में इथियोपिया की राजदूत ने समापन संबोधन दिया और डॉ. सचिन चतुर्वेदी, वरिष्ठ अध्येता, आरआईएस ने धन्यवाद प्रस्तुत किया। विस्तृत कार्यसूची हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## आरआईएस–एफ.आई.डी.सी. संगोष्ठी श्रृंखला

आरआईएस ने भारतीय विकास सहयोग (एफआईडीसी) मंच (फॉरम) का शुभारंभ किया है ताकि भारतीय विकास सहयोग की नीति के विभिन्न पहलुओ पर चर्चा और सूचित बहस को सुविधाजनतक बनाया। एफआईडीसी के कार्यक्रम के एक भाग के रूप में, जुलाई 2013 से मासिक संगोष्ठी श्रृंखला शुरु की गई हैं। डा. रतिन रॉय, निदेशक, राष्ट्रीय सार्वजनिक वित्त तथा नीति संस्थान, नई दिल्ली, ने 5 जुलाई 2013 को आरआईएस में हुए भारतीय विकास सहयोग : उभरती हुई चुनौतियाँ और अवसर–गैर बुसान परिप्रेक्ष्य, उद्घाटन सेमिनार को संबोधित किया। 2 अगस्त 2013 को प्रोफेसर गुलषन सचदेवा, अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन स्कूल, जेएनयू, नई दिल्ली ने 'अफगानिस्तान में भारत का विकास अनुभव' नामक विषय पर भाषण प्रस्तुत किया। 10 सितम्बर 2013 को श्री एंथोनी स्मिथ, अंतर्राष्ट्रीय निदेशक, अंतर्राष्ट्रीय विकास विभाग, लंदन और श्री दिनेश भाटिया, संयुक्त सचिव, बहुपक्षीय आर्थिक संबंध (एमईआर) प्रभाग, विदेश मंत्रालय, भारत सरकार ने प्रभावी विकास के लिए बुसान से आगे वैश्विक सहभागिता और मेक्सिको मंत्रिस्तरीय बैठ : उभरते हुए परिप्रेक्ष्य पर भाषण प्रस्तुत किया। 8 अक्तूबर 2013 को प्रोफेसर मिलिंदो चक्रवर्ती, कानून अध्ययन स्कूल और व्यवसाय अध्ययन स्कूल और निदेशक, अंतर्राष्ट्रीय अकादमिक सुविधा, शारदा विश्वविद्यालय ने साक्ष्य के आधार पर दक्षिण–दक्षिण सहयोग को समझने के लिए एक कारगर स्थापत्य कि दिशा में कुछ मुद्दे पर भाषण दिया। 27 नवम्बर को राजदूत सुधीर व्यास, पूर्व सचिव (ईआर), विदेश मंत्रालय, भारत सरकार ने 'नागरिक समाज संगठनों' के अनुभव ओर विकास सहयोग' पर हुई पैनल वार्ता की अध्यक्षता की। इस पैनल वार्ता में श्री चंद्रा भूषण, उपमहानिदेशक, विज्ञान और पर्यावरण केन्द्र और श्री हर्ष जेतली, मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ), स्वैच्छिक एक्शेन नेटवर्क भारत ने नागरिक समाज संगठनों के अनुभवों का वर्णन किया। 19 दिसंबर 2013 को राजदूत ए एन राम, पूर्व सचिव (ईआर), भारत सरकार ने 'नागरिक समाज संगठनों के साथ अनुभव : दाता संस्थानों से परिप्रेक्ष्य' विषय पर हुई संगोष्ठी की अध्यक्षता की। श्री कुमार तुहिन, संयुक्त सचिव (डीपीए-II), विदेश मंत्रालय ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया। श्री इयान शैपिरो, अध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय विकास विभाग (डीएफआईडी); डा. अनिंदया चटर्जी; क्षेत्रीय निदेशक, अंतर्राष्ट्रीय विकास अनुसंधान केन्द्र (आईडीआरसी), कनाडा डा. सचिन चतुर्वेदी, वरिष्ठ अध्येता, आरआईएस सेमिनार में मुख्य वक्ता थे। 27 फरवरी, 2014 को श्री राजेश खुल्लर, संयुक्त सचिव (एबीसी), आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने आधिकारिक विकास सहायता से विकास वित्त की ओर : नए अवधारणात्मक ढाँचे की उभरती

31 जनवरी, 2014 को नई दिल्ली में 'आसियान-भारत समुद्रीय परिवहन सहयोग' पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य संबोधन प्रस्तुत करते हुए विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्व) राजदूत अनिल वधवा। इसके अतिरिक्त चित्र में दिखाई दे रहे हैं-आरआईएस एवं एनएसएबी के अध्यक्ष राजदूत श्याम सरन।

हुई संरचना' पर सेमिनार की अध्यक्षता की। इसमें डा. सचिन चतुर्वेदी, वरिष्ठ अध्येता, आरआईएस ने प्रस्तुति प्रस्तुत की। सुश्री चलोए रोचा यांग, ब्राजील दूतावास और सुश्री एन.एम. पिल्लै, दक्षिण अफ्रीकी उच्चायुक्त, नई दिल्ली द्वारा विशेष प्रस्तुति की गई। प्रोफेसर मनमोहन अग्रवाल, सहायक वरिष्ठ अध्येता, आरआईएस, विचार–विमर्षक थे।

## आसियान–भारत समुद्रीय परिवहन सहयोग पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

आरआईएस ने भारतीय राष्ट्रीय जहाज मालिके संघ और आरआईएस में एषियन भारत केन्द्र के साथ संयुक्त रूप से 31 जनवरी 2014 को नई दिल्ली में आयोजित किया 'संगोष्ठी राजदूत श्याम सरन, अध्यक्ष, आरआईएस और एनएसएबी की शुरुआती टिप्पणियों के साथ प्रारम्भ हुआ। राजदूत श्री अनिल वधवा, सचिव (पूर्व), विदेश मंत्रालय ने मुख्य भाषण दिया। बड़े क्षेत्रीय अनुबंध : आसियान–भारत व्यापार और समुद्रीय संपर्कता पर प्रथम सत्र की अध्यक्षता, राजदूत, वी.एस. शेशाद्रि, सलाहकार, आरआईएस और म्यांमार में पूर्व भारतीय राजदूत द्वारा की गई।

आसियान–भारत और पोत–परिवहन नेटवर्क : उभरतीय हुई संरचना, चुनौतियाँ और महासागरीय मार्गो की पहचान पर द्वितीय अधिनियम की अध्यक्षता श्री अरविंद कुमार, सलाहकार ऊर्जा और संसाधन संस्थान–टीईआरआई (टेरी) और पूर्व सलाहकार, पोत–परिवहन मंत्रालय, भारत सरकार सुश्री रेणु पाल, संयुक्त सचिव (एशियन एमएल), विदेश मंत्रालय, भारत सरकार ने आसियान–भारत समुद्रीय परिवहन सहयोग : आगे का मार्ग पर अधिवेषन की अध्यक्षता की। सेमिनार के कार्यक्रम को हमारी वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

6-7 मार्च, 2014 को नई दिल्ली में 'विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आचार, समानता और समावेशन : वैश्विक और क्षेत्रिय परिप्रेक्षय' पर आयोजित सम्मेलन में उदघाटन सत्र को संबोधित करते हुए आरआईएस के अध्यक्ष राजदूत श्याम सरन। इसके अतिरिक्त चित्र में (बांए से दांए) दिखाई दे रहे हैं- आरआईएस के वरिष्ठ फैलो डॉ. सचिन चतुर्वेदी, आरआईएस के महानिदेशक डॉ. विश्वजीत धर, जैवप्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के सचिव डॉ. के विजय राघवन, यूसीएलएएन, ब्रिटेन के वरिष्ठ अनुसंधान फैलो डॉ. मिल्टॉस लाडिकस एवं राथेनाउ संस्थान, नीदरलैंड के निदेशक प्रोफेसर जन स्टामन।

6 मार्च, 2014 भारत-सिंगापुर संबधों पर नई दिल्ली में आयोजित वार्ता को संबोधित करते हुए आरआईएस एवं एआईसी तथा राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड (एनएसएबी) के अध्यक्ष राजदूत श्याम सरन। इसके अतिरिक्त चित्र में (बांए से दांए) दिखाई दे रहे हैं-विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्व) राजदूत अनिल वधवा, आईएसएएस के अध्यक्ष राजदूत गोपीनाथ पिल्लई एवं आरआईएस के महानिदेशक डॉ. विश्वजीत धर।

## विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आचार, समानता और समावेशन : वैश्विक और क्षेत्रीय परिप्रेक्षय पर सम्मेलन

आरआईएस द्वारा 6–7 मार्च 2014 को नई दिल्ली में जीईएसटी के साथ संयुक्त रूप से विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आचार, समानता और समावेशन : वैश्विक और क्षेत्रीय परिप्रेक्षय पर सम्मेलन को आयोजन किया गया। आरआईएस के अध्यक्ष राजदूत श्याम सरन ने उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता की। भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डॉ कुमार विजय राघवन ने मुख्य भाषण दिया। आरआईएस के महानिदेशक डॉ विश्वजीत धर, केन्द्रीय लंकाशायर विश्वविद्यालय (यूसीएलएएन), यूके की वरिष्ठ अध्येता डॉ मिलटोस लडिकास, रथेनॉ संस्थान, नीदरलैंड के प्रोफेसर जैन सटैमैन, आरआईएस के वरिष्ठा अध्येता डॉ सचिन चर्तुवेदी ने भी उद्घाटन सत्र को सम्बोधित किया।

पहले सत्र में उभरती प्रौद्योगिकीयों और विज्ञान और प्रौद्योगिकी निति में नैतिकता और समानता पर पैनल चर्चा की गई थी। 'खाद्य प्रौद्योगिकियाँ' विषय पर आधारित दूसरे सत्र की अध्यक्षता भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सलाहकार डॉ एस आर रॉव ने की। 'अतिसूक्ष्म प्रौद्योगिकी' पर आधारित तीसरे सत्र की अध्यक्षता जर्मनी के प्रौद्योगिकी आंकलन और प्रणाली विश्लेषण संस्थान (आईटीएएस) के उप प्रमुख डॉ माइकल डेकर ने की। 'कृत्रिम जीव विज्ञान' विषय से संबंधित चौथे सत्र की अध्यक्षता रथेनॉ संस्थान, नीदरलैंड के प्रौद्योगिकी आंकलन विभाग की समन्वयिका डॉ रीनी वान एस्ट ने की। पांचवा सत्र आगे के लिए मूलभूत अंग पर आधारित था जिसकी अध्यक्षता बिजिंग में स्थित विकास के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी का चीनी शोध संस्थान (सीएएसटीईडी) के प्रोफेसर झाओ यांडोग ने की। छठा सत्र भारतीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी निति और व्यवहार में नैतिकता से संबंधित था। इस सत्र की अध्यक्षत आरआईएस के महानिदेशक डॉ विश्वजीत धर ने की। 'विज्ञान और प्रौद्योगिकी नीति में संचार और अनुबंध और नैतिकता' विषय पर आयोजित गोलमेज वार्ता में यूसीएलएएन की डॉ मिल्टोस लडिकास और आरआईएस के डॉ सचिन चर्तुवेदी ने प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत की। पत्रकार और लेखक श्री दिनेश सी शर्मा इस सत्र के समन्वयक थे।

समापन सत्र के साथ इस सम्मेलन का समापन हुआ। प्रोफेसर पी एम भार्गव ने समापन संबोधन प्रस्तुत किया। डॉ सचिन चतुर्वेदी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। इस सम्मेलन का विस्तृत कार्यक्रम आरआईएस की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## भारत–सिंगापुर संबंधों पर संवाद

आसियान–भारत केंद्र आरआईएस द्वारा संयुक्त रूप राष्ट्रीय सिंगापुर विश्वविद्यालय; और दक्षिण एशियाई अध्ययन संस्थान के साथ संयुक्त रूप से भारत, सिंगाफर संबंधों पर संवाद (6 मार्च 2014 को आरआईएस में) आयोजित किया गया।

29 जनवरी, 2014 को नई दिल्ली में आसियान-भारत सामरिक साझेदारी पर व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए एस राजा रतनम स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज (आरएसआईएस) एवं ननयांग टैक्नोलॉजिक्ल यूनिवर्सिटी (एनटीयू) के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ0 प्रद्युमन बी राणा। इसके अतिरिक्त प्रमुख मेज पर (बांए से दांए) दिखाई दे रहे हैं- आरआईएस के वरिष्ठ फैलो डॉ0 प्रबीर डे, विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के पूर्व सचिव (पूर्व) राजदूत संजय सिंह, आरआईएस एवं राष्ट्रीय संरक्षा सलाहकार बोर्ड (एनएसएबी) के अध्यक्ष राजदूत श्याम सरन और जेएनयू की प्रोफेसर अमिता बजाज।

राजदूत श्याम सरन, अध्यक्ष, आरआईएस, आसियन और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारी बोर्ड (एनएसएबी), भारत ने बैठक की अध्यक्षता की। डा. विश्वजीत धर, महानिदेशक, आरआईएस; राजदूत अनिल वधवा, सचिव (पूर्व), विदेश मंत्रालय और राजदूत गोपीनाथ पिल्लै, अध्यक्ष, आईएसएएस मुख्य वक्ता थे। बैठक में भारत की पूर्व की ओर देखो नीति। भारत–सिंगाफर संबंधों और आसियान–भारत संबंधों पर विचार–विमर्श हुआ।

## लद्दाख के चांगथांग सीमावर्ती क्षेत्र

लद्दरख के चांगथांग सीमावर्ती क्षेत्र विषय पर डब्ल्यू–डब्ल्यू एफ–भारत और आरआईएस द्वारा 21 मार्च, 2014 को नई दिल्ली में एक विचार–विमर्ष बैठक का आयोजन किया गया था। राजदूत श्याम सरन, अध्यक्ष, आरआईएस और एनएसएबी, और श्री पंकज चंदन ने प्रारंभिक सत्र को संबोधित किया। डा. सिद्धकि वाहिद, प्रसिद्ध विद्वान, ऐतिहासिकता और सामाजिक विज्ञानी ने अक्तुबर 2013 में चांगथांग में की गई आठ दिन की यात्रा में हुए अनुभवों की एक विशेष प्रस्तुति की।

## आसियान–भारत कुटनीतिक साझेदारी पर सम्मेलन

आसियान–भारत सम्मेलन श्रृंखला के अंतर्गत आसियान–भारत केन्द्र, आरआईएस ने आसियान–भारत कुटनीतिक साझेदारी पर नई दिल्ली में 29 जनवरी 2014 को एक सम्मेलन का आयोजन किया। राजदूत संजय सिंह, पूर्व सचिव (पूर्व), विदेश मंत्रालय, भारत सरकार ने सम्मेलन की अध्यक्षता की। राजदूत श्याम सरन, अध्यक्ष, आरआईएस और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड (एनएसएबी) ने प्रारंभिक संबोधन प्रस्तुत किया। डॉ प्रबीर डे, वरिष्ठ फैलो, आरआईएस और समन्वयक, आसियान–भारत केन्द्र (एआईसी), आरआईएस ने परिचयात्मक टिप्पणी प्रस्तुत की। डॉ प्रद्युमन बी राणा, एसोसियट प्रोफेसर, एस राजारत्नम स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज़, नानयांग प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एनटीयू), सिंगापूर के द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया जिसके पश्चात खुली चर्चा हुई।

## नीतिगत वार्ताओं से बाहर आरआईएस संकाय का योगदान

### प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी, महानिदेशक (10 सितंबर 2014 से)

- ❖ 8 अप्रैल, 2013 को नई दिल्ली में 'लोकल गवर्नेंस एट इंस्टिटयूट ऑफ सोशल साइंसेज' के माध्यम से 'डीपनिंग डेमाक्रेसी' पर आयोजित सम्मेलन में 'इब्सा एंड डेवलेपमेंट कोऑपरेशन' विषय पर इब्सा लोकल गवर्नेंस फोरम में प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किया।

- 10 अप्रैल, 2013 को सिंगापुर में आयोजित 'वर्ल्ड हैल्थ समिट' में 'एक्सटर्नल हैल्थ एड एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट : एमर्जिंग कोन्टोयर्स ऑफ इंडियन हैल्थ डिप्लोमेसी' पर प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किया।
- 17–18 अप्रैल, 2013 को बर्लिन, जर्मनी में 'ग्लोबल एथिक्स इन सांइस एंड टेक्नोलॉजी (जीईएसटी)' की चौथी पूर्ण बैठक में 'प्रायरिटीस इन फूड रिसर्च एंड एथिक्स फ्रेमवर्क' प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किया।
- 21 अप्रैल, 2013 को वाशिंगटन डी सी में विश्व बैंक में एशिया फाउंडेशन द्व ारा आयोजित 'डी–ब्रीफ्रिंग कान्फ्रेन्स ऑन एशियन एप्रोचेस टू डेवलपमेंट कोऑपरेशन' में 'एशियन एप्रोचेस टू डेवलपमेंट कोऑपरेशन' पर प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किया।
